kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-311 | बुधवार, 11 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं।

द्रौपदी मुर्मु

कांग्रेस देश को अस्थिर एवं खंडित करना चाहती है : भाजपा 11

श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में मिलेगी 25% छूट : धामी 12

## संक्षेप

### शिवराज ने की किसानों के साथ बात

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को हरियाणा और छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ बातचीत की और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। श्री चौहान ने यहां अपने कार्यालय में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि मोदी सरकार खेती किसानी के कल्याण और हित के प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार कृषि तथा किसान के विकास के लिए संकल्पित है। श्री चौहान प्रत्येक मंगलवार को किसानों और किसान प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक करते हैं और कृषि से संबंधित विभिन्न मुद्दों से पर चर्चा करते हैं। केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा करने वाले किसान संगठनों में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ, नौगामा खाप किसान संगठन जींद, सतरोल खाप सेवा समिति हिसार और नांदल खाप रोहतक के किसान शामिल रहे। इस दौरान किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के कृषि संबंधित कार्यों की प्रशंसा की और महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। श्री चौहान ने कहा कि किसानों का कल्याण केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### फतेहपुर में नूरी मस्जिद का अवैध निर्माण ढहाया गया

**फतेहपुर।** जिले के ललौली कस्बे की नूरी मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को प्रशासन ने मंगलवार को ढहा दिया।
बांदा-बहराइच राजमार्ग संख्या-13 के चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग ने मस्जिद के अवैध निर्माण वाले कुछ हिस्से को हटाने के संबंध में नोटिस दिया था, लेकिन मस्जिद प्रबंधन द्वारा अवैध निर्माण नहीं ढहाया गया था। ललौली थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) वृन्दावन राय ने मंगलवार को बताया कि बांदा-बहराइच राजमार्ग संख्या-13 के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे नूरी मस्जिद के करीब 20 मीटर हिस्से को अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया और अब उसका मलबा हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''कानून व्यवस्था बरकरार है। मस्जिद के इर्द-गिर्द करीब 200 मीटर के दायरे की सभी दुकानें बंद करवा दी गई हैं और चारों तरफ 300 मीटर के दायरे को सील कर दिया गया है। इस समय ललौली कस्बा पुलिस छावनी बना हुआ है। एसएचओ ने बताया कि ललौली कस्बे के चप्पे-चप्पे में पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान तैनात हैं तथा कस्बे में शांति व्यवस्था कायम है। राय ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने मस्जिद का कुछ हिस्सा हटाए जाने के लिए 17 अगस्त 2024 को एक नोटिस मस्जिद प्रबंधन समिति को दिया था, लेकिन मस्जिद प्रबंधन द्वारा इस पर अमल नहीं किया गया। इस बीच, नूरी मस्जिद प्रबंधन समिति के मुतवल्ली (प्रबंधक) मोहम्मद मोईन खान उर्फ बबलू खान ने बताया कि मस्जिद का एक भी हिस्सा ना ढहाए जाने को लेकर उनके अधिवक्ता सैयद अजीमुद्दीन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दाखिल की है, जिस पर 12 दिसंबर को सुनवाई होनी है। उन्होंने बताया कि ललौली की नूरी मस्जिद का निर्माण सन 1839 में हुआ था और यहां सड़क का निर्माण 1956 में हुआ।

# इंडिया गठबंधन का जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

एजेंसी



नयी दिल्ली। विपक्षी इंडिया समूह ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर सदन में कार्यवाही के दौरान पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है।

राज्यसभा के 72 वर्ष के इतिहास में किसी सभापति के खिलाफ पहली बार अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अब तक तीन बार अविश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि इंडिया गठबंधन ने सभापति के खिलाफ राज्यसभा सचिववालय को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस प्रस्ताव पर इंडिया गठबंधन के करीब करीब सभी दलों के 60 नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। श्री रमेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में वीडियो साझा करते हुए कहा, 72 साल में पहली बार विपक्ष की पार्टियों ने राज्य सभा में चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया है। ये दर्शाता है कि हालात कितने खराब हैं। राज्य सभा के चेयरमैन बड़े वकील हैं, संविधान की समझ रखते हैं, लेकिन जिस तरीके से उन्होंने सदन चलाया है, इंडिया गठबंधन को अविश्वास प्रस्ताव के लिए मजबूर होना पड़ा। अविश्वास प्रस्ताव राज्यसभा महासचिव को सौंपने के बाद इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा है कि यह विवशता में लिया गया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। राज्यसभा के सभापति का सदन में व्यवहार बहुत ही पक्षपातपूर्ण रहा है।

**अचरज**

- संविधान के अनुच्छेद 67 की व्याख्या पर टिका है धनखड़ के खिलाफ नोटिस का भविष्य
- प्रस्ताव पर इंडिया गठबंधन के करीब करीब सभी दलों के 60 नेताओं ने हस्ताक्षर किए

इंडिया गठबंधन के सूत्रों ने कहा आज सारी पार्टियां एक आवाज में कह रही हैं कि चेयरमैन साहब पक्षपात कर रहे हैं। राज्यसभा के माननीय सभापति द्वारा अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीक़े से उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन करने के कारण इंडिया समूह के सभी घटक दलों के पास उनके ख़िलाफ़ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। गठबंधन की पार्टियों के लिए यह बेहद ही कष्टकारी निर्णय रहा है लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में यह अभूतपूर्व कदम उठाना पड़ा है। यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के महासचिव को सौंपा गया है। जानकारों के अनुसार राज्यसभा में सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का नोटिस देना होता है। देश के उप राष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं और उनको हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव के राज्यसभा में सामान्य बहुमत से पारित होने के साथ साथ लोकसभा में भी सामान्य बहुमत के साथ सहमति जरूरी होती है। मौजूदा राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक का पलड़ा भारी है। सदन में राजग और उसके समर्थक दलों के सदस्यों की संख्या करीब 120 है। उपराष्ट्रपति पद ● शेष पेज 11 पर

### रिजिजू ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विपक्ष की आलोचना की

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने राज्सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। श्री धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा राज्यसभा सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिये जाने के बाद श्री रिजिजू ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री धनखड विद्ववान और नेक व्यक्ति हैं । वह बड़े अच्छे से सदन का संचालन करते हैं और समय समय पर सदन का मार्गदर्शन भी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के सामने अमेरिकी निवेशक जार्ज सोरोस और कांग्रेस के साठगांठ का गंभीर मामला आने के बाद से कांग्रेस घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

विहिप के कार्यक्रम में जज की टिप्पणी पर बवाल

# सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान हाईकोर्ट से मांगी जानकारी

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के विवादित भाषण की खबरों पर खुद संज्ञान लिया है। जस्टिस यादव के कथित भाषण पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से जानकारी मांगी है।

गौरतलब है, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की लीगल सेल की ओर से रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव ने कई टिप्पणियां की थीं, जिनपर अब विवाद गहरा गया है। सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान लेने से पहले न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग की।

वकील और गैर सरकारी संगठन न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) के संयोजक प्रशांत भूषण ने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ जांच की मांग की है। एनजीओ ने उन पर न्यायिक नैतिकता का उल्लंघन करने और निष्पक्षता तथा धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। भूषण ने पत्र में आरोप लगाया कि न्यायमूर्ति यादव ने एक समुदाय के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। इससे इलाहाबाद हाईकोर्ट के



न्यायाधीश के पद और न्यायपालिका को बदनामी झेलनी पड़ी। साथ ही कानून के शासन को कमजोर किया, जिसे बनाए रखने का काम उनका है। इतना ही नहीं, उन्होंने टिप्पणी की कि एक समुदाय के बच्चों को दया और अहिंसा के मूल्य सिखाए जाते हैं, और इसके लोगों को सहिष्णु होने के लिए पाला जाता है।

उन्होंने आगे पत्र में कहा, 'हाईकोर्ट के जज ने यह भी कहा कि जहां गाय, गीता और गंगा संस्कृति को परिभाषित करती हैं, जहां हर घर में हरबाला देवी की मूर्ति होती है और हर बच्चा राम होता है। ऐसा मेरा देश है। न्यायमूर्ति यादव ने कथित तौर पर बहुसंख्यक समुदाय के पक्ष में टिप्पणी की। इसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदुस्तान बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार काम करेगा और सुझाव दिया कि कानून बहुसंख्यकों के हितों के अनुरूप है। न्यायाधीश ने मुस्लिम समुदाय के भीतर की प्रथाओं की भी आलोचना की, जिसमें बहुविवाह, हलाला और ट्रिपल तलाक का संदर्भ दिया गया और इनकी तुलना हिंदू परंपराओं से की गई। इन टिप्पणियों में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है, जिसके कारण भारतीय संविधान में निहित धर्मनिरपेक्ष और समतावादी मूल्यों को कमजोर करने के लिए कड़ी आलोचना की गई है।

### कोविड एक अभूतपूर्व आपदा थी, टीकाकरण ने बचाई लोगों की जान : केंद्र ने न्यायालय को बताया

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि कोविड-19 महामारी एक ऐसी आपदा थी जो पहले कभी नहीं हुई और टीकाकरण ने लोगों की जान बचाई। यह दलील तब दी गई जब न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ दो महिलाओं की कथित तौर पर टीका लगने से हुई मौत से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कोविड एक ऐसी आपदा है जो पहले कभी नहीं हुई। इस पर महिला के माता-पिता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने जवाब दिया, ल्हम इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। हमारी राय इस पर अलग नहीं। दोनों महिलाओं के माता-पिता द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया कि कोविशील्ड टीके की पहली खुराक के बाद महिलाओं को टीकाकरण के पश्चात गंभीर प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) का सामना करना पड़ा। भाटी ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# अब चुनिंदा डाक्टर दे सकेंगे डीएल नवीनीकरण का मेडिकल सर्टिफिकेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आरटीओ कार्यालय में अब लाइसेंस नवीनीकरण के लिए सीएमओ की ओर से नामित चुनिंदा सरकारी डॉक्टरों की ही मेडिकल सर्टिफिकेट मान्य होगी। अभी तक आरटीओ कार्यालय में दलाल किसी भी निजी या परिचित डॉक्टर की ओर से बनाई हुई मेडिकल टेस्ट रिपोर्ट लगा देते रहे हैं। डीएम सूर्यपाल गंगवार के आदेश के बाद अब सीएमओ कार्यालय की ओर से 12 डॉक्टरों के नाम चयनित करके जल्द ही आरटीओ (प्रशासन) को दे दिए जाएंगे, ताकि डाक्टरों का आईडी, पासवर्ड जनरेट कर परिवहन विभाग की वेबसाइट पर लिंक कराया जा सके। इसके बाद लाइसेंस नवीनीकरण हो जाएगा। पिछले दिनों डीएम ने आरटीओ अधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें तय हुआ था कि डीएल रिन्यूअल में लगने वाला मेडिकल सर्टिफिकेट अब मैनुअली मान्य नहीं होगा।

डीएल रिन्यूअल के दौरान उम्र के अनुसार डॉक्टर की ओर से जारी मेडिकल

**नई व्यवस्था**

- स्वास्थ्य विभाग के लगाने होंगे चक्कर, 12 डॉक्टरों का होगा पैनल

सर्टिफिकेट की जरूरत होती है। इसका आशय होता है कि रिन्यूअल के समय आवेदक को स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत तो नहीं है। अभी तक की व्यवस्था के अनुसार यह सटिफिकेट मैनुअल जमा होता था। अब चूंकि आरटीओ की सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। ऐसे में इस व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। अब डॉक्टर की ओर से जारी मेडिकल सर्टिफिकेट को भी ऑनलाइन ही जमा करना होगा। इसमें किसी प्रकार की धांधली ना हो। इसको देखते हुए सीएमओ की ओर से डॉक्टरों का पैनल निर्धारित किया जाएगा। इन निर्धारित डॉक्टरों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) की ओर से एक लॉग इन आईडी और पासवर्ड दिया जाएगा। ये निर्धारित डॉक्टर ही आवेदक के ● शेष पेज 11 पर

# किसी भी विषय से दें सीयूईटी

एजेंसी

नई दिल्ली। सीयूईटी यूजी 2025 प्रवेश परीक्षा बड़े बदलावों के साथ होगी। अब छात्र किसी भी विषय में सीयूईटी यूजी परीक्षा दे सकेंगे चाहे उन्होंने 12वीं में वह विषय पढ़ा हो या नहीं। इसके अलावा सीयूईटी यूजी केवल कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड (सीबीटी) में आयोजित की जाएगी। यूजीसी के चेयरमैन जगदीश कुमार ने मंगलवार को इन बदलावों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा गठित एक विशेषज्ञ पैनल ने परीक्षा की समीक्षा कर कई बदलावों की सिफारिश की थी। कुमार ने कहा, 'पिछले साल हाइब्रिड मोड के उलट 2025 से परीक्षा केवल सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी। हमने विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 कर दी है और हटाए गए विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षा (जीएटी जनरल एप्टीट्यूट टेस्ट) के अंकों के आधार पर आयोजित किए जाएंगे।' आपको बता दें कि सीयूईटी यूजी स्कोर से डीयू, बीएचयू, जामिया, जेएनयू समेत देश के 250 से भी




ज्यादा विश्वविद्यालयों में दाखिला मिलता है।

उन्होंने कहा, 'उम्मीदवारों को सीयूईटी-यूजी में उन विषयों को चुनने की भी अनुमति दी जाएगी, जिन्हें उन्होंने कक्षा 12 में नहीं पढ़ा है, ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा में कठोर अनुशासनात्मक सीमाओं को पार करने की अनुमति मिल सके।' इसका मतलब है कि स्टूडेंट अंडर ग्रेजुएशन में किसी भी कोर्स में दाखिला ले सकता है चाहे उसने वह विषय 12वीं में पढ़ा हो या न पढ़ा हो, बस उसे एक सीयूईटी प्रवेश परीक्षा पास कर एडमिशन के जरूरी कटऑफ पर खरा उतरना होगा। 12वीं की स्ट्रीम कोई मायने नहीं रखेगी। छात्र अब अपने पिछले विषयों की परवाह किए बिना किसी भी फील्ड में यूजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीयूईटी 2025 में बदलावों पर बोलते हुए कुमार ने कहा कि

**सीयूईटी यूजी में फ़ेरबदल**

1- किसी भी विषय से दें सीयूईटी, 12वीं की स्ट्रीम या विषय मायने नहीं रखेंगे
2- सभी सीयूईटी यूजी परीक्षाओं के लिए 60 मिनट की समान अवधि होगी
3- वैकल्पिक प्रश्नों का सिस्टम खत्म होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।
4- सीयूईटी यूजी में विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 होगी।
5- पूरी सीयूईटी सीबीटी मोड में होगा। पिछले साल सीयूईटी हाईब्रिड मोड (पेन पेपर और कंप्यूटर बेस्ड दोनों) में हुआ था।
6- अब 6 की बजाय अधिकतम 5 विषयों में उपस्थित हो सकेंगे।

छात्र सीयूईटी यूजी के लिए अधिकतम 5 विषयों में उपस्थित हो सकेंगे, जबकि पहले यह सीमा 6 थी। इसी तरह परीक्षा की अवधि जो विषय के आधार पर 45 मिनट से 60 मिनट तक होती थी, अब सब विषयों की एक ही 60 मिनट होगी। परीक्षा में अब ऑप्शनल प्रश्न हटाए जाएंगे। अब सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।

## कंपनियों के निजीकरण के लिए न्यूनतम रिजर्व प्राइस 2000 करोड़ निर्धारित

लखनऊ। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने खुलासा किया है कि पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी क्षेत्र में दिए जाने के लिए न्यूनतम रिजर्व प्राइस के आधार पर आरएफपी की मंजूरी ली गई है। इस फैसले में औद्योगिक घरानों को बड़ा लाभ दिए जाने का खेल छिपा है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार कंपनियों की कुल परिसंपत्तियों का न्यूनतम 30 फीसदी नेटवर्थ होना जरूरी है। परिषद ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि पीपीपी माडल के तहत स्टैंडर्ड बिडिंग गाइड लाइन के विपरीत एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में रिजर्व प्राइस पर आरएफपी की मंजूरी लिया गया है। पांच नई बिजली कंपनियां जो बनेंगी उनके लिए मिनिमम रिजर्व प्राइस करीब 2000 करोड़ निर्धारित किया गया है। वहीं पूर्वांचल व दक्षिणांचल की कुल परिसंपत्तियां करीब 80000 करोड़ रुपये की हैं। पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने एनर्जी टास्क फोर्स को गैर सरकारी उपभोक्ताओं ● शेष पेज 11 पर

# महाकुम्भ 2025 में होगा दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। अगले साल जनवरी में संगमनगरी प्रयागराज में होने वाला महाकुम्भ 2025 श्रद्धालुओं की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा, वहीं योगी सरकार मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मदद से दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट कर नया इतिहास बनाएगी।




एक अनुमान के अनुसार इस बार महाकुम्भ में 40 करोड़ से 45 करोड़ के बीच श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज आ सकते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का सही आंकलन किया जा सके, इसके लिए योगी सरकार तकनीक के माध्यम से एक-एक श्रद्धालु का हेडकाउंट करने जा रही है। यह महाकुम्भ ही नहीं, बल्कि किसी भी बड़े आयोजन में दुनिया के अंदर सबसे बड़ा हेडकाउंट हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला प्रशासन एआई तकनीक के साथ ही कई अन्य विधियों के जरिए इस उपलब्धि को हासिल करने का प्रयास करने में जुट गया है। प्रयागराज में जब भी कुम्भ या महाकुम्भ का आयोजन होता है तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। हालांकि, अब तक इनकी संख्या को काउंट करने की कोई सटीक तकनीक नहीं थी। हालांकि, इस बार योगी सरकार एआई कैमरों के साथ ही कई अन्य तकनीकों का सहारा ले रही है, ताकि महाकुम्भ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की गिनती की जा सके और उन्हें ट्रैक भी किया जा सके। इस संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस बार महाकुम्भ 2025 में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है, जो अब तक का सबसे ● शेष पेज 11 पर

# मोबाइल फोन के अत्याधिक बेजा इस्तेमाल से बचे युवा : योगी

एजेंसी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा पीढ़ी के मोबाइल फोन के इस्तेमाल में अत्यधिक समय बिताने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा मोबाइल के अनावश्यक अत्यधिक इस्तेमाल से बचे।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि युवा अपना समय प्रकृति के बीच, रचनात्मक कार्यों, अध्ययन और कौशल विकास की गतिविधियों में बिताए। उन्होंने आगाह किया कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से संचालित न हों। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के जीवन से सीख लेने की बात करते हुए योगी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी रुचि के अनुसार लीक से हटकर कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए। यह क्षेत्र समाज सेवा, सामाजिक चेतना, महिला एवं बाल उत्थान, अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन या समाज से जुड़ा कुछ भी हो सकता है। हम किसी



भी एक क्षेत्र को चुनकर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में रुचि के अनुसार ईमानदारी और कठिन परिश्रम से कार्य करेंगे तो परिणाम अवश्य आएगा। उन्होंने कहा कि जीवन शॉर्टकट का मार्ग नहीं है। जीवन में सफलता के सतत प्रवाह के लिए परिश्रम और ईमानदारी का कोई विकल्प नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जीवन मे अधूरी तैयारी होगी, विजन और एक्शन नहीं होगा तो कन्फ्यूजन की स्थिति बनी रहेगी। जीवन का उद्देश्य सिर्फ डिग्री और नौकरी हासिल करना नहीं हो सकता। जीवन का उद्देश्य विराट होना चाहिए। यदि हम विजन के अनुरूप निष्ठा और ईमानदारी से प्रयास करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने यही साबित किया है। उन्होने कहा कि कालचक्र किसी की परवाह नहीं करता है, उसका प्रवाह निरंतर चलता रहता है। इसलिए हमें खुद को समय की धारा के अनुरूप तैयार करना होगा। समय के अनुरूप सोचने और चलने की आदत डालनी होगी। समय के अनुरूप खुद को तैयार न कर पाने वाले पिछड़ कर पिछलग्गू हो जाते हैं। कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम समय के अनुरूप समाज के प्रत्येक तबके को जोड़ते हुए टीम भावना के साथ समाज और देश हित के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं जब सामूहिकता की भावना और टीम वर्क से प्रयास किए जाएंगे तो परिणाम भी उसी के अनुरूप सार्थक आएंगे। उन्होंने कहा कि परिणाम ही प्रयास और तैयारी के स्तर का वास्तविक परिचय देता है। टीम वर्क और परिणाम के बीच साम्य को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने इंसेफ़ेलाइटिस नियंत्रण की सफलता को भी उद्धृत किया। उन्होंने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का बचपन इंसेफ़ेलाइटिस के दुष्चक्र में 1977 से लेकर 40 साल तक फंसा रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में पचास हजार से अधिक बच्चों की मौत हो गई। पहले उपचार की व्यवस्था नहीं थी। उपचार की व्यवस्था हुईए वैक्सीन आया तो वायरस ने अपना नेचर चेंज कर लिया। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो प्रदेश और केंद्र सरकार ने टीम भावना के साथ, डब्लूएचओए यूनिसेफ और अन्य संगठनों के सहयोग तथा सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय से मिलकर लड़ाई लड़ी। इसका परिणाम रहा कि 40 साल की समस्या का समाधान 2 साल में ● शेष पेज 11 पर

# बीकेटी में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में एक युवक का शव आलू के खेत के किनारे मिट्टी में पड़ा मिला।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू की तो वही परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया।मंगलवार सुबह बख्शी का तालाब थानांतर्गत नया अस्थल रैथा गांव निवासी किसान सोनू (40)वर्ष पुत्र स्व.राम औतार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रैथा गांव के पास आलू के खेत पड़ा पाया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू सोमवार शाम को घर से गांव के पास ही एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकला था,लेकिन देर रात तक वह घर वापस नही आया,हालाकि उसके परिजन उसकी तलाश में आस पास खोजबीन कर रहे थे,फिर भी कोई पता नहीं चल सका था।वही मंगलवार सुबह पास के गांव का ही एक व्यक्ति शौच के लिए गया था,तभी उसके एक युवक को आलू के खेत के पास अचेत



अवस्था में पड़ा देखा जिसकी जानकारी उसने गांव में दिया और यह ख़बर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फ़ैल गई,शव मिलने की सूचना पर सोनू के परिजन भी मौक़े पर पहुंचे और शिनाख्त की।वहीं घटना की सूचना पर थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर युवक की शिनाख्त करवाकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई थी,वही मौक़े पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटना के महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए।वही मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।वही इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी ऋषभ रुण्डवाल ने बताया कि घटना की जांच में टीमें लगी हुई है,तहकीकात चल रही है,जल्द घटना का असली मामला पता चल सकेगा और खुलासा हो सकेगा।वहीं मृतक की मां ने गांव के ही तीन युवकों पर बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है, मृतक की मां ने यह भी बताया कि मेरा बेटा शराब पीने का आदि था,गांव के ही तीनों युवक आए दिन बेटे की हत्या करने की धमकी दिया करते थे।


# गोसाईंगंज क्षेत्र में मिट्टी खनन के काम में लगे डम्फर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईंगंज क्षेत्र में मिट्टी खनन के काम में लगे डम्फर मानकों व नियम कानून को ताख पर रखकर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिससे राहगीर तो त्रस्त है लेकिन जिम्मेदार मस्त है।इसकी वजह कुछ भी हो लेकिन खनन माफियाओं की चांदी है। सरकार द्वारा आवेदक को आवश्यकता के अनुसार मिट्टी की खनन के लिए निर्धारित प्रक्रिया व शुल्क अदा करने के बाद अनुज्ञा प्रदान की जाती है।लेकिन उससे आम जन मानस को किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाए इसके लिए उचित मानक व दिशा निर्देश भी निर्धारित किये जाते है।लेकिन खनन माफिया अपने रसूख व पैसों के बलपर मानकों व नियम कानून को धता बताते हुए धड़ल्ले से खनन करते रहते हैं और मिट्टी लदे डम्फर सड़कों पर दौड़ाते रहते हैं।

डम्फरों की गायब रहती है नम्बर प्लेटें

एक ओर जहां किसी आम आदमी की गाड़ी की नम्बर प्लेट में कुछ भी कमी हो तो पुलिस कर्मी या यातायात कर्मी उसे रोंककर या ऑनलाइन चालान



कर देते हैं।वही दूसरी ओर मिट्टी खनन के कार्य मे लगे अधिकतर डम्फरों की नम्बर प्लेटें या तो गायब रहती है या फिर नम्बर प्लेट मिट्टी कालिक या अन्य किसी चीज से ढकी रहती है जिससे आसानी से उनका नम्बर नही पढा जा सकता है।फिर भी वह रातदिन लगातार सड़को पर दौड़ते रहते हैं। नही डालते त्रिपाल या पानी मिट्टी खनन के कार्य मे लगे डम्फरों के लिए नियम है कि यदि मिट्टी लदी है तो उसके ऊपर पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए और मिट्टी त्रिपाल से ढकी होनी चाहिए जिससे रास्ते मे मिट्टी न उड़े और राहगीरों को कोई समस्या न होने पाए।

अधिक दूर ले जाकर बेंचते है

मिट्टी मिट्टी खनन की अनुज्ञा दिए जाने पर यह भी निर्धारित कर दिया जाता है कि इस मिट्टी का खनन जिस कार्य के लिए किया जा रहा इसका उपयोग उसी कार्य के लिए किया जाए और शिफ्टिंग के मामले में इसकी दूरी भी निर्धारित कर दी जाती है।लेकिन खनन माफिया इन मानकों व नियमों को ताख पर रखकर मनमानी जगह पर मनमाने रेट में मिट्टी बेंचते रहते है।

मानक से अधिक कर डालते है खनन मिट्टी खनन की अनुज्ञा एक निश्चित गहराई तक मिट्टी खोदने के लिए दी जाती है लेकिन खनन माफिया बिना किसी डर के मानक के विपरीत काफी गहराई तक मिट्टी खोदकर बेंच डालते हैं जिससे एक तरफ जहां सरकार के राजस्व की हानि होती है वहीं दूसरी तरफ गहरे गड्ढे हो जाने से अक्सर दुर्घटनाएं भी हो जाती है। जिम्मेदारों की रहती है मेहरबानी खनन माफियाओं पर संबंधित विभागों के जिम्मेदारों की इतनी महरबानी बनी रहने की वजह कुछ भी हो लेकिन इससे आम जन मानस को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। खनन में लगे डम्फरों से हो चुके है कई हादसे मिट्टी खनन के काम लगे डम्फर चालक ज्यादा चक्कर लगाने के चलते अक्सर लापरवाही से डम्फर चलाते है जिसके चलते इनसे कई हादसे भी हो चुके है जिनमें लोगों को जाने भी जा चुकी है।लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इनके विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नही की जाती है जिसके चलते इनके हौंसले बुलंद रहते है।

क्या बोले जिम्मेदार

इस सम्बंध में खनन अधिकारी दिनेश कुमार आर्या ने बताया कि गोसाईंगंज क्षेत्र के मोहम्मद पुर व रसूलपुर आशिक अली इन गांवों में अनुज्ञा जारी की गई है।हाँलाकि इचवालिया गांव में भी मिट्टी खनन का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है।जिसकी खनन अधिकारी को या तो जानकारी नही है या फिर यह खनन अवैध रूप से किया जा रहा है।खनन अधिकारी ने यह भी बताया कि अनुज्ञाधारकों को अनुज्ञा देते समय ही सारे मानक व नियम कानून बता दिए जाते है।इसके बाद भी यदि उनके द्वारा मानकों के विपरीत कार्य किया जा रहा है तो गलत है।वहीं इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बिना नम्बर के चल रही गाड़ियों पर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी वहीं एडीसीपी साउथ राजेश यादव ने बताया कि इस तरह की कोई शिकायत उनके संज्ञान में नही है।

# राजकीय आईटीआई के रोजगार मेले में 310 परीक्षार्थियों का हुआ चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार राजकीय आईटीआई, अलीगंज में 9 और 10 दिसंबर 2024 को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में पहले दिन 9 दिसंबर को आयोजित लिखित परीक्षा में 1125 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 453 प्रशिक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।10 दिसंबर को इन प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार कंपनी की पांच टीमों द्वारा लिया गया। साक्षात्कार के बाद 310 प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया।



चयनित प्रशिक्षार्थियों को 28,000 रुपये मासिक वेतन पर जॉब ऑफर किया गया।संस्थान के ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खां ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के गौरव को और बढ़ाएगी।रोजगार मेले को सफल बनाने में कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह अनुदेशक जेड रहमान मकबूल कादिर और अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# रील्स, इंस्टाग्राम से बाहर निकलकर स्वस्थ समाज बनाने की जिम्मेवारी युवाओं पर : वरूण मिश्र

सुलतानपुर। शहर के बाधमण्डी स्थित जिम दारा फिटनेस क्लब में आयोजित जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी व कंाग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने युवाओं को फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम और रील्स से दूर रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि हम सुविधाओं का इस्तेमाल तभी कर सकते हैं जब हम पूर्ण रूप से स्वस्थ रहेंगे और पूर्ण रूप से स्वस्थ रहने का जरिया सिर्फ और सिर्फ व्यायाम है। उन्होंने कहा कि आज का नौजवान सोशल मीडिया का शिकार हो चुका है उसको लगता है कि मोबाइल से ही पूरी दुनिया संचालित होती है जबकि यह असलियत नहीं है उन्होंने कहा कि सुविधा देने के साधन कभी भी हमारा साध्य नहीं हो सकते उन्होंने कहा कि नौजवानों को इस टेक्नोलॉजी पर निर्भर रहने से बचना होगा और खेल ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे इसे दूर रहा जा सकता है। उन्होंने नौजवानों का उत्साह वर्धन किया और प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतियोगियों को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक वितरित किए। जिला आर्म रैसलिंग संगठन के अध्यक्ष शिवम पाठक ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किय, मैच रेफरी की भूमिका हिमांशु मिश्रा ने अदा की। इस अवसर पर रेसलिंग के पूर्व चैंपियन राहुल तिवारी, अजय मिश्रा, फिटनेस क्लब के मालिक दारा खान प्रवीण श्रीवास्तव शबाना खान उपस्थित रहे। प्रथम स्थान अंश ने प्राप्त किया दूसरे स्थान पर आदित्य विश्वकर्मा रहे वह तीसरे स्थान पर ऋतिक रहे जिन्होंने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर और काँस्य मेडल प्राप्त किया।

## मत्स्य विभाग की नीतियों के विरुद्ध मछुआ समाज में आक्रोश

सुलतानपुर। निषाद भवन, विनोवापुरी में जल कृषक विकास सेवा संस्था, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आह्वान पर सुलतानपुर जलवंशी समाज की मत्स्य जीवी सहकारी समितियों की बैठक की गई। बैठक में 14 नवंबर 2024 को मत्स्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश जो कि मछुआ समुदाय एवं मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के हित के विरुद्ध है की घोर निंदा की गई और उक्त दिशा निर्देश के विरुद्ध उच्च न्यायालय में जनहित याचिका योजित करने का संकल्प पारित किया गया।

उक्त अवसर पर जलवंशी समाज की समितियों के हक-अधिकार को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर छोटेलाल निषाद, उपाध्यक्ष सुनील कुमार निषाद, सचिव शिव वचन धुरिया, कोषाध्यक्ष गंगा राम निषाद, संगठन मंत्री महावीर निषाद सहित 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। उक्त अवसर पर जनपद सुलतानपुर की मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के अध्यक्ष/सचिव उपस्थित रहे।

## संधिग्ध परिस्थितियों में पखवारे भर से लापता हैं पंचायत सचिव, परिजनों से भी संपर्क टूटा

सुल्तानपुर। जिले के भदैया ब्लॉक क्षेत्र में तैनात एक पंचायत सचिव संदिग्ध परिस्थितियों में करीब 15 दिनों से लापता है। ब्लॉक कर्मचारियों से लेकर परिवारीजनों तक से उनका सम्पर्क टूट चुका है। 10 दिनों से लगातार उनका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। अनहोनी की आशंका से परिवारीजनों की उलझने बढ़ती जा हैं। मूलतःगोसाईंगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सैफुल्लागंज निवासी नील कमल कनौजिया भदैया ब्लॉक में पंचायत सचिव के पद पर विकास विभाग में कार्यरत हैं। वर्तमान में उनकी भदैया ब्लॉक के बाबलमपुर, सौराई, कैभा, बोखरेपुर समेत करीब दर्जन भर ग्राम पंचायतों में तैनाती है। बताया जाता है कि सचिव नील कमल सप्ताह भर की छुट्टी लेकर भुवनेश्वर जाने की बात कह कर घर से नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में निकले थे। 1 दिसंबर को उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करनी थी, परंतु 1 दिसंबर से ही उनका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। तब से आज तक किसी से कोई संपर्क नहीं हो सका है। नील कमल के भाई सुनील कुमार का कहना है कि काफी प्रयास के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। कहाँ हैं कैसे हैं कुछ पता नहीं चल रहा है। घर वाले अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं। उधर, बीडीओ भदैया पंकज गौतम से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि 6 दिन की छुट्टी लिए थे।

छुट्टी खत्म होने के बाद सपर्क करने की कोशिश की गयी, परंतु मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। कर्मचारी को उनके घर भी भेजा गया, लेकिन घर वाले भी कुछ बता पाने में असमर्थ रहे। उन्होंने बताया कि सचिव के ड्यूटी न आने की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है। हालाँकि अभी तक परिवारीजनों की ओर से कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

## क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए संघर्ष करना ही शिक्षित होने का प्रमाण है-श्यामलाल

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में विकास खण्ड भदैंयाँ के बौद्ध विहार, केनौरा में अंजुला बौद्ध के नेतृत्व में निःशुल्क मोस्ट पाठशाला का उद्घाटन किया गया, जिसका संरक्षण चंद्रभान बौद्ध के द्वारा किया जाएगा। मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल ञ्गुरूजीञ्ञ ने कहा कि शिक्षा समाज को सभ्य व आत्मनिर्भर होने की उच्चतम श्रेणी सिखलाती है और क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए संघर्ष करना ही शिक्षित होने का प्रमाण है। समाज की उन्नति और आत्मनिर्भरता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही संभव है इसलिए सर्वाधिक जोर बच्चों के पठन-पाठन पर दिया जाना चाहिए। इस मौके पर मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, जिला प्रमुख डा. गोविन्द भगत, डा. राहुल निषाद, पूर्व प्रधान रमेश कुमार बौद्ध, राम सेवक, बरसाती, लवकुश, आदर्श, राम सेवक बौद्ध, संदीप कुमार, लक्ष्मण, लालमणि, राजेन्द्र कुमार, करमवीर, ननकू, सुजीत कुमार, रंजीत राव, उर्मिला, राज कुमारी, सोनू कुमारी, संजू, सविता, ईशी, कुमकुम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने जीएसटी कमिश्नर उत्तर प्रदेश को दिया सुझाव पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । आगामी 21 दिसंबर 2024 को जीएसटी काउंसिल की होने वाली 55वीं बैठक में जीएसटी सुधारो के लिए व्यापारियों द्वारा कुछ महत्वपूर्ण बिंदु एक पत्र के माध्यम से क्व्ह्ट्ठ कमिश्नर उत्तर प्रदेश डॉ नितिन बंसल को दिया गया , क्व्ह्ट्ठ कमिश्नर उत्तर प्रदेश डॉ नितिन बंसल से अनुरोध किया गया कि कृपया इन सुझावों का अवलोकन करे, व्यापारी चाहते हैं कि यह बिंदु आप के माध्यम से जीएसटी काउंसिल तक पहुंचे और जीएसटी काउंसिल इन पर विचार कर जीएसटी की जटिलताओं को दूर करने हेतु आवश्यक निर्णय लेम व्यापारियों ने निम्नलिखित बिन्दु का मांग पत्र क्व्ह्ट्ठ कमिश्नर उत्तर प्रदेश को सौपा

जीएसटी में नोटिफिकेशन सर्कुलर बंद हो और सिर्फ सेक्शन रूल में बदलाव हो, जो भी चेंज हो वहीं सेक्शन को पढ़ते वक्त नजर आ जाए,



इससे जीएसटी को समझने में आसानी होगीम पता ही नहीं लगता कौन सा सेक्शन कौन से नोटिफिकेशन से प्रभावित है, पहले नोटिफिकेशन के बाद 10वां नोटिफिकेशन कब आ गया पता ही नहीं चलता , जैसे सेक्शन 9 को पढ़ते वक्त वहीं क्लियर हो किसपे किन शर्तों के साथ किस डेट से एप्लीकेबल हैम आप एक भी नोटिफिकेशन चूके और सब पढ़ पढ़ाया खराब, सबसे पहले कानून को सरल रूप में लिखा जाएम जब1 में क्व्ह्ट्ग एग्क्न्न आते ही हैं, तो फिर -9 में एक बार फिर से मांग कर क्यों काम बढ़ाया जा रहा हैम ये बंद होना चाहिए ।

एक पुराना फॉर्म है, इस समय जो आंकड़े उसमें आ रहे हैं विशेष तौर पर इनपुट क्रेडिट को लेकर उनके अनुसार यह फॉर्म अपने आप में एक विसंगति है, क्या क्व्ह्ट्ठट-9 और क्व्ह्ट्ठट-9ए को कर निर्धारण के समय ध्यान में रखा जाता है, जीएसटी के वार्षिक रिटर्न में कमियां हैं जिन्हें दूर कर एक नया और सरल फॉर्म बनाए जाने की सख्त जरूरत है, जिससे डीलर्स आसानी से यह बता सके कि वर्ष दे दौरान उनकी कर देयता कितनी थी ।

कमिश्नर उत्तर प्रदेश ने आश्वस्त किया कि आपका यह सुझाव पत्र जल्द ही जीएसटी काउंसिल को भेजा जाएगा म जीएसटी कमिश्नर उत्तर प्रदेश से मिलने वाले व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल में सर्वाधिक सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव के साथ अफ़ज़ल अहमद उपस्थित रहे।

# अटाला मस्जिद को मन्दिर बताने वाली याचिका का स्वीकार किया जाना असंवैधानिक : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने जौनपुर की ऐतिहासिक अटाला मस्जिद को मंदिर बताने वाली याचिका की पोषणीयता को जौनपुर की अदालत द्वारा स्वीकार कर लिए जाने को पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना बताया है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने कहा, सीजेआई करें जज पर कार्रवाई

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय से जारी बयान में शाहनवाज़ आलम ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इस अधिनियम की अवमानना करने वाले जज के खिलाफ़ कार्यवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम स्पष्ट तौर से कहता है कि 15 अगस्त 1947 के दिन तक जो पूजा स्थलों का जो भी चरित्र था उसमें कोई बदलाव नहीं हो सकता और उनको चैलेंज करने वाली कोई याचिका किसी भी कोर्ट में स्वीकार नहीं हो सकती। ऐसे में अगर निचली अदालतें इसकी अवमानना करती हैं और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश इस पर चुप रहते हैं तो इससे उनकी नीयत पर भी सवाल उठता है।

उन्होंने कहा कि ऐसी याचिकाओं की बाढ़ आना, निचली अदालतों से उन्हें स्वीकार कर लिया जाना और सुप्रीम कोर्ट का मूकदर्शक बने रहना साबित करता है कि देश का माहौल बिगाड़ने की साज़िश में न्यायपालिका का भी एक हिस्सा शामिल है। यह न्यायालय के सहयोग से किसी देश को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने का पूरी दुनिया में इकलौता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना पर सुप्रीम कोर्ट की संदेहास्पद चुप्पी पर सीजेआई को पूरे प्रदेश से एक लाख पत्र भेजकर उनकी चुप्पी की वजह जानने का अभियान पिछले 6 दिसंबर से चला रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान और क़ानून के शासन में यक़ीन रखने वाले राजनीतिक दलों को खुलकर पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

# यूपी में महंगी होती बिजली दर प्रदेश के आम आदमी के लिए एक गंभीर संकट : वंशराज दुबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने राज्य सरकार के बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि इस कदम से न केवल 50 हजार संविदा कर्मियों की नौकरियां जा रही हैं, बल्कि इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का सामना करना पड़ेगा।

श्री दुबे ने कहा, ''यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक तरफ राज्य सरकार जनता को सरकारी विभागों में कोई नई भर्ती नहीं दे रही है, दूसरी तरफ जो संविदा कर्मी पहले से ही काम कर रहे हैं, उनकी नौकरी भी छीन ली जा रही है। 50 हजार कर्मियों के बेरोजगार होने से उनके परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। यह सरकार की नाकामी का एक उदाहरण है, जो रोजगार सृजन के बजाय लोगों को बेरोजगार कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''यह सरकार जनता की भलाई की जगह निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने की सोच रही है। पहले से ही महंगी होती बिजली दरों का और बढ़ना प्रदेश के आम आदमी के लिए एक गंभीर संकट होगा। उन्होंने आगे कहा , ''बिजली का निजीकरण राज्य की जनता के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ बनेगा। निजी कंपनियां बिजली की दरों को बढ़ा सकती हैं, जिससे आम आदमी को महंगी बिजली का सामना करना पड़ेगा। पहले से ही महंगी बिजली की दरें और बढ़ने से गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी।''

उन्होंने आगे कहा, ''एक तरफ दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार जनता को मुफ्त बिजली दे रही है और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश सरकार अपने ही लोगों को महंगी बिजली और बेरोजगारी की ओर धकेल रही है। दिल्ली में बिजली की दरें कम करने और मुफ्त बिजली देने के द्वारा आम आदमी पार्टी ने साबित किया है कि कैसे एक जिम्मेदार सरकार अपने नागरिकों की भलाई के लिए काम करती है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार जनता के हितों को नजरअंदाज कर रही है। श्री दुबे ने सरकार से मांग की, ''सरकार को बिजली के निजीकरण के फैसले को वापस लेना चाहिए और प्रदेश के 50 हजार संविदा कर्मियों की नौकरी को बचाना चाहिए। सरकार का यह कदम न केवल बेरोजगारी बढ़ाएगा बल्कि प्रदेश के लोगों को भी आर्थिक संकट में डाल देगा।''

## जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सोरांव बना ओवरआल चैम्पियन

प्रयागराज,। बेसिक स्कूलों की जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप प्राथमिक स्तर पर होलागढ़ विकासखंड के मो. वारिश ने जीती। बालिका वर्ग में भी इसी विकासखंड की सगुन मिश्र ने परचम लहराया। उच्च प्राथमिक स्तर पर सोरांव के उज्ज्वल मिश्र व बहादुरपुर की दिव्यांशी ने चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। ओवरआल चैम्पियन सोरांव विकासखंड रहा।

सोरांव विकासखंड को कुल 384 अंक मिले, जबकि कौड़िहार और कोरांव की टीमें क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें क्रमशः 106 व 72 अंक प्राप्त हुए। पीटी में उरुवा प्रथम और सैदाबाद के विद्यार्थी द्वितीय रहे।

दो दिन चले इस आयोजन में लोकनृत्य, लोकगीत, अंत्याक्षरी, राष्ट्रीय एकांकी, पीटी, श्रुत लेख जैसी स्पर्धाएं भी हुईं। लोकनृत्य में सोरांव, धनूपुर व चाका, लोकगीत में उरुवा, कौड़िहार व सोरांव की टीम क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रही। अंत्याक्षरी में प्रतापपुर, सोरांव, कौड़िहार, राष्ट्रीय एकांकी में धनुपुर, कोरांव, प्रतापपुर, श्रुतलेख में आरुष, रोशनी व वर्षा निर्मल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को जिला विकास अधिकारी भोलानाथ ने पुरस्कृत किया। कहा, ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को मंच देते हैं। प्रत्येक विद्यालय में गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे नई प्रतिभाएं मिलेंगी।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध हिन्द साम्राज्य पार्टी ने किया प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। बांग्लादेश में जिस प्रकार से अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर वहां के कट्टरपंथी मुसलमानों द्वारा लगातार अत्याचार व सामूहिक नृशंस हत्याएं की जा रही हिंदुओं के घर और दुकान जलाए जा रहे हैं, तथा हिन्दू मन्दिरों पर हमला कर उन्हें तोड़ा जा रहा है, उसको लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर और बांग्लादेशी सरकार को चेताने के लिए बांग्लादेशी हिंदू रक्षा संघर्ष समिति, हिन्द साम्राज्य पार्टी तथा अन्य विभिन्न संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से लखनऊ में एक विशाल विरोध प्रदर्शन रैली निकाली गई। रैली प्रदर्शन लखनऊ विश्वविद्यालय मैदान से शुरू होकर अटल चौक और फिर कैपिटल सिनेमा के आगे तक हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में विशाल जन समूह की भागीदारी हुई और एक मत से बांग्लादेश की युनुस सरकार की निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर बांग्लादेश की अवैध रूप से सत्ता परिवर्तन कर बनी तानाशाह युनुस सरकार ने कट्टरपंथी मुसलमानों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार और नरसंहार को नहीं रोका तो भारत की जनता और भारत की सरकार बांग्लादेश को सबक सिखाएगी। हिन्द साम्राज्य पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने कहा कि इस विषय पर विश्व के तमाम देशों के साथ साथ संयुक्त राष्ट्र संघ और विश्व मानवाधिकार आयोग की चुप्पी बहुत ही आश्चर्यजनक है और यह इस बात को सिद्ध करता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाएं एक विश्व में होने वाली ऐसी हत्याओं पर दोहरा रवैया अपनाती और जानबूझकर हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। कुलदीप तिवारी ने आगे कहा कि अब पूरे विश्व का हिंदू जाग चुका है और अब वह ऐसे अत्याचार सहने वाला नहीं है। विश्व में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर होने वाले इस अत्याचार और हत्याओं का जवाब देना होगा।

# अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आधुनिक भारत में जनजातीय संस्कृति, पहचान और खेल पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज के मानव विज्ञान विभाग और शारीरिक शिक्षा विभाग ने आधुनिक भारत में जनजातीय संस्कृति, पहचान और खेल विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का हाइब्रिड मोड में सफल आयोजन किया। मिशन शक्ति फ़ेज़ 5 के अंतर्गत आयोजित इस संगोष्ठी में जनजातीय गौरव दिवस भी मनाया गया, जो हर वर्ष भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जीवन गाथा को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। इस संगोष्ठी की तिथि विश्व मानवाधिकार दिवस के साथ मेल खाती है, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया। यह संगोष्ठी बड़ी सफलता साबित हुई, जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से भाग लिया। ऑनलाइन प्रतिभागी देश के विभिन्न केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों से जुड़े थे और उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों का प्रतिनिधित्व किया। उद्घाटन सत्र की शुरुआत कॉलेज की प्रबंध समिति की प्रबंधक एवं सचिव प्रो. निशी पांडेय के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने जनजातीय संस्कृति, मौखिक परंपराओं और लोककथाओं के संरक्षण और प्रचार की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. पांडेय ने यह भी बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा का केंद्र अब सांस्कृतिक अध्ययन की ओर स्थानांतरित हो रहा है। संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. मौलिश्री शुक्ला ने संगोष्ठी के विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत की। इसके बाद सह-सचिव डॉ. सरिता सिंह ने मुख्य वक्ताओं प्रो. अंशु केडिया प्राचार्या, खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज और प्रो. अंजलि चौहान मानव विज्ञान विभागाध्यक्ष, श्री जय नारायण पीजी कॉलेज का परिचय दिया।

# बैंक कराएं लाभार्थियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण : निदेशक सूडा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सूडा भवन में बैंकर्स संग आयोजित आवश्यक बैठक में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों व स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सम्मुख बैंक से जुड़ी हुई जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द से जल्द निस्तारण बैंकों द्वारा कराया जाना चाहिए। लाभार्थियों से जुड़ी शिकायतों को सक्षम बैंक अधिकारियों द्वारा पूर्ण गंभीरता से लिया जाए व अभियान चलाकर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निदेशक सूडा ने कहा कि समस्याओं के निपटारे हेतु बैंकों को विभाग की ओर से पूरा सहयोग दिया जाता रहा है और आगे भी दिया जाता रहेगा। अतः मिशन मोड में शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जिससे पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# मानवाधिकार दिवस पर शिया पीजी कॉलेज में संगोष्ठी और जागरूकता रैली का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शिया पीजी कॉलेज के विधि संकाय में एक संगोष्ठी और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विधिक सेवा केंद्र, शिया पीजी कॉलेज और भारतीय प्रगतिशील युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम ''हमारे अधिकार, हमारा भविष्यः वर्तमान परिप्रेक्ष्य'' थी। मुख्य वक्ता प्रो. एस. सादिक हुसैन आबिदी प्राचार्य एवं इंचार्ज, विधि संकाय ने मानवाधिकार के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. अजय वीर सूचना अधिकारी ने राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग और भारतीय संविधान के संदर्भ में चर्चा की। वहीं विधिक सेवा केंद्र के निदेशक डॉ. वहीद आलम ने मानवाधिकारों की संकल्पना, उसकी परिभाषा और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 21 और न्यायपालिका के रुख पर भी विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य डॉ. एस. मोहसिन रज़ा ने छात्रों को मानवाधिकारों के संरक्षण और जागरूकता के लिए शपथ दिलाई। वहीं, उप निदेशक डॉ. उग्रसेन वर्मा ने समाज के वंचित वर्ग के लिए अन्य संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर काम करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वहीद आलम ने किया। संगोष्ठी के उपरांत, प्रो. एस. सादिक हुसैन आबिदी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली विधि संकाय से शुरू होकर मोहन मेकिंग रोड, इरादत नगर होते हुए मुमताज कॉलेज गेट पर समाप्त हुई।

## बिजली विभाग की छापेमारी में 21 लोग बिजली चोरी में धरे गए

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा अति संवेदनशील घनी आबादी वाले क्षेत्र के अन्तर्गत बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से तड़के सुबह सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। ये अभियान लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के निर्देश पर ऐशबाग डिविजन, चौक डिविजन, रेजिडेंसी व ठाकुरगंज डिविजन के अंतर्गत कुंडरी रकाबगंज, चित्तीखेड़ा, हुसैन मार्केट, हाता मातादीन, तंबाकू मंडी, महबूबगंज, अकबरगंज, जफरिया कॉलोनी व हरदोई रोड इलाके में चलाया गया था। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की अभियान के दौरान लो-कम्जम्शन, टैम्पर्ड मीटर, अवैध कटिया कनेक्शन, मीटर बाईपास आदि की चेकिंग की गयी। अभियान के दौरान कुल 111 कनेक्शन को चेक किया गया जिनमें से 22 जगह पर अनियमित पाई गई। इस दौरान 21 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पाया गया। बिजली चोरी करने वाले इन सभी 21 उपभोक्ताओं के ख़िलाफ एंटी पावर थीफ थाने में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी 21 उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल का कहना था की सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## मामूली विवाद में दो अलग-अलग जगह पर हुई मारपीट महिला समेत दो घायल

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग जगह पर मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में महिला समेत दो लोग घायल हो गए पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अट्टालिका रीट्रीट कॉलोनी पुरसैनी निवासी सत्यम तिवारी ने मोहनलालगंज पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते शनिवार की सुबह घर में घुसे बंदरों को भगाने के दौरान एक कंकड़ पड़ोसी सलीम की दीवार पर जाकर लग गया जिससे नाराज होकर सलीम व उनकी पत्नी ने मेरे गेट पर आकर मेरे साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई की और जान माल की धमकी दी। वहीं दूसरी घटना में नगर पुरसैनी निवासी पिंटू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की शाम जब मैं घर वापस आ रहा था तभी रास्ते में अमन व विक्रम ने मुझे रोक कर गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे वही शोर गुल सुनकर जब मेरी पत्नी गायत्री व भाई शिवमंगल जब मुझे बचाने आए तो उन्हें भी मारा पीटा जिससे सभी को काफी चोटें आई हैं वही शोर गुल सुनकर गांव वालों को आता देख विपक्षी जान माल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि मारपीट की घटनाओं में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## चिनहट क्षेत्र में हुआ पैदल गस्त

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत जलसेतु चौकी इलाके के लौलाई , काशीराम कालोनी में पुलिस ने किया पैदल गस्त। पुलिस ने पैदल गस्त कर आम जनमानस में कराया सुरक्षा का एहसास। एसीपी विभूति खंड राधा रमण सिंह, व चिनहट द्रु भरत पाठक, जलसेतु चौकी प्रभारी दिनेश तिवारी, कांस्टेबल राहुल, मनीष रिंकू रामकृष्ण सिंह के अलावा कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## प्रकृति भारती में खेल-कूद, शारीरिक बौद्धिक शिविर का आयोजन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलाल गंज क्षेत्र स्थित प्रकृति भारती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में खेल-कूद , बौद्धिक एवं शारीरिक शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय गौ सेवा प्रमुख नवल किशोर, प्रचारक राहुल जी व जिला कार्यवाहक डां अजीत ने संयुक्त रूप से किया गया। खेलकूद व शारीरिक , बौद्धिक में कहानियां व अंताप छड़ी की दो दिवसीय शिविर में 124 बच्चों ने प्रतिभाग किया , दो दिवसीय शिविर 7 व 8 दिसम्बर को मोहनलाल गंज स्थित प्रकृति भारती में आयोजित हुई । जिसमें लवल , धनवारा , सिसेंडी समेत लगभग एक दर्जन गांवों के 124 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर दिनेश , उमेश खंड कार्यवाह गिरीश , सह खंड कार्यवाह समर, रूपेंद्र व कुलदीप मुख्य रूप से रहे। जिसमें खंड प्रचारक अभिषेक व अश्वनी , शुशील ने मुख्य भूमिका निभाई कार्यक्रम का समापन संग्राम जी व कोमल रहे ।

## नगराम में 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के असली गढ़ी गांव निवासी प्रदीप रावत बीते सोमवार रात फांसी लगाकर जान दे दी , युवक परिजनों को बिना बताए घर से निकल गया था। परिजनों के मुताबिक प्रदीप सोमवार शाम घर से बिना बताए चला गया था जब प्रदीप की खोज-बीन करते हुए गांव के बाहर खेत में लगे नीम के पेड़ की डाल से प्लास्टिक की रस्सी से लटकता मिला, ग्रामीणों की मदद से परिजन प्रदीप (28) को कनकहा के एक अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी दीनावती व माता भगवान देई को घटना की जानकारी हुई तो अचेत हो जमीन पर गिर पड़ी , मृतक के एक तीन माह का लड़का व तीन साल की एक लड़की है। बताया जा रहा है कि प्रदीप शराब पीने का आदी था । नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने किसी कोई आरोप नहीं लगाया है।

# समावेशी, सम्मानजनक, सशक्त जीवन दिव्यांगता वाले बच्चों का अधिकार, कार्यशाला में मीडिया समेत सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों एवं बच्चों ने की सहभागिता




**वैश्विक अनुमान के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 240 मिलियन बच्चे दिव्यांगता के साथ जी रहे हैं - डॉ अमित मेहरोत्रा**

**यूनिसेफ भारत में मना रहा अपना 75वां वर्ष**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। समावेशी दुनिया बनाने के लिए दिव्यांगता वाले बच्चों के अधिकारों पर केंद्रित एक राज्य मीडिया कार्यशाला का आयोजन यूनिसेफ द्वारा मंगलवार को मानवाधिकार दिवस एवं यूनिसेफ दिवस की पूर्व संध्या पर किया गया। कार्यशाला में मीडिया सहित बच्चों के लिए कार्य कर रहे विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने एवं सरकारी स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख डॉ ज़कारी ऐडम ने कहा कि यूनिसेफ भारत में अपना 75वां वर्ष मना रहा है। इस दौरान सरकार एवं अन्य हितधारकों के साथ मिल कर बच्चों के अधिकारों के लिए यूनिसेफ द्वारा किए गए कार्यों को सफल बनाने में मीडिया की भूमिका अहम रही है। उन्होंने आगे भी बच्चों के अधिकारों के लिए मिल कर कार्य करने के लिए मीडिया का आह्वान किया एवं सभी को बाल अधिकारों का संरक्षण करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए यूनिसेफ की संचार विशेषज्ञ निपुण गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है। दिव्यांगता वाले बच्चों के भी समान अधिकार हैं। हालाँकि, दिव्यंगता वाले बच्चों को अपने अधिकारों को पाने के लिए कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। तो हमें मिल कर एक ऐसा वातावरण बनाना होगा जहां बच्चे बिना बाधाओं के सुगम तारीके से अपना जीवन जी सकें। वैश्विक आंकड़ों की बात करते हुए यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अमित मेहरोत्रा ने कहा कि वैश्विक अनुमान के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 240 मिलियन बच्चे दिव्यांगता के साथ जी रहे हैं। उन्हें स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सहित बच्चों के अधिकारों और कल्याण के सभी संकेतकों में कई अभावों का सामना करना पड़ता है। ऐसे बच्चों को विभिन्न प्रकार की हिंसा सहित बाल संरक्षण उल्लंघनों का सामना करने की अधिक संभावना होती है। दिव्यांगता वाले बच्चों के प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में भाग लेने की संभावना 25 प्रतिशत कम होती है। यदि वे शिक्षा आरंभ भी करते हैं तो भी प्राथमिक शिक्षा के बाद उनकी पढ़ाई छूट जाती है। इन बच्चों में उच्च माध्यमिक विद्यालय से बाद ड्रॉप आउट होने की संभावना 27 प्रतिशत अधिक होती है। कार्यक्रम में सरकारी स्कूलों से आए बच्चों जिनमें बेसिक स्कूल मलेसियामऊ के मोहम्मद सादिक़ कॉम्पोजिट स्कूल कुशलगंज काकोरी के दिलकश, प्राथमिक विद्यालय हजरतगंज की कामिनी गुप्ता एवं प्राथमिक विद्यालय नौबस्ता की आयुषी कुमारी ने अपने मन की बात साझा की। उन्होंने अपने सपनों और अपनी पसंद के विषय में चर्चा की।

# विश्व शौचालय दिवस दस लोगों को डीपीआरओ ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ।विश्व शौंचालय दिवस पर राजधानी के चिनहट ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा अनौरा कला निवासी हरिश्चंद्र यादव को व्यक्तिगत शौचालय की साफ सफाई तथा उचित देखभाल के लिए डीपीआरओ लखनऊ हिमांशु शेखर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में चिनहट ब्लॉक से सामुदायिक शौचालय की उचित देखभाल के लिए केयर टेकर रमादेवी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। सरोजिनी नगर से केयरटेकर रीता देवी मोहनलालगंज से अंजलि गोसाईगंज से सुषमा माल ब्लॉक से गीता तथा काकोरी से विमला देवी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसी में व्यक्तिगत शौचालय की समुचित देखभाल तथा साफ सफाई के लिए मंजू मीना रीता विंदे प्रसाद को डीपीआरओ हिमांशु शेखर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के लखनऊ जिला अध्यक्ष अमित राज यादव ने विश्व शौचालय दिवस पर राजधानी से सम्मानित होने वाले सभी लोगों को बधाई दी है।

# करझन गांव में दिखा तेदुआ, ग्रामीणों में दहशत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

काकोरीलखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के करझन गांव के खेतों में देखे गए हिंसक जानवर के पग चिन्ह के निशान। खेतों में पंजे के निशान देखकर ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल है स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पंजे के निशान की जांच पड़ताल की। काकोरी के करझन गांव में किसान हंसराम यादव के खेत में सुबह-सुबह हिंसक जानवर के पग चिन्ह दिखाई पड़े। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर देखा तो तेंदुए के पग चिन्ह होने की पुष्टि की। वहीं इस संबंध में लखनऊ एसडीओ हरी लाल ने बताया कि पग चिन्ह तथा वीडियो से पुष्टि हुई है कि लेपड (तेंदुआ) के निशान है ग्रामीणों को सतर्क किया गया है रात में अकेले अपने घरों से न निकले तथा खेतों में न जाए ना।

## नगराम का युवक साइबर ठगी का हुआ शिकार , डेढ़ लाख गंवाए

नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम कस्बा निवासी एक युवक का साइबर फ्रॉड ने चंद रूपयों का फायदा दिखाकर लाखों रूपए हड़प दिए । नगराम कस्बा ब्रह्मण टोला निवासी विवेक बाजपेई ने नगराम थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 6 दिसंबर को ऑनलाइन ऐप मोबाइल पर पार्ट टाइम इनकम के लिए एक मैसेज आया , जिसको लोड कर पीड़ित ने कुछ रुपए लगाए और गेम की शुरुआत की , आनलाइन गेम में कुछ रुपए का फायदा हुआ। फिर एक मैसेज आया जिसमें एक टास्क और पूरा करने के लिए 5000 हजार रुपए और लगाने की बात कही गई, पीड़ित द्वारा 5000 रूपए लगाए गए , पता चला कि उक्त धनराशि फीज हो गया, साइबर फ्रॉड मैसेज के माध्यम से और रूपए लगाए जाने की बात कही गई बारी बारी से 1,52112 रूपए हड़प लिया। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक साइबर फ्रॉड की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## फर्जी वसीयतनामा तैयार कर जमीन कराई अपने नाम मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत एक मृत व्यक्ति का कूट रचित वसीयतनामा तैयार कर बेस कीमती जमीन अपने नाम करा लेने का आरोप लगाते हुए मृतक के वारिस ने मुकदमा दर्ज कराया है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली गांव निवासी शिव बहादुर सिंह ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि रिश्ते में मेरे दादा मनसा सिंह की मृत्यु लगभग 50 वर्ष पूर्व हो गई थी जिनके नाम से खुजौली गांव में बेस कीमती भूमि थी। वही हसनगंज उन्नाव के बल्लू खेड़ा निवासी दिनेश कुमार सिंह की नियत उक्त जमीन पर खराब हो गई और उन्होंने कूट रचित वसीयतनामा एक सादे कागज पर तैयार कर मृतक मनसा सिंह को अपना दादा बताते हुए फर्जी गवाहो के बयान से सन 1975 में एक सादे कागज पर कराए गए फर्जी वसीयतनामे के आधार फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व कूटरचित वसीयतनामे के आधार पर दिनेश सिंह ने 1997 में अपने नाम उक्त संक्रमणीय भूमि को करा लिया जबकि मेरे दादा मनसा सिंह की मृत्यु उक्त वसीयतनामा के पूर्व सन 1973 में हो गई थी। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया दिव्यांग एकता महासम्मेलन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद सीतापुर । मंगलवार को सदर तहसील के अंतर्गत गांव विशुननगर चौराहे पर आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के तत्वावधान में दिव्यांगों का दिव्यांग एकता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि बेबी अभिषेक गुप्ता रहे इस अवसर पर दिव्यांगो ने वंदना स्वागत गीत , भजन ,रजनीश, अभिषेक, बबलू, अनीता पाल आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि बेबी अभिषेक गुप्ता ने कहा कि ऐसे दिव्यांगजन जो शिक्षा, चिकित्सा आदि कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग जनों का सम्मान समारोह आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती निधि बंसल ,दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी राजकुमार, परियोजना निदेशक पीडी अमित कुमार चौधरी,

लोकपाल डॉक्टर अरविंद कुमार यादव, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुफल पाल, कनिष्ठ लिपिक उदित श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन महरोत्रा,हाजी जावेद अहमद, नवोदय विद्यालय से अर्चना पाठक ने कार्यक्रम में संबोधन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भागीरथ, कौशल किशोर यादव, महबूब, उत्तम ,अनूप कुमार, आदि लोगो ने काफी सहयोग प्रदान किया। । दिव्यांगों के उत्थान के लिए कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित । इसी अवसर पर काफी सहयोगी जन मौजूद रहे। कार्यक्रम में सिलाई मशीन कालिंद्री ,मानसी, मोमिना खातून ,सीमा , आरती को दी गई व वृद्धजन व पत्रकारों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और 510 दिव्यांगों को कंबल वितरण किया गया । फाउंडेशन के संरक्षक शुभम गुप्ता आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला, प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या, कोषाध्यक्ष विजय पाल, जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्या, फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का प्रारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय नवाचारी- शिक्षण विधियों के प्रयोग हेतु माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का प्रारम्भ ईश्वर वंदना तथा प्रेरणा गीत से किया गया। प्रथम दिवस के प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण के पश्चात सत्र का प्रारंभ हुआ। सत्र में गणित प्रवक्ता श्रीमती मनीषा द्वारा गणित के नवाचारी शिक्षण विधियों पर चर्चा की गई। जिसमें प्रोजेक्ट कार्य तथा अनुशासनात्मक ढंग से पढ़ाई करके गणित विषय में प्रयोग कर विषय को रुचिकर कैसे बनाया जा सकता है। साथ ही गणितीय अंकों का जादू जैसी कुछ रोचक गतिविधियां भी करायी गयी। वैदिक गणित को भी नवाचारी शिक्षण में शामिल कर गणित को आकर्षक बनाया जा सकता है। गक्ष्‍ 2020 के अनुसार किसी भी विषय को रटने के बजाय समझकर सीखना ही विषय के लिए नवाचार हैद्यजिससे बच्चों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। गणित विषय में भांति है कि'' गणित कठिन विषय है'' को कैसे सरल और सहज विधियों के माध्यम से दूर किया जा सकता है। प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों ने सहर्ष रुचि दिखायी और इन विधियों के साथ-साथ और नई -नई विधियों का प्रयोग एवं क्रियान्वयन विद्यालय करने हेतु आश्वस्त किया। प्रशिक्षण का उद्?देश्य विद्यार्थियों में विषय के प्रति लगाव और अपनापन दिखे। जिससे वे आने वाले भविष्य में इसका अधिक से अधिक प्रयोग अपने' जीवन में कर लाभांवित हा सके। इस ऑब्जर्वर 74 विद्यालयों से आए शिक्षक तथा शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में मौजूद थे। 11 दिसंबर को प्रशिक्षण का अंतिम दिन होगा।

# विकास के नाम पर मुकदर्शक बने प्रधान व सचिव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर। जनपद में जहा जिलाधिकारी द्वारा जीरो टोलरेंस का पालन कराया जा रहा है । वही जनपद की लगभग ग्राम पंचायते भ्रष्टाचार में डूबी जा रही है । अब सवाल यह उठता है कि जब जिलाधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ इतने कडे निर्देश दिए गए है। फिर भी संबंधित अधिकारी उनके आदेशो की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए है। ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक आपस मे गठजोड़ कर सरकारी धन को बड़े पैमाने पर चूना लगाया जा रहा है । हम बात कर रहे है विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत कुनेहटा लक्ष्छी रामपुर जहा विकास के नाम पर सरकार को लाखो रुपयो का पलीता लगाया गया है ।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर सात बार में लगभग 356000 रुपयो

**प्रधान,सचिव,पंचायत मित्र की तिकड़ी से विकास के नाम पर लाखों का घोटाला**

**विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचयात कुनेहटा लक्ष्छी रामपुर**

का भगतान कराया गया है जिसमे काफी अनिमितायें बर्ती गयी है। यही नही पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल चित्रकारी , पेन्ट , गेट अवशेष उच्चीकरण कार्य के नाम पर दो बार मे लगभग 309000 रुपयो का भुगतान कराया गया है। जिसकी ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच करने की मांग की है । यही नही पूर्व माध्यमिक विद्यालय में टाइलीकरण , व्हील चेयर , ठेलिया मरम्मत आदि के नाम पर लाखों रुपयों का भुगतान कराया गया है।

# श्री महावीर जी ला कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा जिला कारागार का शैक्षणिक परिभ्रमण एवं मानवाधिकार संरक्षण हेतु जन जागरुकता रैली निकाली गई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में श्री महावीर जी ला कॉलेज सीतापुर के छात्र-छात्राओं ने जिला कारागार सीतापुर का शैक्षणिक परिभ्रमण किया एवं मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में मानवाधिकारो की रक्षा के लिए जन जागरुकता रैली निकाली। जिला कारागार अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह के निर्देशन में जेलर अरविंद श्रीवास्तव द्वारा छात्रों को जिला कारागार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई एवं उन्हें अपराध से दूर रहने की नसीहत भी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जनपद न्यायाधीश श्री नरेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा छात्र-छात्राओं को विधि के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई एवं मानवाधिकार संरक्षण में छात्रों की भूमिका की सराहना की । जिला कारागार अधीक्षक के दिशा निर्देशों के अनुसार डिप्टी जेलर के द्वारा छात्र-छात्राओं को जेल परिसर के पाठशाला,पाकशाला, गोशाला,हस्पताल ,शुलीगृह आदि का परिभ्रमण कराया गया। जिला कारागार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्यवहार छात्र-छात्राओं के प्रति सराहनीय रहा। जिला कारागार परिभ्रमण के पश्चात छात्र-छात्राओं ने जिला कारागार से चलकर लालबाग चौराहे तक मानवाधिकार संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली निकाली। श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के श्री महावीर जी ला कॉलेज सीतापुर के विभागाध्यक्ष रामानुज पांडे के साथ प्रवक्ता आकाश मिश्रा बोधेंद्र अवस्थी रोली एवं लक्ष्मी प्रजापति के साथ छात्र-छात्राएं महिमा सुजैन आकांक्षा चांदनी कृतिका अर्चना विनीता साक्षी देवकीनंदन जानू साहिना कैफ सुनाक्षी पुनम ज्योति तृप्ति किरन अरमान असीत शीतल अंशिका हिमांशु रजत अनुज अभीजित श्यामू प्रिया रीतू सोनल अंजू आरजू प्रज्ञा दीपिका राखी कैहकसा निशा घनश्याम मोहित आदित्य सत्यम रितेश प्रियांशु योगेश हामिद आफताब अंकित आलोक अभिषेक कार्तिक सूरज जितेंद्र अभय उमेश हार्दिक अनुराग पवन हर्षित सीतांशु नितिन अमन नैमिष शिवम उदय आदि छात्र-छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला कारागार का शैक्षणिक परिभ्रमण किया एवं जन जागरूकता रैली में भाग लिया ।

# बारह सूत्रीय मांगों के लिए सांकेतिक धरना जिला प्रशासन द्वारा मिले आश्वासन पर समाप्त यकिसान मंच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर !विगत दो दिसंबर को किसान मंच द्वारा मा0मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया था !कोई भी कार्यवाही न होने पर आज दस दिसंबर को संगठन द्वारा सांकेतिक धरने की शुरुआत की गई !राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक अधिकारी भेज कर बारह सूत्रीय मांगों में जिले से संबंधित 9 बिन्दुओं पर कार्रवाई हेतु तीन सप्ताह का समय मांगा गया है ! महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अल्पना सिंह ने कहा कि विगुल की शुरुआत हो चुकी है !जिला प्रशासन जिस तरीके से सच को समझेगा हम सभी संघर्ष के लिए तैयार है !अगर तीन सप्ताह में किए गए वादे पर अमल नहीं किया गया फिर किसान मंच दोबारा धरना प्रदर्शन करेगा !जिला अध्यक्ष राकेश बाजपेई ने कहा कि अगर जरुरत होगी फिर हम सभी सड़कों पर संघर्ष करेंगे !जिला संयोजक नवल किशोर मिश्रा ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है हम किसानों मजदूरों की कोई भी सुधि लेने वाला नहीं है !एकजुटता के साथ हम सभी को अपनी आवाज बुलंद कर अपने हकों के लिए संघर्ष करना होगा !धरना स्थल पर विजय कुमार सिंह,मुन्नी चौधरी, हाशमी,श्री कृष्ण पाल, लीलावती (नीलम)उत्तम मौर्या, मनोज कुमार,हशमत अली,अशोक कुमार,आराधना सिंह,मो0नफीस, आयुष भारती,कामता पाल,राकेश कुमार श्रीवास्तव,शोभा लोधी,राकेश कुमार,रिजवान,बन्नो सिंह,पुनीत कुमार सिंह,लल्लन सिंह, धीरेन्द्र कुमार,विशाल सिंह,विजय कुमार गुप्ता,राम रानी,हरवंश कुमार,सोहन लाल मौर्य,राम कुमार सहित काफी लोग उपस्थित थे !

# गोधरा कंांड से पूरा देश मर्माहत हुआ था, फिल्म के रूप में सच्चाई सामने आई : अभिषेक गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**गोधरा के सत्य को उजागर कर रही है फिल्म द साबरमती रिपोर्ट**

सीतापुर। खैराबाद नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा खैराबाद नगरवासियों,नगरपालिका सभासद, कर्मचारी व भाजपा के स्थानीय पदाधिकारीयों के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म स्थानीय चंद्रा मैरिज लान में बड़ी एल.ई.ड़ी को लगवाकर दिखाया गया। ' द साबरमती रिपोर्ट' देखने के बाद अभिषेक गुप्ता ने कहा यह फिल्म अपने-आप में बहुत कुछ कह रही है. सबसे पहले तो 1947 में धर्म के आधार पर जो आधा अधूरा बंटवारा हुआ वो आज भी कहीं ना कहीं जिन्न बनके कभी गोधरा में कभी बांग्लादेश में तो कभी कहीं और सामने आ रहा है. दूसरी बात जो इसें कहीं गई है कि सच पर झूठ की जितनी मर्जी परतें चढ़ा ली जाएं, एक दिन वो सच सामने जरूर आता है. वही नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्ता ने कहा इस फिल्म को देखने के बाद एक बात स्पष्ट हो गई कि गोधरा की घटना के बाद कितने सत्य देश से छुपाए गए थे इस फिल्म को देखने के बाद सनातन धर्म के अनुयायियों को यह पता चलेगा कि आतंक समर्थक हमारे लिए कैसा रवैया रखते हैं कैसे हिंदुओं के स्वाभिमान को छुपाने के लिए एक मिशनरी हमेशा कार्य करती है। अभिषेक गुप्ता ने कहा हम भारतीय जनता पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता होने का मुझे जितना गर्व था इस फिल्म को देखने के बाद वह गर्व स्वाभिमान में परिवर्तित होकर इतना बढ़ गया है जिसका कोई अंकन नहीं हो सकता। भारतीय जनता पार्टी हमेशा सनातन की रक्षा के लिए कार्य करती रहती है। वही युवा ब्यवसाई व पत्रकार गौरव अग्रवाल ने कहा फिल्म युवा वर्ग को अवश्य देखनी चाहिए और खास कर उन लोगों को देखनी चाहिए जिनको झूठे इंजेक्शन रूपी साजिश के माध्यम से फर्जी भाईचारे की क्लासेस दी जा रही है। हालांकि सनातन धर्म विश्व बंधुत्व की बात करता है लेकिन सनातन धर्म झूठे भाईचारे का कभी समर्थन नहीं करता। इस अवसर पर अनूप विष्वकर्मा, रोमिल गुप्ता,आलोक बाजपेई, विष्णु गौतम,उमेश जैसवाल, कुलदीप जैसवाल, संदीप मिश्र, प्रह्लाद शास्त्री, विवेक विश्वकर्मा, पुनीत सिंह, राम किशोर जैसवाल,संदीप गुप्ता, सुनील मौय, सौरभ दीक्षित, मनोज राणा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया

खैराबाद। मोहल्ला कमाल सराय निवासी नीलकंठ उर्फभोला पुत्र लालता प्रसाद ने थाना खैराबाद में कल देर रात तहरीर देकर बताया कि वह रात 8:30 पर कमल सराय संगत से घर जा रहा था तभी बिना नंबर की हांडा मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग क्रमशः तौहीद पुत्र सगीर अयान पुत्र साबिरअली निवासी कमाल सराय तथा ललित कनौजिया पुत्र गजराज निवासी निकट एआरटीओ कार्यालय खैराबाद ने उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया तथा बुरी तरीके से मारने पीटने लगे आवाज सुनकर मोहल्ले वाले इकट्ठे होने लगे जिन्हें देख कर तीनों हमलावर भाग निकले पीड़ित नीलकंठ ने थाना खैराबाद में इसकी तहरीर दी जिस पर थाना खैराबाद में तीनों हमलावरों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है इस संबंध में जब थाना अध्यक्ष अनिल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा हमलावरों की तलाश की जा रही है उन्होंने बताया कि एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है बाकी की तलाश जारी है गिरफ्तार हमलावर का नाम फिलहाल बताने से मना किया है।

# भाजपा के नव निर्वाचित बूथ अध्यक्षों का बुधवार से होगा भौतिक सत्यापन

**एजेंसी**

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने मंगलवार को रोहनिया स्थित पार्टी के कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव 2024 के निमित्त बनाए गए चुनाव पर्यवेक्षक, जिला चुनाव अधिकारी संग बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि पार्टी के संगठन पर्व 2024 के तहत चल रहे संगठनात्मक चुनाव में बूथ अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। 12 व 13 दिसम्बर को इन बूथ अध्यक्षों का भौतिक सत्यापन होगा। इसके साथ ही उनको मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के भेजे गए अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में संजीव चौरसिया ने कहा कि भाजपा परिवारवादी पार्टी नहीं है बल्कि परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में सहमति के आधार पर काम करना है। बूथ की मजबूत संरचना से प्रत्येक चुनाव जीतना संभव है। इसलिए संगठनात्मक चुनाव में सक्रिय और समर्पित लोगों को जोड़ना है। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वग्राही संगठन की संरचना तैयार करना है। जिसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व समाहित हो। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष पद के चुनाव के पूर्व 13 से 15 दिसम्बर तक मंडल स्तर पर बैठक करें। बैठक में मंडल के सामाजिक समीकरण पर चर्चा करें तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष की योग्यता रखने वाले कार्यकर्ता के नामों की चर्चा करें। उन्होंने कहा कि इन नामों में से तीन नामों का पैनल बनाकर उसकी सूची क्षेत्र को सौपें। 17 दिसम्बर को लखनऊ में होने वाली काशी क्षेत्र की बैठक में इन नामों पर मुहर लगेगी। 18 दिसम्बर को चयनित नाम का नामांकन होगा एवं 19 दिसम्बर को सोहार्द पूर्ण वातावरण में मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा होगी व उनका अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2019 एवं इसके बाद 2022 में मंडल अध्यक्ष रह चुका व्यक्ति पुनः मंडल अध्यक्ष नहीं बन सकता है। मंडल अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है। दो बार सक्रिय सदस्य रह चुका व्यक्ति ही मंडल अध्यक्ष बन सकता है। उन्होंने पार्टी के चुनाव अधिकारियों से कहा कि मंडल? अध्यक्ष पद के चयन के समय सामाजिक समीकरण के साथ ही महिलाओं की दावेदारी का विशेष ध्यान रखें। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के उपरांत जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी।

बैठक में प्रदेश सह चुनाव अधिकारी राजेंद्र तिवारी ने कहा कि संगठन पर्व के पहले चरण में बूथ गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। अब दूसरे चरण में हम मंडल गठन तथा जिलें के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की ओर बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में फाइनल लड़ाई का केन्द्र बूथ है। एक्टिव बूथ अध्यक्ष और एक्टिव बूथ समिति के गठन के साथ ही मंडल स्तर पर संगठनात्मक गठन की प्रक्रिया की ओर अब हम आगे बढ़ रहें है। बैठक में स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल,संचालन शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने किया।

बैठक में प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सिंह सैनी, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, एमएलसी अश्वनी त्यागी, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, अनामिका चौधरी, अशोक चौरसिया, संतोष पटेल,महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, नागेंद्र रघुवंशी, राजेश राजभर, डॉ सुदामा पटेल,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह प्रभारी संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर,अखंड प्रताप सिंह सहित काशी क्षेत्र के सभी 16 जिलों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# जिला विज्ञान क्लब की मॉडल प्रदर्शनी में प्रियंका राठौर का महिला सुरक्षा उपकरण रहा विजेता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में संचालित जिला विज्ञान क्लब, सीतापुर द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, महाविद्यालय के प्राचार्य फादर सजीमन, समन्वयक डॉक्टर योगेश चंद्र दीक्षित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

ईशा, वेरोनिका, गुनगुन, दीप्ति राजदीप तथा देवांश ने ईश्वर वंदना प्रस्तुत की । इसके उपरांत अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने कहा कि युवाओं को शैक्षिक पाठ्यक्रम से अलग समाज को देने के लिए भी शिक्षित करने की आवश्यकता है। विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजन से निश्चित थी विद्यार्थियों को यह अवसर प्राप्त होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मे

जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने युवा वैज्ञानिकों से अपनी झिझक छोड़ अपनी भावनाओं को कला-संस्कृति, नाटक, वैज्ञानिक मॉडल, प्रोजेक्ट आदि किसी न किसी रूप में प्रकट करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सचिव तथा जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल की सराहना करते हुए उनकी सहभागिता हेतु शिक्षक मार्गदर्शकों को प्रशंसा की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ योगेश चंद्र दीक्षित ने इस अवसर पर जिला विज्ञान क्लब के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा भविष्य में आने वाले कार्यक्रमों के विषय में भी बताया।

निर्णायक मंडल में सम्मिलित रहे डॉ राजीव द्विवेदी, डॉ विपिन कुमार तथा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरेश सिंह ने कृषक इंटर कॉलेज की प्रियंका राठौर के महिला सुरक्षा उपकरण को प्रथम स्थान आरबीएसबीएस कमलापुर के उत्कर्ष को जैव विविधता एवं संरक्षण को द्वितीय व डीजे कॉलेज खैराबाद के ललित और प्रवेश भार्गव द्वारा बनाई गई गाना काटने की आधुनिक मशीन को तृतीय स्थान दिया। जबकि डीपी वर्मा मेमोरियल की आयुषी, शिखा, प्रतीक्षा, अंशिका, पल्लवी द्वारा ऊर्जा की मित व्ययिता के साथ स्मार्ट सिटी वाले मॉडल को तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल की चर्चिका एवं आस्था को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष लगभग 35 विद्यालयों के 100 से अधिक मॉडल विज्ञान प्रदर्शनी में सम्मिलित होने पर जिला विज्ञान क्लब की उपाध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ योगेश चंद्र दीक्षित तथा सभी विद्यालयों के मार्गदर्शकों की विशेष रूप से सराहना की। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर फादर जॉनी ने किया तथा उप्राचार्य फादर सजीमन फिलिप ने आगंतुकों को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता श्रीवास्तव ने किया।

## जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सोरांव बना ओवरआल चैम्पियन

प्रयागराज। बेसिक स्कूलों की जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप प्राथमिक स्तर पर होलागढ़ विकासखंड के मो. वारिश ने जीती। बालिका वर्ग में भी इसी विकासखंड की सगुन मिश्र ने परचम लहराया। उच्च प्राथमिक स्तर पर सोरांव के उज्ज्वल मिश्र व बहादुरपुर की दिव्यांशी ने चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। ओवरआल चैम्पियन सोरांव विकासखंड रहा। सोरांव विकासखंड को कुल 384 अंक मिले, जबकि कौड़िहार और कोरांव की टीमें क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें क्रमशः 106 व 72 अंक प्राप्त हुए। पीटी में उरुवा प्रथम और सैदाबाद के विद्यार्थी द्वितीय रहे। दो दिन चले इस आयोजन में लोकनृत्य, लोकगीत, अंत्याक्षरी, राष्ट्रीय एकांकी, पीटी, श्रुत लेख जैसी स्पर्धाएं भी हुईं। लोकनृत्य में सोरांव, धनूपुर व चाका, लोकगीत में उरुवा, कौड़िहार व सोरांव की टीम क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रही। अंत्याक्षरी में प्रतापपुर, सोरांव, कौड़िहार, राष्ट्रीय एकांकी में धनुपुर, कोरांव, प्रतापपुर, श्रुतलेख में आरुष, रोशनी व वर्षा निर्मल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### क्राउड कंट्रोल के लिए योगी सरकार की खास प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस मेले में रहेगी तैनात

# महाकुम्भ में घुड़सवार पुलिस देगी सुरक्षा का भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- भारतीय ब्रीड के घोड़ों के साथ अमेरिकन और इंग्लैंड ब्रीड के घोड़े भी महाकुम्भ में भीड़ नियंत्रण का करेंगे काम
- जल और थल दोनों स्थानों में उत्तर प्रदेश की माउंटेड पुलिस करोड़ों श्रद्धालुओ की राह सुगम करने के लिए है खास रूप से है प्रशिक्षित
- महाकुम्भ में 130 घोड़े और 166 पुलिस कर्मी व स्टाफ किये गए हैं तैनात
- कुम्भ मेले की ड्यूटी में तैनात घोड़ों के डाइट व चिकित्सकीय सुविधा का रखा जा रहा खास ध्यान

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में क्राउड कंट्रोल के लिए योगी सरकार की खास प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस मेले में तैनात रहेगी। महाकुम्भ में जल और थल दोनों स्थानों में उत्तर प्रदेश की प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस करोड़ों श्रद्धालुओं की राह सुगम करने के लिए खास ट्रेंड है। पुलिस के जवान जहां पैदल नही पहुंच पाएंगे, वहां माउंटेड पुलिस जाकर श्रद्धालुओं की राह आसान करेगी। इसके लिए 130 घोड़े और 166 पुलिस कर्मी व स्टाफ तैनात किये गए है। इसमें भारतीय ब्रीड के घोड़ों के साथ अमेरिकन और इंग्लैंड ब्रीड के घोड़े भी महाकुम्भ में भीड़ नियंत्रण का काम करेंगे। मेले की ड्यूटी में तैनात घोड़ों के डाइट का और उनकी चिकित्सकीय सुविधा का खास ध्यान रखा जा रहा।

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माउंटेड पुलिस की भूमिका अहम होगी। भीड़ नियंत्रण और कठिन क्षेत्रों में गश्त के लिए माउंटेड पुलिस का उपयोग कुशलता और प्रभावशीलता का प्रतीक है। इनके मजबूत प्रशिक्षण और शानदार घोड़ों की सहायता से, कुम्भ मेला पुलिस बल न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि कुम्भ के विशाल आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। घुड़सवार पुलिस की मौजूदगी भीड़ में अनुशासन बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुरक्षा का भरोसा देने का काम करेगी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि घोड़ों को विशेष तरीके से ट्रेंड किया गया है। घोड़ों को मुरादाबाद और सीतापुर ट्रेंनिंग सेंटर में प्रशिक्षित किया गया है। महाकुम्भ को देखते हुए माउंटेड पुलिस को खास ट्रेंनिंग कराई गई है, जिससे ये श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचा सकें, बल्कि भीड़ को नियंत्रित करते हुए उनके लिए सुगम राह बनाएं। माउंटेड पुलिस थल के साथ ही पानी मे भी जाकर क्राउड मैनेजमेंट करने में दक्ष है। घुड़सवार पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक प्रेम बाबू ने बताया कि महाकुम्भ मेले के लिए सेना से अमेरिकन बाम ब्लड, इंग्लैंड का थ्रो नस्ल का घोड़ा खरीदा गया है। इसके अलावा भारतीय नस्ल के घोड़े भी है। इनमें से कुछ घोड़े सेना से भी खरीदे गए है। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि रोजाना घोड़ों को महाकुम्भ मेला क्षेत्र की भौगोलिक स्थितियों से परिचय कराने के लिए घुड़सवार पुलिस सुबह और शाम मेला क्षेत्र में गस्त पर निकलती है। घोड़ों के लिए तीन पशु चिकित्सक भी नियुक्त किये गए है। उन्होंने बताया कि फोर्स में 4 से 5 साल की उम्र के घोड़े आते हैं जो 20 साल की उम्र में रिटायर हो जाते है।

## चंबल में तेंदुओं का आतंक

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के बढ़पुरा इलाके के पुल की मढैया गांव के पास तेंदुआ का आतंक बढ़ता जा रहा है।

गांव वालो ने तेंदुए की आवाजाही को मोबाइल फोन में कैद कर लिया है। वायरल हो रहे वीडियो में साफ साफ देखा जा रहा है कि बकरी का शिकार करने एक बाद तेंदुआ दुबारा मौके पर आया और बकरी को खींच कर ले गया। वन विभाग रेंज अफसर अशोक कुमार शर्मा ने मंगलवार को बताया कि गांव के पास का क्षेत्र आरक्षित वन क्षेत्र है। जिसमें तेंदुआ, लकड़बग्घा व अन्य जंगली जानवर रहते हैं। गांव के लोगों को सुरक्षित रहने के लिए बीहड़ के आसपास नहीं जाना चाहिए। वन विभाग पहले भी लोगों को बीहड़ के आसपास मवेशियों को न ले जाने के प्रति चेता चुका है।

बढ़पुरा क्षेत्र में गांव पुल की मढैया में दिन के समय तेंदुए ने दिनदहाडे खेत पर चारा चर रही बकरी पर हमला कर दिया। तेंदुआ बकरी को घसीटकर बीहड़ की ओर ले जा रहा था। तभी ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग गया। इस पर गांव के लोगों ने मृत बकरी के पास मोबाइल रखकर दोबारा मृत बकरी को लेने आने का वीडियो बना लिया। जो कि मोबाइल में कैद हो गया। तेंदुए की गांव में चहलकदमी से गांव के लोगों में दहशत बनी हुई है।

# करुणा का भूमंडलीकरण समय की मांग: कैलाश सत्यार्थी

एजेंसी

गोरखपुर। प्रख्यात समाज सुधारक और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि करुणा का भूमंडलीकरण करना समय की मांग है। करुणा को सिर्फ दया या परोपकार की तरह नहीं लिया जा सकता, यह सामान्य मानवीय गुण नहीं बल्कि दैवीय शक्ति है।

श्री सत्यार्थी ने मंगलवार को यहां महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हमें जीवन में चेतना और प्रज्ञा की यात्रा में करुणा के महत्व को समझना होगा। चेतना बुद्धि का विकास करती है तो इस चेतना को प्रज्ञा तक जाने के लिए करुणा का होना अपरिहार्य है। करुणा का अर्थ दूसरों की तकलीफ को अपनी तकलीफ की तरह महसूस करना और उसे दूर करने के लिए पूरी सामर्थ्य से जुट जाना है। उन्हें खुशी है कि आज वह करुणामय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हैं। उन्होंने कहा योगी जी मानवता के उद्धार का कार्य पूरी तन्मयता से कर रहे हैं। हर नागरिक का भी यही सपना होना चाहिए।ङ्क श्री सत्यार्थी ने कहा कि आज दुनिया जितनी विभाजित और विखंडित है, उतनी कभी नहीं थी। दो अरब लोग युद्धों में या हिंसा के प्रभाव में जी रहे हैं। 46 करोड़ बच्चे युद्धों के शिकार हैं। पूरी दुनिया में जो समाधानकर्ता हैं उनका संबंध पीड़ितों से टूटता गया और दोनों के बीच खाई बढ़ती गई। इस खाई को भरने के लिए नैतिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी को एहसास करना होगा। समाज सुधारक ने कहा कि दुनिया आज जितनी अमीर और कनेक्टेड है, उतनी कभी नहीं थी। आज हर सप्ताह दो बिलेनियर पैदा होते हैं। यदि हम युद्धों के एक सप्ताह के पैसे दे दें तो पूरी दुनिया के बच्चों को शिक्षा दी जा सकती है। युद्धों के दस दिन के पैसे दे दें तो दुनिया के हर गरीब बच्चे और महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था की जा सकती है। श्री सत्यार्थी ने एक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि करीब 25 वर्ष पूर्व गोरखनाथ के आस पास नेपाल के बच्चों से दुकानों पर काम कराने की जानकारी होने पर वह दिल्ली में युवा सांसद योगी आदित्यनाथ से मिलने उनके दिल्ली के फ्लैट पर गए थे। उनके फ्लैट पर साधारण तख्त और कुर्सियां थीं। चुम्बकीय आकर्षण वाली मुस्कुराहट के साथ योगी को जैसे ही उन्होंने बाल श्रम के बारे में बताया उन्होंने फौरन फोन मिलाकर इस समस्या को समाप्त करने का आदेश दिया।

## भाजपा संगठन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का होता है पूर्णतया पालन : भूपेन्द्र चौधरी

एजेंसी

कानपुर। देश की एकमात्र पार्टी भाजपा है, जहां संगठन का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से कराया जाता है। यही नहीं, भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, फिर भी यहां पर ऐसी व्यवस्था है। इन दिनों संगठन का चुनाव चल रहा है और उत्तर प्रदेश में अब तक 80 प्रतिशत बूथों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। आगामी 15 दिसम्बर से मंडल अध्यक्षों के चुनाव प्रारम्भ होंगे तथा निर्वाचित बूथ अध्यक्षों का सत्यापन भी इसी अवधि में होगा। यह बातें मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के संगठन चुनाव की बैठक में कही। भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों के जिला चुनाव अधिकारियों, जिला पर्वेक्षकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं मंडल चुनाव अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी मंडल अध्यक्षों के संगठन चुनाव को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश चुनाव सह अधिकारी मुकुट बिहारी वर्मा ने की। उन्होंने जानकारी दी कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 20,845 बूथों में से 16,887 बूथों पर अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा शेष बूथों के चुनाव भी आगामी दो दिनों में पूरे कर लिए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि 13 से 16 दिसंबर तक बूथ अध्यक्षों के सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। सत्यापन टोली का गठन 11 दिसम्बर तक कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक संरचना लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर आधारित है और प्रत्येक स्तर पर समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह, विधायक नीलिमा कटियार, जयप्रकाश चतुर्वेदी, विंध्यवासिनी कुमार, कमलावती सिंह, प्रियंका रावत, कामेश्वर सिंह, वीरेंद्र तिवारी, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद कन्नौजिया, पूनम द्विवेदी, पवन प्रताप सिंह, सुनील तिवारी, अनीता गुप्ता, आनंद राजपाल, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे, दिनेश कुशवाहा, मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### 9 माह की गायब बच्ची का पानी के टंकी में मिला शव शव

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गांव रामकरन पट्टी निवासी सुदर्शन गुप्ता के छोटे बेटे बिट्टू गुप्ता का सोमवार को बरात जाना था।अपने भाई के विवाह में अपने ससुराल से उसकी बहन आई हुई थी। सोमवार के शाम को जब सब लोग बारात में जाने की तैयारी में लगे थे तभी बिट्टू की बहन अपने दो बेटियों में सबसे छोटी बेटी को लेने घर में गई तो देखा कि उसकी बेटी बिस्तर पर नहीं है। घर में अन्य लोगों से पूछताछ करने पर जब बेटी का कुछ पता नहीं चला तो घर के लोगो का होश उड़ गया और घर के अगल बगल उसकी खोजबीन होने लगी।नवजात के गायब होने पर पूरा घर दुख में डूब गया है। अपने भगिनी के गायब होने की खबर पाकर बारात लेकर जाने की तैयारी कर रहे युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया और बारात गांव से घर वापस आ गया। बहुत समझाने के बाद केवल लड़के को शादी के लिए लोग भेजने में सफल हो पाए। और घटना की जानकारी तमकुहीराज पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की थी।दूसरी ओर मंगलवार को प्रातः सुदर्शन गुप्ता के घर से सटे उनके पट्टीदार के घर छत पर लगे पानी की टंकी से नवजात का शव मिलने से हड़कम्प मच गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। हर कोई यह सवाल कर रहा कि 09 माह के इस नवजात से किसकी क्या दुश्मनी हो सकती है।भाई के शादी में आई बहन को क्या पता था कि वह जिस खुशी में शामिल होने जा रही, वह उसके लिए कलंक का टीका बन जायेगा। नवजात की माँ कभी अचेत हो रही, तो कभी यह कह दहाड़ मार रो रही कि वह अपने नवजात को लेकर ससुराल वालों के सवालों का क्या जवाब देगी।

### आज़म ने सपा से की रामपुर का मुद्दा संसद में उठाने की अपील

**रामपुर।** पुत्र अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सीतापुर जेल में निरुद्ध समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान ने अपनी पार्टी के सांसदों से रामपुर का मुद्दा संसद में उठाने की अपील की है। आज़म खान ने जेल से एक पैगाम जारी किया है। जारी पैगाम रामपुर के जिला अध्यक्ष अजय सागर ने अपने लेटर पैड पर जारी किया है जिसमें कहा गया है कि सपा सांसद रामपुर में हुऐ जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाएं जितना कि सम्भल का, क्योंकि रामपुर के सफल तजुर्बे के बाद ही सम्भल पर आक्रमण हुआ है। उन्होने लिखा है कि रामपुर की बर्बादी पर इण्डिया गठबंधन खामोश तमाशायी बना रहा और मुसलिम लीडरशिप को मिटाने पर काम करता रहा। इण्डिया ब्लाक को अपनी स्थिति स्पष्ट करना होगी अन्यथा मुसलमानों के हालात और भविष्य पर विचार करने के लिये मजबूर होना पडेगा।

### देश के भविष्य निर्माण के कर्णधार है बच्चें: गिरीश चंद्र यादव

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य निर्माण के कर्णधार हैं इसलिए उन्हें स्वस्थ रहना आवश्यक है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय दो दिवसीय 46 वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह में अपने संबोधन के दौरान उन्होने मंगलवार को खेल से जुड़ने के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां शरीर में प्रवेश नही कर पाती है। उन्होंने कहा कि गावों में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने 46 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को शुभकामनाए दी और कहा कि एसे आयोजन से युवाओं को मंच मिलता है। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कहा कि जिस व्यक्ति ने शुरूआती जीवन में खेल को आत्मसात कर लिया वह किसी भी परिस्थिति में उत्साहहीन नही हो सकता है। खेल को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। बच्चों को शुरूवात से ही खेल से जोड़ने के निर्देश दिया उन्होने कहा कि खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव से मुक्ति मिलती है। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है, शिक्षा के साथ ही खेल को बढावा दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है बस उन्हे एक मंच मिलने की आवश्यकता है।

### बुलंदशहर में घरेलू कलह में ले ली मासूम पुत्र की जान

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के पहासू क्षेत्र में घरेलू कलह के चलते एक कलयुगी पिता ने अपने ही मासूम पुत्र की हत्या कर दी। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक देहात रोहित मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि पहासू थाना क्षेत्र के गांव सोही निवासी कन्हैया अमरपुर गांव स्थित ईंट भट्ठे पर चौकीदारी का कार्य करता है। कुछ दिनों पहले उसका अपनी पत्नी खुशबू से विवाद हो गया था। गुस्से में खुशबू अपनी बेटी को लेकर मायके अलीगढ़ चली गई थी जबकि तरुण (6) पिता के पास ही रह रहा था। सोमवार रात कन्हैया तरुण को लेकर चौकीदारी करने के लिए ईंट भट्टे पर चला गया तथा वहां शराब पी। रात के समय अतरुण ने अपनी मां से मोबाइल फोन पर बात करने की जिद की जिस पर पिता ने उसको डांट फटकार लगाई ।

## प्रभारी मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। स्थानीय कस्बे के बघौचघाट मोड़ पर कुशीनगर के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

पहले से तय कार्यक्रम के तहत प्रभारी मंत्री सामूहिक विवाह समारोह तमकुहीराज में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान भाजयुमो कुशीनगर के जिलापाध्यक्ष सत्यम शुक्ला और नगरपंचायत फाजिलनगर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी पशुपति जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता उनका स्वागत करने के लिए गाजे बाजे के साथ तैयार थे। जैसे ही प्रभारी मंत्री बघौचमोड़ पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत के बाद मंत्री ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सुभासपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदीप राव, फाजिलनगर मंडल उपाध्यक्ष विजय मिश्रा, सुभासपा से रत्नेश सिंह धीरज, मण्डल महामंत्री दुर्गेश सिंह, संतोष वरनवाल, भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता, भाजयुमो से प्रिंस सिंह राजपूत, जसबीर सिंह, नितेश मिश्रा, ग्रामप्रधान नागेंद्र गुप्ता, राज तिवारी, सुभासपा से अतुल पाण्डेय सहित ढेरों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा टीम ने छात्राऔ को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर। एसपी के निर्देश पर मिशन शक्ति फ़ेज-5 अभियान के तहत थानों की महिला सुरक्षा टीम की ओर से मंगलवार को पडरौना क्षेत्र के जीनियस पब्लिक स्कूल सिधवा स्थान में छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जानकारी दी गई। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस से मदद लेने की सलाह दी गई। महिला उप निरीक्षक चंदा यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया गया। साइबर अपराध से संबंधित मामलों के लिए हेल्पलाइन नंबर-1930 पर संपर्क करने की बात कही। साथ ही 1090-वीमेन पॉवर हेल्प लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एंबुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रबंधक और प्रधानाचार्य उपेंद्र कुमार यादव,शिक्षक रवि कुशवाहा,नित्यानंद मलिक, बलराम पांडेय,संतोष मलिक, जितेंद्र सिंह,ब्यास गुप्ता,राकेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अतहा परगना व ब्लॉक सफीपुर जिला उन्नाव के अंतर्गत गठित होने वाली प्रस्तावित मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड अतहा की खुली बैठक कार्यवाही दिनांक 14.12.2024 को अपराह्न 12 बजे बरम्बाबा निकट पंचायत घर ग्राम खोखापुर में आहुति की जानी है जो भी इच्छुक व्यक्ति समिति की सदस्यता लेना चाहता हो वह मुख्य प्रवर्तक श्री होरीलाल से मिलकर सदस्यता ग्रहण कर सकता है ।

होरीलाल, प्रस्तावित मुख्य प्रवर्तक


# महाराष्ट्र, पंजाब सहित अनेक प्रदेशों में प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आंदोलन के समर्थन मे प्रदेश के सभी जनपद परियोजनाओं और राजधानी लखनऊ में बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार बिजली कर्मियों ने कार्य नहीं प्रभावित होने दिया किंतु काली पट्टी बांधकर अपनी फौलादी एकता का परिचय दिया और निजीकरण के विरोध में निर्णायक संघर्ष का संकल्प लिया। 11 दिसंबर को लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की मीटिंग सुनिश्चित है जिसमें उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में किए जा रहे बिजली के निजीकरण के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति है जिसमें देश के सभी प्रमुख बिजली कर्मचारी फ़ेडरेशन तथा पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फ़ेडरेशन और आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन सम्मिलित हैं। लखनऊ में हो रही मीटिंग में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमेन शैलेंद्र दुबे सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के अध्यक्ष आर के त्रिवेदी ,सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़ ,इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, नेशनल कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑफिसर्स एसोसिएशन के के अशोक राव और ऑल इंडिया फ़ेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के सेक्रेटरी जनरल मोहन शर्मा सम्मिलित होंगे।

बिजली कर्मचारियों ,डिप्लोमा इंजीनियरों और इंजीनियरों के फ़ेडरेशन की अपेक्स बॉडी की इस बैठक के पीछे कारण बताया गया है कि उत्तर प्रदेश में एक तरफा ढंग से किए जा रहे बिजली के निजीकरण को लेकर देश भर में बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त है इसीलिए कोऑर्डिनेशन कमिटी की मीटिंग लखनऊ में हो रही है जिसमें राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों के समर्थन में आज महाराष्ट्र और पंजाब के बिजली कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किए और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि कर्मचारी और उपभोक्ता विरोधी निजीकरण का प्रस्ताव तत्काल वापस लिया जाय। उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ सहित प्रत्येक जिले में बिजली कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से मुख्य अभियन्ता स्तर तक के अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर एकजुटता दिखाई।भोजन अवकाश में और कार्यालय समय के बाद बिजली कर्मचारियों ने कार्यालय के प्रांगण में निजीकरण के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय,सुहैल आबिद, पी.के.दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आर वाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आर बी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, मो0 इलियास, श्री चन्द, सरयू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, ए.के. श्रीवास्तव, के.एस. रावत, रफीक अहमद, पी एस बाजपेई, जी.पी. सिंह, राम सहारे वर्मा, प्रेम नाथ राय एवं विशम्भर सिंह ने एक बार पुनः प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि तत्काल हस्तक्षेप कर कर्मचारी विरोधी निजीकरण निरस्त करवायें ।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | PRG-SMU-2024 |
| कार्य का विवरण | Minor Catering Unit under SMU-BPL at Prayag Jn. (PRG) Railway station. ID PRG/PF-2&3/209/Addl/ at Platform No. 2/3 Document Attached FM-11-2022, FM-15-2022, FM-18-2022 & Site Plan |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ (समस्त लाट) | 16.12.2024 at 10:00 Hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 at 10:30 Hrs |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

वरिष्ठ मण्डल, वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

3790/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मनरेगा में हो रहा भ्रष्टाचार,डीसी मनरेगा बने अनजान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले में पड़री कृपाल ब्लॉक में केंद्र सरकार की महत्वकांछी योजना मनरेगा दरियापुर हरदो पट्टी,टिका रिया गाँव और भिटीपट खोली गाँव में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रही है।फर्जी हाजिरी का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है,जँहा एक तरफ मोदी और योगी सरकार लगातार भृष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को साथ बैठक कर कड़े निर्देश दे है वही गोण्डा जनपद के जिम्मेदार अधि कारी कही न कही भृष्टाचार को बढ़ावा दे रहे है जिला मुख्यालय पर बैठे अधिकारियों के संरक्षण में विकास खंड पर बैठे अधीनस्थ घोटालो को अंजाम तक पहुचा रहे है,ऐसा ही जीता जागता उदहारण मनरेगा के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यो में देखा जा सकता है,जनपद की अधिकतर विकास खंडो के गाँवो में फर्जी हाजिरी व बिना कार्य के भुगतान




### पुरानी फ़ोटो अपलोड कर चलाई जा रही मनरेगा योजना

### गाँव दरियापुर हरदोपट्टी, भीटीपटखोली, टिकरिया

कराये जा रहे है,शिकायते होने व लगातार खबर प्रकाशित होने के बावजूद अभी तक कोई कठोर कार्यवाही नही की गई जिसके परिणामस्वरूप दिन प्रतिदिन घोटाले बढ़ते जा रहे है।विकास खंड पड़री कृपाल

की ग्राम पंचायत टिकरिया में मनरेगा के अंतर्गत कागजो पर एक काम चलाये जा रहे है।कार्य क्षेत्र पंचायत सेमरा राम तीरथ के खेत से टिकरिया पानी कि टंकी होकर रामपुर गांव तक सड़क निर्माण पर निर्माण पर 59 श्रमि को की हाज़िरी दर्ज की गई है लेकिन धरातल पर एक भी श्रमिक कार्य नहीं कर रहे हैं।वही जब इस सबन्ध में डीसी मनरेगा से मौखिक रूप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 237 रूपये मिलता है उतने में कोई क्या कर देगा सब कोई अपने अनुसार से काम करवा रहा है।

# एसपी ने साइबर क्राइम को लेकर किया स्टूडेंट्स को जागरूक,फ्रॉड से बचने के बताए मंत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने कहा कि यदि हम किसी के झांसे और लालच में नहीं आए और किसी अनजान लिंक या वीडियो कॉल को रिसीव नहीं करें तो काफी हद तक साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं।कोई भी सरकारी एजेंसी व्यक्ति से आधार नंबर,बैंक डिटेल या ओटीपी और पिन जैसी पर्सनल डिटेल नहीं मांगती।ये डिटेल हमें किसी को भी शेयर नहीं करनी चाहिए।विनीत जयसवाल ने यह बात मंगलवार को एससीपीएम कॉलेज में छात्र-छात्राओं एवं स्कूल के स्टाफ के साथ वर्कशाप में आयोजित कार्यक्रम में कही।

**ऑपरेशन साइबर कवच'' अभियान की शुरूआत**

जिले के सभी थाना प्रभारी निरीक्षक व क्षेत्राधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक प्रतिदिन विद्यालयों,प्रतिष्ठित संस्था ओं एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर वर्कशॉप एवं गोष्ठियां



कर इंटरनेट के माध्यम से हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी दे रहे है और इंटरनेट के प्रयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताए।इसके अतिरिक्त विद्यालयों में पम्पलेट वितरित कर महत्वपूर्ण स्थानों पर पोस्टर चस्पा किये जाने की कार्यवाही करें।वही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रेजेंटेशन (पीपीटी ) के माध्यम से सभी को साइबर अपराध की जानकारी दी गयी है और बताया कि इंटरनेट के उपयोग की सही जानकारी होने पर साइबर अपराध से बचा जा सकता है और एटीएम में ट्रांजेक्सन करते समय अन्य कोई व्यक्ति उपस्थित न रहे,बैंक के नाम पर टेलीफोन कॉल पर एटीएम,बैंक अकाउंट्स सम्बन्धी कोई जानकारी जैसे ओटपी,सीवीवी,नम्बर आदि कभी भी किसी से साझा न करे।बीमा कम्पनी,नौकरी.कॉम के नाम से कॉल किये जाने पर बिना सत्यापन किये कोई जान कारी न दे।सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सअप,ट्विटर, फ़ेसबुक व इंस्टाग्राम पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें क्योंकि कोई भी व्यक्ति आसानी से आपकी जानकारी का इस्तेमाल कर दुरूपयोग कर सकता है।


**साइबर अपराध से बचने के लिए सुरक्षा के टिप्स**

ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें,किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल,ओटीपी,बायोमैट्रिक डेटा,पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें।ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।साइबर बुलिंग और साईबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें।साइबर क्राइम की रिपोर्ट करने के लिए हेल्प लाइन नम्बर 1930 का प्रयोग करें और समय - समय पर पासवर्ड बदलते रहे।

# मानक के अनुरूप हो राजस्व के वादों का निस्तारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। देवीपाटन मण्डला आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलीय राजस्व वादों के निस्ता रण की समीक्षा की गई।आयुक्त ने राजस्व वादो के निस्तारण हेतु मंडल के सभी अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व,मुख्य राज्य अधि कारी उप जिलाधिकारी तहसीलदार नया तहसीलदार स्तर पर लंबित एवं निस्तारित वादों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से समीक्षा की राजस्व संहिता की धारा 24 के अंतर्गत जनपद गोंडा में कुल 13260 वाद दायर हुये जिसमें से 12786 वादों का निस्तारण किया जा चुका है जबकि 474 वाद निस्तारण हेतु लंबित पड़े है। धारा-34 के अंतर्गत 274813 वाद दायर हुये जिसमें से 265849 वादों का निस्तारण हो गया है जबकि 8964 वाद लम्बित है।



धारा-80 के अंतर्गत 7294 वाद दायर हुये जिसमें से 7155 वाद का निस्तारण किया जा चुका है जबकि 139 वाद निस्तारण हेतु लंबित है बलरामपुर में राजस्व संहिता की धारा-24 के अंतर्गत कुल 7717 वाद के सापेक्ष 7429 वादों का निस्तारण हो जा चुका है जबकि 288 बाद लंबित पाए गए। वहीं धारा - 34 के अंतर्गत बलरामपुर में 228858 वाद दायर हुए जिसमें से 222164 वादों का निस्तारण किया जा चुका है जबकि 6694 बाद लंबित पाए गए।धारा-80 के अंतर्गत 2288 वादों के सापेक्ष 2239 वादों का निस्तारण किया गया है जबकि 49 वाद लंबित पाए गए।बहराइच में राजस्व संहिता की धारा-24 के अंतर्गत 14938 वाद के सापेक्ष 14449 वादों का निस्तारित हो चुका है जबकि 489 वाद लंबित पाए गए। धारा 34 के अंतर्गत 363852 वादों के सापेक्ष 355497 वाद निस्तारण किए गए जबकि 8355 वार्ड लंबित पाए गए। धारा 80 के अंतर्गत बहराइच में 4311 वाद के सापेक्ष 4240 वादों का निस्तारण किया जा चुका है केवल 41 वाद लंबित पाए गए।श्रावस्ती में धारा-24 के अंतर्गत 9005 वाद के सापेक्ष 8662 वादों को निस्तारण किया जा चुका है इसमें मात्र 343 वाद निस्तारण हेतु लंबित पाए गए। धारा-34 के अंतर्गत लंबित 125655 बाद के सापेक्ष 122730 वादों का निस्तारण किया गया जबकि 2925 वाद लंबित पाए गए। वहीं धारा-80 के अंतर्गत श्रावस्ती में 928 वार्ड दायर हुई जिसमें से 899 वादों का निस्तारण किया गया मात्र 29 वाद ही लंबित पाये गये समीक्षा बैठक में आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने समस्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य राज्य अधिकारी,उप जिलाधिकारी,उप जिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार तहसीलदार न्यायिक को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ न्यायालय पर लंबित पुराने वादों की विस्तृत समीक्षा करें तथा विस्तार में हो रही कठिनाइयों को जल्द दूर करते हुए वाद का निस्तारण करायें। आयुक्त ने कहा कि राजस्व परिषद के दिशा निर्देशों के क्रम में ही सभी वादों का निस्तारण किया जाए यदि किसी प्रकार में कोई आपत्ति करता है और जांच में यदि प्रथम दृष्टया ही उनका सारवान हित प्रदर्शित नहीं होता है तो उसे सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाए।

# केवीके टीम ने स्कूली विधार्थियों के लिए प्रश्नोतरी व निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर किया पुरस्कृत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र पर संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत पंडित त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल इंटर कॉलेज मटेरा कला, विकास खंड शिवपुर में मोबिलाइजेशन ऑफ़ स्कूल स्टूडेंट के तहत इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना पर 100 स्कूली विधार्थियों को जागरुक करते हुए प्रशनोतरी व निबंध कार्यक्रमों का संचालन करते हुए छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया । फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना पर परियोजना के नोडल अधिकारी सुनील कुमार बताया कि फसलों के अवशेष जलाने के बजाय आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए उसे खेतों में ही मिला देना चाहिए। ऐसा करने से खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इससे मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म मित्र कीटों व जीवों का संरक्षण होता है जबकि




जलाने से बहुत नुकसान हैं। प्रदूषण बढ़ने के साथ ही खेतों की उपजाऊ क्षमता कम हो जाती है। फसलों के अवशेष को खेतों में मिलाने के लिए मल्चर, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, चापर का प्रयोग करना चाहिए। ऐसा करने से खेतों की उर्वरा शक्ति में बढ़ोतरी होगी। केंद्र के फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉक्टर पी के सिंह ने बताया कि फसल अवशेषों का खेतों में संरक्षण करते हुए सुरक्षित खाद्य उत्पादन करना चाहिए। बच्चों को सही मात्रा में भोजन में पोषक तत्वों को शामिल करने पर जोर दिया और कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) एक वर्षभर चलने वाली संरक्षण प्रणाली है, जिसमें आमतौर पर खेत में जुताई के उपकरणों की संख्या में कमी और/या जुताई कार्यों की तीव्रता में कमी शामिल होती है, जिसमें जुताई (मिट्टी की सतह परत का उलटना) को समाप्त करना भी शामिल होता है । केंद्र के उद्यान विशेषज्ञ उमेश कुमार ने बताया कि कृषि अपशिष्ट को कृषि उत्पादों जैसे फलों, सब्जियों, डेयरी और अनाज, साथ ही मांस, मुर्गी और फसलों की खेती और प्रसंस्करण के बाद बचे हुए अपशिष्ट के रूप में परिभाषित किया जाता है। कृषि अपशिष्ट विभिन्न ग्रामीण कार्यों के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाला अपशिष्ट है। इसमें खेतों, मुर्गीपालन घरों और बूचड़खानों से निकलने वाला उर्वरक और अन्य अपशिष्ट, फसल का अपशिष्ट, खेतों से निकलने वाला उर्वरक अपवाह, पानी, हवा या मिट्टी में प्रवेश करने वाले कीटनाशक और खेतों से निकलने वाला नमक और अवशेष शामिल हैं।

# गोण्डा नगर पालिका परिषद में फाइलों में दबकर रह गए दर्जनों ध्वस्तीकरण के आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। बदलते गोंडा नगर पालिका परिषद की खूबसूरती में बाधक बन रहे अवैध निर्माणों पर नगर पालिका परिषद नजूल के अधिकारी और जिला प्रशासन मेहरबान हैं।दर्ज नों से ज्यादा अवैध निर्माणों को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी हैं और बीते कई सालो में ही दर्जनों से अधिक अवैध निर्माणों को सुनियोजित विकास के नाम पर नजूल की भूमि पर फ्री होल्ड और नक्शा न पास कराने वालो को नोटिस दिया गया है।मगर नोटिस जारी करने के बाद अधिकारी आगे की कार्रवाई ही भूल गए।कुछ तो छोटी पहुंच वालों पर तो बुल डोजर चल गया पर बड़े अवैध निर्माणों पर हथौड़ा चलाकर खानापूर्ति करके छोड़ दिया जाता है और कुछ तो वैसे ही छोड़ दिया गया।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध निर्माण को लेकर प्रदेश स्तर पर हुई रैंकिंग में गोण्डा नगर पालिका परिषद की किरकिरी के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं।आदेश ध्वस्तीकरण का कर दिया गया है,लेकिन इसके क्रिया न्वयन को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।इसका फायदा अवैध निर्माण करने वाले उठा रहे हैं। अंबेडकर चौराहे के पास गोंडा लखनऊ



हाईवे मार्ग मंडे नाला के पास बनी 47 दुकानों को ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था इसके कुछ दिन बाद जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद ने ध्वस्तीकरण का आदेश पर अमल करते हुए एक पटरी पर गिराना शुरू किया तीन दिन तक कार्रवाई चलती रही और एक पटरी पर अवैध कब्ज से मुक्त कर दिया गया लेकिन दूसरी पटरी पर उसी आदेश में कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की गई और अवैध निर्माण को जस का तस छोड़ दिया गया।और कई मंजिला अवैध निर्माण जो नहीं बने थे वह भी बन क़र खड़े हो गए है।

केस- 2

पुरानी हनुमानगढ़ी मंदिर के पास रामलीला मैदान के बगल नजूल की जमीन पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शे के अनुमति से तीन मंजिला अवैध निर्माण पूरा होने के बाद विनिमित क्षेत्र ने ध्वस्तीकरण आदेश जारी किया। इसके बाद एक दिन यहां कार्रवाई के नाम पर कुछ भी तोड़?फोड़ नहीं की गई।मगर, इसके बाद अवैध निर्माण को वैसा ही छोड़ दिया गया है।और उस परिसर में आज लोग रह भी रहे हैं।

केस- 3

दुर्गा मां स्वीटस के गली में मालवीय नगर में नजूल की जमीन पर व्यावसायिक और आवासीय को मिलाकर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कर लिया गया।इसके बाद विनिमय क्षेत्र ने नोटिस जारी कर अवैध काम को रुकवाया गया। तब तक एक मंजिला मकान बन चुका था।इस अवैध निर्माण को विनिमित क्षेत्र से ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था लेकिन साल भर भी जाने के बाद भी अवैध निर्माण जस का तस खड़ा है।

केस - 4

मालवीय नगर गुरुद्वारा के पास नजूल की भूमि मानचित्र के विपरीत बने भवन में निर्माण के दौरान पार्किंग ना छोड़कर उसमे दुकान बना लिया गया था और सड़क की पटरियों पर सीढ़ी बना लेने से जाम की समस्या बनने लगी। जिसके चलते नियत प्राधिकारी न्यायालय ने निर्माण को ध्वस्त करवाने के निर्देश दिए थे।मुख्य शहर क्षेत्र में जाम की समस्या काफी विकराल होती जा रही है।1958 की धारा दस के अंतर्गत निर्माण गिराए जाने का आदेश पारित किया गया है।लेकिन चौराहे पर बना सिंध बेकर्स परिसर आज भी जस का तस खड़ा हुआ है।और लोग जाम की स्थिति से जस के तस जूझ रहे हैं।

केस - 5

बड़गांव पुलिस चौकी कस्तूरी हॉस्पिटल के बगल मानचित्र के विपरीत महज सात फीट चौड़ी जमीन पर बना पांच मंजिल इमारत बना लिया गया जो इस समय चर्चा का विषय बन गया है।कस्तूरी हॉस्पिटल के बगल बड़गांव पुलिस चौकी स्टेशन रोड इलाके में सात फीट चौड़ाई पर बने पांच मंजिला इमारत की अंदर की चौड़ाई महज पांच फीट है इस खास इमारत को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं।कोई इसे गोण्डा का एफिल टावर तो कोई इसे अजूबाघर कह रहे है ये बिल्डिंग शहर के झूलेलाल चौराहे का एक पॉपुलर सेल्फी प्वाइंट बन गया है। जिसका ध्वस्तीरण का आदेश दिया गया था।

## व्यथा निवारण फोरम हेतु आवेदन आमंत्रित

बहराइच । विद्युत वितरण मण्डल बहराइच के अधीक्षण अभियन्ता सत्य प्रकाश ने बताया कि विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच में उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम हेतु मण्डल स्तर कमेटी का गठन किया जाना है। कमेटी हेतु स्वतंत्र सदस्य नामांकन हेतु इच्छुक सदस्य उपभोक्ता मण्डल कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए ई-मेल एसई डाट बहराइच ऐट एमवीवीएनएल डाट ओआरजी या व्हाट्सअप नम्बर 8004918959 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र अस्पताल चौराहा से सम्पर्क कर सकते हैं। अधी.अभि. श्री प्रकाश ने बताया कि कमेटी हेतु स्वतंत्र सदस्य नामांकन हेतु विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच के उपभोक्ता जिसका विद्युत संयोजन उसके या उसके जीवनसाथी (पति/पत्नी) के नाम हो, शैक्षिक योग्यता न्यूतम स्नातक हो, आवेदक एक ऐसा व्यक्ति होगा जो सिविल सेवा में हो या रहा हो जो कि एडीएम के पद से नीचे न हो। अथवा आवेदक केन्द्र/राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की सरकार के अधीन 7वें वेतन आयोग की पे मैट्रिक्स लेवल-11 अथवा उससे ऊपर का पदधारक हो, मौजूदा श्रेणी के तहत पिछले 3 वर्षों से लगातार उपभोक्ता रहा हो. अच्छा पूर्ववृत्त होना चाहिए और जिस पर विद्युत का कोई बकाया न हो।

## दलालों के भरोसे चल रहा है मोतीगंज थाना

गोंडा । जिले में मोतीगंज थाना दलालों के सहारे ही चल रहें हैं।तथाकथित दलाल किस्म के लोग अक्सर ही यहाँ थाने पर या तो दरोगा जी के बगल में कुर्सी पर बैठे नजर आते हैं या फिर थाने के गेट के सामने होटल पर मंडराते हुए नज़र आ ही जायेंगे।आम जनता पीड़ित होती हैं पुलिस नहीं सुनती उनकी तो वहीं दलाल मोटी रकम ले कर कार्यो को करावा देते हैं।सूत्र बता रहे है कि थाने के सामने मड़राने वाला तथाकथित दलाल थाना प्रभारी,थाना प्रभारी के विश्वासपात्र दरोगा से लेकर मुंशी तक नजराना भेंट करता हैं।थाना मोतीगंज यहां पर आप को दलाल मंडराते हुए जरूर नज़र आयेंगे।थाने व थाने के बाहर दिख जाएंगे ये दलाल।बड़ा हो या फिर छोटा काम दलालों के बाये हाथ का खेल हैं।सूत्र बता रहे हैं कि मोतीगंज थाना क्षेत्र में चाहे मिट्टी खोदवाना,या फिर बिना परमिट के प्रतिबंधित पेड़ कटवाना हो सब बस दलाल या दरोगा जी से मिल लीजिए आपका काम मिनटो के बजाज सेकंड़ो में हो जाएगा,वही और थानाप्रभारी जी का आव भगत भी खूब करते नज़र आयेंगे ये दलाल चाय पानी से लेकर नजराना तक कराने वाले दलाल हर दम सक्रिय रहतें हैं।यहीं नहीं दलाल मारपीट से लेकर अन्य का मुखबिरी भी करते हैं।थाना प्रभारी कोई भी हो इनके चंगुल से बच के कोई नहीं जाता।सूत्र बता रहे है कि मोतीगंज थाने पर तो दलाल पाले जाते हैं।थाना क्षेत्र में कोई भी घटना हुई दलाल तपाक से पहुच जाते थाने पर और फिर शुरू हो जाती हैं सौदेबाजी का खेल।सूत्र बता रहे है कि मोती गंज में दलालों के भरोसे ही चलाई जा रही हैं थाने की कमान ......? वही इस प्रकरण में मौखिक रूप से सदर सीओ शिल्पा वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक दलालो के बार एक समाचार पत्र में खबर प्रकाशित की गई है थाना प्रभारी को रोका गया है कि दलालों का प्रवेश वर्जित रखा जाए।

## व्यक्तियों के बैंक खातों में भेजी गई रू. 86.52 लाख की सहायता राशि

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 402 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 86 लाख 52 हज़ार 144 सम्बन्धित के बैंक खातों में 10 दिसम्बर 2024 को हस्तान्तरित की गई है। तहसील नानपारा अन्तर्गत बाढ़ आपदा के सम्बन्ध में नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 285 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 22 लाख 65 हज़ार 827, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 10 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 02 लाख 27 हज़ार 047 तथा तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 15 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 01 लाख 19 हज़ार 770 इस प्रकार 310 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 26 लाख 12 हज़ार 644 कृषि निवेश अनुदान सहायता के रूप अन्तरित की गई है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । सोमवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस, परिवहन व अन्य सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि शीत ऋतु के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि की रोकथाम हेतु समस्त वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जायें। ट्रैक्टर ट्रालिया के कारण होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के दृष्टिगत डीएम ने चीनी मिल के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष सर्तकता बरतने तथा ईंट भट्ठा व गन्ना की ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर ट्रलियों में प्रमुखता के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये।

डीएम ने निर्देश दिया कि शीत ऋतु में सड़क के किनारे खड़े वाहन सड़क दुर्घटना का कारण न बने इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाय कि सड़क की पटरियों पर बेतरतीब वाहन न खड़े किये जायें। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना होने पर




मौके पर जाकर तत्काल परीक्षण एवं निरीक्षण कर फोटोग्राफी सहित आख्या उपलब्ध करायें जिसमें उक्त स्थान पर विगत वर्षो में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विवरण भी शामिल होना चाहिए। बैठक में मौजूद पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला ने पुलिस व परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि निरन्तरता के साथ प्रवर्तन अभियान संचालित कर लोगों को हेलमेट के साथ टू व्हीलर चलाने, ओवर स्पीडिंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ-साथ चार पहिया वाहन चलाने वालों को सील्ट बेल्ट बांधने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें।

डीएम ने कार्यालय नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के अवर अभियन्ता को निर्देश दिया कि परियोजना अधिकारी नेडा से समन्वय कर मरीमाता चौराहे पर हाईमास्ट सोलर लाईट की स्थापना करायें। डीएम ने लोक निर्माण, एनएनएआई व एनएच विभाग को निर्देश दिया कि जिले के चिन्हित ब्लैक स्पाट पर मानक के अनुसार सुरक्षात्मक व सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायें जिससे मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाकर लोंगो की बेशकीमती जान की हिफाज़त हो सके। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच को निर्देश दिया कि टैक्सी स्टैण्ड संचालन हेतु उपयुक्त स्थल का चयन कर आख्या उपलब्ध कराएं।

बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, अधिशासी अभियंता एनएचएआई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पुलिस और सत्ता के संरक्षण में चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड, सीएम योगी का आदेश भी बेअसर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले का सबसे व्यस्त गुरु नानक चौराहा अवैध टैक्सी स्टैंड का भेंट चढ़ चुका है सुबह होते ही सड़क पर बीच चौराहे पर प्राइवेट बस और टैक्सी वालो का सड़क पर कब्जा हो जाता है।सुबह हीं गुरु नानक चौराहे पर भीषण जाम लगा जिसमें एंबुलेंस और स्कूल वाहन भी काफी देर तक फंसे रहे।सूत्र बता रहे है कि करीब आधा घंटे बाद लोगों ने ट्रैफिक को फोन किया तब ट्रैफिक पुलिस मौके पर जाम खुलवाने पहुंची।सड़क पर जाम लगने के दो कारण थे।एक तो रोडवेज बसों की वजह से यातायात बाधित हो जाना,और दूसरा सबसे बड़ा मुख्य कारण गुरु नानक चौराहे पर सड़क पर हीं अवैध टैक्सी स्टैंड की वजह से सड़क पर वाहनों को निकलने कि लिए पर्याप्त जगह न मिल पाना।पुलिस ने किसी तरह वाहनों को इधर-उधर कर जाम तो खुलवा दिया लेकिन इन दोनों समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया।

सड़क पर अवैध स्टैंड जिन्हें हटाने के



लिए मुख्यमंत्री कई बार दे चुके हैं आदेश

गोण्डा - लखनऊ मार्ग गुरु नानक चौराहे पर ऑटो और टैक्सी के अवैध स्टैंड जाम लगने का बड़ा कारण हैं।सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तीन बार शासन से इन्हें हटाने का आदेश दिया जा चुका है लेकिन गोण्डा जिले में इनकी संख्या कम नहीं हुई।कागजी खानापूरी के लिए पिछले साल पुलिस के साथ नगरपालिका और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कुछ दिन अभियान चलाकर कागजी खानापूर्ति की थी।अवैध स्टैंड चलाने वाले कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।लेकिन आरटीओ और पुलिस प्रशासन की साठगांठ से फिर उन्हीं लोगों ने अवैध स्टैंड चलाने शुरू कर दिए।

ट्रैफिक पुलिस की शह पर खुलेआम वसूली का खेल

सूत्र बता रहे है कि गुरु नानक चौराहे के पास गोंडा लखनऊ मार्ग एक इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने रोली चाय की दुकान पर अवैध टैक्सी स्टैंड सड़क पर खडे होकर कुछ दबंग किस्म के लोग प्रत्येक टैक्सी वाहनों से सौ से डेढ़ सौ रुपये तक की वसूली करते हैं।ये वाहन सड़कों पर ही खड़े होकर सवारी भरते हैं लिहाजा अक्सर जाम लगा रहता है।सूत्र बता रहे है कि एक दिन सुबह लखनऊ जा रहे एक व्यक्ति ने अपनी कार में दो लोगों को बैठाया तो दबंगों ने उसके साथ जमकर बदसलूकी की और सौ रुपये वसूल कर लिए।स्थानीय लोगों के मुताबिक इन लोगों को स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक के जिम्मेदार का संरक्षण हासिल है।रोजाना हजारों की उगाही होती है।

गुरु नानक चौराहे पर गोण्डा के पूर्व में रहे एसपी अंकित मित्तल ने रोडवेज बस स्टॉप के एक किलो मीटर के दायरे में एक भी अवैध टैक्सी नहीं खड़ी होने दे पाई थी, सूत्र बता रहे कि अंकित मित्तल के जाते हीं गुरु नानक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस खुद अवैध रूप चलवा रही है।इससे सुबह यहां भी आए दिन जाम लगा रहता है।

अवैध टैक्सी स्टैंड रोक रहा ट्रैफिक फिर भी पुलिस बेखबर

गुरु नानक चौकी पर सड़क बनी अवैध टैक्सी स्टैंड सड़क पर खडे हो रहे वाहन जिसकी वजह से कई दिन से याता यात प्रभावित हो रहा है।इसके बाद भी यहां ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी है।फिर भी सुबह होते ही टैक्सी वालों का सड़क पर जमवाड़ा,लग जाता है ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी चौराहों पर चेकिंग करने के लिए लगा दी गई है लेकिन फिर भी उनके सामने हीं सड़क पर खड़े होकर अवैध टैक्सी वाले सवारी बैठे हैं.और यातायात बाधित होता रहा लेकिन पुलिस ने उस पर ध्यान नहीं दिया।शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड बंद कराए जाएंगे।जो लोग ये अवैध टैक्सी स्टैंड चलवा रहे हैं,उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।और इसकी जांच कराई जाएगी- सौरभ वर्मा.. सीओ सिटी, (सीओ यातायात)

# बीएसए ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण,निरीक्षण के दौरान स्कूल मिला बंद पूरे स्टाफ का रोक दिया वेतन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बने टीचर और छात्र बच्चों के बीच बैठकर शिक्षा की ली जानकारी**

पीलीभीत।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने विकास बरखेड़ा एवं बिलसंडा के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। कंपोजित विद्यालय पिपरिया मंडन,प्राथमिक विद्यालय बलदेवपुर दिहोहना, प्राथमिक विद्यालय दिहोना, कंपोजित विद्यालय पिपरिया दिहोना,कंपोजित विद्यालय खरदाई का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय लभुआ निरीक्षण के समय बंद पाया गया जिस कारण समस्त कार्यरत स्टाफ का वेतन व मानदेय रोका गया।अन्य सभी निरीक्षित विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया गया की ठंड के मौसम को देखते हुए समस्त छात्राओं को प्रतिदिन ड्रेस एवं स्वेटर पहनकर आने के लिए प्रेरित किया जाए साथ ही उपस्थित छात्रों का डाटा प्रेरणा पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड करने के निर्देश प्रदान किए गए एवं खंड शिक्षा अधिकारी बरखेड़ा द्वारा निरीक्षित विद्यालयों में छात्र उपस्थिति ऑनलाइन प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करने हेतु प्रधानाध्यापको को सिखाया गया। इसके साथ ही प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में प्राप्त सभी ग्रांटों का नियमानुसार उपभोग करना सुनिश्चित करें एवं खेल का समान खरीदते हुए। छात्रों को प्रतिदिन खेल खिलाया जाए।छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु समस्त अध्यापको को निर्देशित किया गया कि विद्यालय समय से पहले या विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण अनिवार्य रूप से किया जाए एवं विभाग से संचालित योजनाओं की भी जानकारी अभिभावकों को दी जाए।इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिलसंडा पर दिव्यांग छात्रों हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन छात्रों एवं मिड डे मील की उपस्थिति प्रेरणा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए कही पर कोई दिक्कत आये तो बीएसए ऑफिस या एबीएसए ऑफिस से बात करे तथा विद्यालय में दिव्यांग शौचालय अनिवार्य रूप से खोला जाए। छात्रों की अपार आईडी बनबाने सुनिश्चित करे,साथ ही स्कूलों की रंगाई पुताई कराई जाये।माता उन्मुखीकरण की बैठक की जाए तथा एसएमसी का चयन किया जाए।

# बारात में आये युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस को निर्देश दिया**

अमेठी। थाना जामो क्षेत्र के गांव पूरे परमेश्वरी मजरे शिवपुर में सोमवार को बारात आये एक युवक का शव गांव के किनारे खेत में मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर स्थानीय पुलिस को दिशा निर्देश दिया है। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के जोरावरपुर मठिया गांव से एक बारात पूरे परमेश्वरी मजरे शिवपुर गांव में आई थी। बारात के बाद सामान्य रूप से कार्यक्रम चल रहा था।गांव के ही संजीव कुमार मिश्रा भी बारात आया था और देर रात संजीव बारात में नहीं दिखाया गया तो अन्य बारातियों ने समझा कि संजीव शायद वापस गांव चला गयाया होगा लेकिन सुबह जब ग्रामीण शौच के लिये निकले तो वहां पर एक युवक का खून से लथपथ शव देखते ही सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा पूरे मामले से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह मय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन कर स्थानीय पुलिस को दिशा निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मामले के खुलासे के लिये पुलिस टीम गठित की गई है और जल्द ही इसका खुलासा किया जायेगा।

# थाने में तहरीर देकर अवैध रूप से धन उगाई करने वाली महिला के खिलाफ ग्राम प्रधान ने गंभीर धाराओं में दर्ज कराया मुकदमा मजा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**महिला पर मुकदमा दर्ज करने वाले युवा ग्राम प्रधान पुरुष समाज के लिए बने आईना**

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत सिमरा तालुके घुघचिहाई के निर्वाचित ग्राम प्रधान महेश कुमार पुत्र रूपराम में थाना माधोटांडा पुलिस को दी हुई तहरीर में कहा कि मैं अपनी ग्राम पंचायत का निर्वाचित ग्राम प्रधान हूं 8 दिसंबर को आवश्यक कार्य हेतु अपने साथ ही राम सागर के साथ बरेली गया था।पीलीभीत पूरनपुर मार्ग नहर के पास जाम अधिक होने के कारण पीलीभीत माधोटांडा मार्ग से पूरनपुर आ रहा था।समय करीब 5:30 शाम पीड़ित ने लघु शंका हेतु अपनी कर हरदोई ब्रांच नहर के पास रोकी तभी एक मोटरसाइकिल आकार मेरी कार के पास रूकी जिससे एक महिला उतरी जो हेलमेट लगाए हुए थी।मोटरसाइकिल चालक लगभग 10 मीटर आगे जाकर रुक गया महिला ने पीड़ित से कहा कि आप प्रधान जी हो मुझे पहचाना नहीं मेरा नाम पार्वती है। मैंने तुम्हारे खिलाफ थाना गजरौला के अलावा कई अन्य थानों में प्रार्थना पत्र दे रखे हैं किंतु तुमने अभी तक मुझे किसी प्रकार का कोई संपर्क नहीं किया है अब मैं तुम्हारे खिलाफ बयान दर्ज करा कर तुम्हें जेल भिजवाऊंगी नहीं तो दो-चार दिन में दो लाख रुपए मुझे दे दो पीड़ित उसकी बात सुनकर सदमे में आ गया जाते समय हो तो उक्त महिला पार्वती ने धमकी देते हुए कहा कि मेरा जो साथी मोटरसाइकिल लिए खड़ा है हम दोनों ने जिले के कई थानों में मुकदमे लिखवाए हैं। तथा लोगों से पैसे भी लिए हैं। तुम क्या चीज हो यदि तुमने पैसे न दिए तो तुम्हारे खिलाफ हम और भी गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखवाएंगे क्योंकि हमारे ग्रुप में और भी कई महिला और पुरुष हैं और तुम्हारी छवि इतनी धूमिल हो जाएगी कि तुम आत्महत्या करने के लिए विवश हो जाओगे पीड़ित ग्राम प्रधान ने माधोटांडा पुलिस को बताया कि यह पार्वती महिला है।जो सीधे-साधे भोले भाले लोगों पर फर्जी मुकदमा लिखवा कर रंगदारी लेने का काम करती है। जिसका जिले में एक सक्रिय गिरोह है।जिसकी गहनता से जांच की जाए तो इसका पर्दाफाश हो सकता है। थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्वती पत्नी विनोद कुमार निवासी थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश आतिथ्य सुविधाओं यथा रिसॉर्ट्स,होटल, लॉज,होम स्टे,धर्मशाला आदि में स्वच्छता के सुरक्षित प्रबन्धन के दृष्टिगत स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली पर अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में समिति की बैठक कलेक्टेझट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्री की धर्मशालाए, होटल, होम स्टे आदि जैसी कई आतिथ्य सुविधाए हैं जो कि आवासीय सुविधा प्रदान करती हैं। ग्राम पंचायतों का यह महत्वपूर्ण उत्तर दायित्व है, आवासीय आतिथ्य सुविधाओं के परिसर के अन्दर व बाहर स्वच्छता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र ओडीएफ प्लस स्थिति प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों को सहयोग भी किया जाये। उन्होंने कहा कि आतिथ्य सुविधाओं की संचालक पर्याप्त बुनियादी ढांचा विकसित करने के साथ साथ उनके प्रयोग करने एवं स्वच्छता, साफ सफाई पर जागरूकता सृजन करने में सहयोग करने के निर्देश दिये। बैठक में अवगत कराया गया कि पर्यटन क्षेत्र की मुख्यध्धारा में स्थिरता और सुन्दर एवं स्वच्छ पर्यटन क्षेत्र, बेहतर और सुरक्षित स्वच्छता सुविधाएं और मल कीचड़ प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट को अलग करना और स्थायी फॉरवर्ड लिंकेज को बढ़ावा देना है। ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली शुरू में उन सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिन आतिथ्य सुविधाओं में रेस्तरा हों अथवा न हो, जिनमें कम से कम 5 या अधिक कमरें हो। आतिथ्य गृहों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रे वाटर प्रबंधन एवं मल कीचड प्रबंधन तथा सुरक्षित व्यवहार के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली में स्वच्छा से प्रतिभाग करना चाहिए तथा बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर किया जाये।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की धर्मशालाए, होटल, होम स्टे आदि आतिथ्य संस्थाओं की सूची तैयार की जाये तत्पश्चात प्रदेश द्वारा चयनित हित धारकों के अवधारणा, प्रक्रिया और वांछित परिणाम हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम व कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही जनपद में ग्रीन लीफ रेटिंग के सत्यापन हेतु सत्यापन उप समिति का गठन किया जायेगा। उप समिति द्वारा रेटिंग निर्धारित की जायेगी एवं उप समिति द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार किया जायेगा।जिला समिति आतिथ्य गृह के लिए रेटिंग प्रमाण पत्र जारी करेगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, माधोटांडा ग्राम प्रधान नईम अली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित युवक को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जगदीशपुर अमेठी,थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट में वांछित शान मोहम्मद पुत्र अमजद निवासी ग्राम भगवानदीन मजरे पालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष को कर्बला मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

# मेरा शौचालय मेरा सम्मान अभियान के तहत व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय के लाभार्थियों को डीएम ने प्रशस्ति पत्र सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा दिनांक उन्नीस नवम्बर से दस दिसम्बर के मध्य ''मेरा शौचालय मेरा सम्मान'' के नाम से एक अभियान चला, प्रतियोगिता करायी गयी। जिसके अन्तर्गत सबसे अच्छे व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का आवदेन ग्राम पंचायत स्तर से विकास खण्ड स्तर पर प्राप्त किया गया, पुनः विकास खण्ड स्तर से पांच व्यक्तिगत एवं तीन सामुदायिक शौचालयों को पुरस्कृत किये जाने हेतु जनपद को अग्रसारित किया गया। जहाँ पुनः दोनो श्रेणियों में सबसे अच्छे पांच व्यक्तिगत एवं पांच सामुदायिक शौचालयों को सम्मानित किये जाने हेतु जिला कलेक्ट्रेट सभागार, गौरीगंज में आयोजित कार्यक्रम अन्तर्गत मंगलवार को जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें विकास खण्ड बहादुरपुर से व्यक्तिगत शौचालय हेतु ग्राम पंचायत फरीदपुर परवर से गया प्रसाद, ग्राम पंचायत मवई आलमपुर से आशीष कुमार एवं गायत्री देवी व माधुरी देवी विकास खण्ड-भादर की ग्राम पंचायत मंगरा से नेहा वर्मा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सबसे अच्छे सामुदायिक शौचालय हेतु विकास खण्ड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत मवई आलमपुर के ग्राम प्रधान रामसेवक व लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत खरौली के ग्राम प्रधान शिवदेवी व दीपा महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत सरवन के ग्राम प्रधान संगीता देवी व लकी महिला स्वयं सहायता समूह तथा विकास खण्ड मुसाफिरखाना की ग्राम पंचायत-भनौली ग्राम प्रधान हुसैन हैदर व राधा महिला स्वयं सहायता समूह व विकास खण्ड भादर की ग्राम पंचायत-भादर के ग्राम प्रधान रामचन्द्र सिंह व दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, आर पी सिंह, जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आर पी सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक हुई सम्पन्न



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य की बैठक जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन द्वारा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के कुल 217 फॉर्म प्रस्तुत किये गए जिसमे से 197 फॉर्म पात्र व 20 फार्मों के पुनः परीक्षण कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त उपजिलाधिकारियों,खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाए।जिससे जनपद में कोई भी निराश्रित बच्चा इस योजना से लाभान्वित होने से वंचित न रह पाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, संरक्षण अधिकारी,केंद्र प्रशाससिका वन स्टाफ सेंटर व अन्य उपस्थित रहे हैं।

## आटा चक्की कनेक्शन लगवाने के नाम पर ठेकेदार ने ठग लिए दो लाख चालीस हजार मांगने पर की गाली गलौज पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव लुकटिहाई के रहने वाले चिरौंजी लाल पुत्र भूदर लाल ने बताया कि उसने पूरनपुर मोहल्ला रजागंज के रहने वाले सद्दीक खा ठेकेदार से आटा चक्की का कनेक्शन कराने को कहा था। इस पर दो लाख 40 हजार दिए थे। 6 माह तक चक्कर काटने व भुगतान करने के बाद भी कनेक्शन नही हो सका था। और ठेकेदार आज कल कर टालमटोल कर रहा था। इसी को लेकर चिरौंजी लाल ने 26 नवंबर 2024 को घुंघचाई पुलिस को ठेकेदार के विरुद्ध तहरीर देकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। अभी तक आटा चक्की को कनेक्शन भी नहीं मिल सका है। ग्रामीण ने ठेकेदार सद्दीक खा के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## आज आएगी राज्य महिला आयोग की सदस्य करेगी जनसुनवाई

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में पुष्पा पाण्डेय सदस्य यूपी राज्य महिला आयोग समय 10:00 बजे पीडब्लूडी गेस्ट हाउस पहुचेगी। उसके बाद 11 बजे से 02 बजे तक महिला जनसुनवाई एवं बाल सभा कार्यक्रम का आयोजन गोमती सभागार पीलीभीत में किया जायेगा।इसके साथ ही 2:00 से महिला बंदी गृह, बालिका व महिला गृह का निरीक्षण करेगी।

## धर्म परिवर्तन के मामले में तीन युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस द्वारा धर्म परिवर्तन के अभियोग में वांछित तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक चिन्तामणि तिवारी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 थाना रामगंज जनपद अमेठी में वांछित ओम प्रकाश पुत्र स्व रामउजागिर निवासी अग्रेसर थाना रामगंज, राजलाल पुत्र स्व. जगन्नाथ निवासी वनवारीपुर थाना व जनपद अमेठी व संदीप पुत्र सत्यनरायन निवासी टीकरमाफी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को ओम प्रकाश के घर से दिन में गिरफ्तार किया गया।थाना रामगंज पुलिस ने पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया है।

## भादर में पीआरडी स्थापना दिवस समारोह आज मनाया जायेगा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग अमेठी द्वारा जनपद स्तर पर छिहत्तरवां प्रान्तीय रक्षक दल स्थापना दिवस समारोह का आयोजन ग्यारह दिसम्बर को जनपद के ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा विकास खण्ड भादर में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जनपद के महिला एवं पुरुष पीआरडी स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा स्थापना दिवस परेड के साथ ही पीआरडी स्वयंसेवकों की खेल प्रतियोगिता करायी जायेगी।

# लोक नृत्य प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया जिले का मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। अयोध्या जनपद के अवध विश्वविद्यालय में आयोजित मंडलस्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सुल्तानपुर का गौरव बढ़ाने वाले कमला विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेलवे अस्पताल के चीफ फार्मेसिस्ट डॉ. केशव गुप्ता उपस्थित थे। संगीत अध्यापिका आराधना श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पारुल चौरसिया, डिम्पल गौतम, संजना सोनकर, स्नेहा यादव, लकी यादव, प्रिया गौतम, रिया गुप्ता, मुस्कान रावत, खुशी यादव, अंकिता पाण्डेय, अंजली कुमारी, नंदनी यादव, सृष्टि गुप्ता, अम्बिका गुप्ता, मन्नत, अधविका सिंह, आयुषी गुप्ता, शाम्भवी साहू, निखिल, अमित यादव आदि छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की तरफ से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने के साथ-साथ जिले का भी सम्मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में सुल्तानपुर, अमेठी, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और अयोध्या जिले के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सम्मान समारोह में अपने विचार रखते हुए डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि नौनिहालों में तमाम प्रतिभाएं जागृत होती हैं। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य एवम् आचार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनके अथक प्रयास से ही छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। विशिष्ट अतिथि केशव गुप्ता ने बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष श्रीवास्तव एवं प्राचार्य प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ऋषि श्रीवास्तव, त्रिभुवन नाथ चौवे, रितेश जी, सुमन जी, सुप्रिया जी, आराधना जी, राजेश्वरी जी, सरिता, पूनम, सौम्या, दरक्षा, सुष्मिता, प्रिया, मधु, मनीषा, प्रिंसी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने किया।

**पीएचसी, सीएचसी व सरकारी अस्पतालों में समस्त सुविधाए उपलब्ध-सीएमओ**

**फर्जी ढंग से चलने वाले अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी व नर्सिंगहोम पर त्वरित कार्यवाही**

फोटो न0-01

सुल्तानपुर। सरकार ने आम आदमी के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्त सुविधाएं पीएचसी, सीएचसी व सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कर रखी है। स्वास्थ विभाग 24 घंटे आम-जनमानस के लिए स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है, ऐसे में लोग सरकारी अस्पतालों में ही अपना इलाज कराएं। यदि आमजन को असुविधा हो रही है, तो किसी भी कार्य दिवस में आकर अपनी समस्या से अवगत कराएं, शिकायतों का निष्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा। उक्त बातें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने कही, उन्होंने स्पष्ट तौर पर जनपद में दुकान सजाकर बैठे फर्जी अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी सेंटर और बगैर डिग्री के नर्सिंगहोम खोलकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वालों के बारे में कहाकि हमारी जांच टीमें जनपद के समस्त तहसील व ब्लाक स्तर पर पहुंचकर ऐसी नर्सिंगहोम, अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी सेंटरो की गहनता से पड़ताल कर रही है। यदि टीम को मांगने पर वैध कागजात नही दिखाए जाते तो उक्त सेंटर सीज तो किए

# बाल कल्याण की अग्रणी संस्था

बाल कल्याण की बात हो या बाल अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। यूनिसेफ का नाम सुनते ही बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे संस्था के प्रयासों का ध्यान आता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के दुर्गम स्थानों पर पहुंच कर बाल अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटे ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं। यूनिसेफ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती समय में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था के साथ 190 देश जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़ने वाले देशों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरी दुनिया में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब कर्मचारी दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इस संस्था की अलग टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतर कदम उठाने को संकल्पित है। इस समय यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों जुटी हुई हैं। इन देशों के अभावग्रस्त बच्चों के पालन-पोषण के अलावा इन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था काम कर रही है। समय के साथ यूनिसेफ़ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ़ को देखें तो वर्ष 1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ़ ने यहां काम शुरू किया। संस्था ने साल 1952 में दिल्ली में अपना कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में भारत के 16 राज्यों में इसके कार्यालय हैं, जहाँ से बाल कल्याण व बाल अधिकारों से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी अक्टूबर 2022 में नियुक्ति हुई थी। भारत सरकार अपने बजट से बड़ी रकम इनको सालाना आंवटित करती है ताकि देश के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले वो बच्चे भी इनके जरिए शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें, जो सरकार की नजरों से छूट जाते हैं। 2018 में यूनिसेफ ने 'एवेरी चाइल्ड अलाइव' नाम से अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की जिसके अनुसार प्रत्येक मां और नवजात शिशु के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और उनकी आपूर्ति करने के प्रयासों की शुरुआत करनी थी। उस अभियान ने जबरदस्त सफलता हासिल की।

यूनिसेफ का मुख्यालय, न्यूयॉर्क में स्थापित है। संस्था का उद्देश्य संसार भर के बच्चों को सुगम जीवन, उन्हें आगे बढ़ाने और अपनी क्षमता का विकास कराने का अधिकार मुहैया कराना है। वर्ष 2021 में भारत में यूनिसेफ की सेवाओं के 75 वर्ष पूरे हुए। तब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यूनिसेफ और भारत के सहयोग के साक्षा प्रयासों की सराहना की। भारत सरकार भी चाहती है कि प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर हो, उन्हें सुरक्षा और खुशहाली मिले। इसके लिए भारत सरकार भी कोई कसर नहीं छोड़ती। यूनिसेफ के लोग इस बात को विभिन्न वैश्विक मंचों पर कई बार दोहरा चुके हैं कि भारत सरकार से संस्था को भरपूर सहयोग मिलता रहा है। इस समय 150 देशों में यूनिसेफ के कार्यालय, 34 राष्ट्रीय समितियां जो मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से मिशन आगे बढ़ाते हैं।

# श्रीमद्भगवद् गीता का वैश्विक प्रभाव

उन्नीसवीं सदी के ही मशहूर अंग्रेजी साहित्यकार आल्डस हक्सले ने कहा था मनुष्य में मानव मूल्यों की समझ पैदा करने के लिए गीता सर्वाधिक व्यवस्थित ग्रंथ है। शाश्वत दर्शन के विषय में यह अब तक की सबसे स्पष्ट और व्यापक प्रस्तुति है। यह सिर्फ भारत के लिए नहीं है बल्कि इसका जुड़ाव पूरी मानवता से है। उन्नीसवीं सदी के विख्यात अमेरिकी निबंधकार और साहित्यिक हस्ती इमर्सन के जीवन पर गीता का बड़ा प्रभाव था। उनका मानना था, श्रीमद भगवद् गीता के साथ मेरा दिन शानदार बीता। यह अपने तरह की पहली पुस्तक है। यह किसी और समय और परिस्थितियों में लिखी गई, लेकिन यह हमारे आज के सवालों और समस्याओं के भी जवाब पूरी स्पष्टता के साथ देती है। ऑस्ट्रियाई दार्शनिक और साहित्यकार रुडॉल्फ स्टीनर के जीवन को गीता ने व्यापक रूप से प्रभावित किया था। उनका मानना था कि भगवद् गीता जैसी अप्रतिम रचना को समझने के लिए बस हमें स्वयं को उसके साथ लय बिठाने की जरूरत है।'

(गीता महोत्सव पर विशेष)


श्रीमद्भगवद गीता अनूठा आध्यात्मिक मार्गदर्शी ग्रंथ है। भगवद् गीता का प्रभाव पूरी दुनिया में फैल चुका है। भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य वचनों में सम्पूर्ण जीवन की व्याख्या है। संसार की समस्याओं और मनुष्य की व्यथाओं का समाधान है। ञ्गीताङ्क की महिमा का शाब्दिक वर्णन करना कठिन काम है। पाठकों के सुलभ संदर्भ के लिए श्रीमद्भगवद् गीता पर विश्व के महापुरुषों, महान वैज्ञानिकों, विद्वतजनों और दार्शनिकों के विचारों का संकलन प्रस्तुत किया गया है।

भगवान श्रीकृष्ण की कही हुई श्रीमद् भगवद् गीता के समान छोटे वपु (काया, शरीर) में इतना विपुल ज्ञानपूर्ण कोई दूसरा ग्रंथ नहीं है''- महामना पं. मदनमोहन मालवीय। जब कभी संदेह मुझे घेरते हैं और मेरे चेहरे पर निराशा छाने लगती है; मैं क्षितिज पर गीता रूपी एक ही उम्मीद की किरण देखता हूं। इसमें मुझे अवश्य ही एक छन्द मिल जाता है, जो मुझे सांत्वना देता है। तब मैं कष्टों के बीच मुस्कुराने लगता हूँ''- महात्मा गांधी। गीता हमारे ग्रंथों में अत्यन्त तेजस्वी और निर्मल हीरा है''- लोकमान्य बालगंगाधर तिलक।

मशहूर जर्मन कवि, उपन्यासकार और पेंटर हरमन हेस के जीवन पर भी गीता का विशेष प्रभाव था। उनकी कालजयी रचना 'सिद्धार्थ' में यह स्पष्ट होता है। उनका कहना था 'गीता की सबसे अच्छी विशेषता यह है कि यह जीवन के सही मायनों को पूरी वास्तविकता के साथ सामने रखती है। उन्नीसवीं सदी के मशहूर दर्शनशास्त्री और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अल्बर्ट श्विट्ज़र मानते थे - 'श्रीमद भगवद् गीता मनुष्य के जीवन पर बहुत गहरा असर डालती है। यह कर्मों के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का संदेश देती है।' स्विस मनोवैज्ञानिक कार्ल जुंग को विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान के लिए जाना जाता है। वे न सिर्फ मनोविज्ञान बल्कि दर्शन, साहित्य और धार्मिक अध्ययन में भी विशेषज्ञता रखते थे। उनका मानना था कि ञ्मनुष्य को उल्टे वृक्ष के रूप में प्रदर्शन की अवधारणा बहुत पहले से ही मौजूद थी, जिसे बाद में सामने लाया गया। अपने वक्तव्यों में कही गई प्लेटो की वह बात कि ञ्मनुष्य सांसारिक नहीं बल्कि स्वर्गीय पौधा है, जो ब्रह्माण्ड से सिंचित होता है। यह वैदिक अवधारणा है और गीता के 15वें अध्याय में इसे स्पष्ट तौर पर कहा गया है।

उन्नीसवीं सदी के ही मशहूर अंग्रेजी साहित्यकार आल्डस हक्सले ने कहा था मनुष्य में मानव मूल्यों की समझ पैदा करने के लिए गीता सर्वाधिक व्यवस्थित ग्रंथ है। शाश्वत दर्शन के विषय में यह अब तक की सबसे स्पष्ट और व्यापक प्रस्तुति है। यह सिर्फ भारत के लिए नहीं है बल्कि इसका जुड़ाव पूरी मानवता से है। उन्नीसवीं सदी के विख्यात अमेरिकी निबंधकार और साहित्यिक हस्ती इमर्सन के जीवन पर गीता का बड़ा प्रभाव था। उनका मानना था, श्रीमद भगवद् गीता के साथ मेरा दिन शानदार बीता। यह अपने तरह की पहली पुस्तक है। यह किसी और समय और परिस्थितियों में लिखी गई, लेकिन यह हमारे आज के सवालों और समस्याओं के भी जवाब पूरी स्पष्टता के साथ देती है। ऑस्ट्रियाई दार्शनिक और साहित्यकार रुडॉल्फ स्टीनर के जीवन को गीता ने व्यापक रूप से प्रभावित किया था। उनका मानना था कि भगवद् गीता जैसी अप्रतिम रचना को समझने के लिए बस हमें स्वयं को उसके साथ लय बिठाने की जरूरत है।'

मशहूर अमेरिकी दार्शनिक और साहित्यकार हेनरी डेविड थोरो पर गीता का प्रभाव उनके साहित्य और सामाजिक कार्यों में परिलक्षित होता है। वे कहते थे कि ''प्राचीन भारत की सभी स्मरणीय वस्तुओं में गीता से श्रेष्ठ कोई भी दूसरी वस्तु नहीं है। गीता में वर्णित ज्ञान ऐसा उत्तम व सर्वकालिक है, जिसकी उपयोगिता कभी भी कम नहीं हो सकती। भारतीय मनीषियों के अलावा कई विदेशी विद्वानों ने भी गीता के महत्व को समझा और अपने जीवन में इसके सिद्धांतों को लागू किया। यह महान पवित्र ग्रंथ गीता का ही




असर था कि ईसाई मत मानने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री मिस्टर पियर ट्रूडो गीता पढ़कर भारत आये। उन्होंने कहा था कि जीवन की शाम हो जाए और देह को दफनाया जाए, उससे पहले अज्ञानता को दफनाना जरूरी है।

ओपेनहाइमर : भगवद् गीता से कैसे प्रभावित हुए?

रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने परमाणु बम विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध की दिशा बदल दी। ओपेनहाइमर ने संस्कृत भाषा सीखी और श्रीमद् भगवद गीता को अपनी पसंदीदा पुस्तकों में से एक माना। जब द क्रिशचियन सेंचुरी के संपादकों ने उनसे पूछा कि वे कौन-सी किताबें हैं, जिन्होंने उनके दार्शनिक दृष्टिकोण को सबसे ज्यादा प्रभावित किया, तो चार्ल्स बौडेलेयर की पुस्तक ''लेस फ्लेर्स डू माल'' को पहला और ञ्श्री भगवद गीता'' को दूसरा स्थान मिला।

सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी ओपेनहाइमर को बर्कले में संस्कृत के प्रोफ़ेसर आर्थर डब्ल्यू राइडर ने संस्कृत से परिचित कराया था। उसके बाद उन्हें गीता से परिचित कराया गया था। जुलाई 1945 में न्यू मैक्सिको के रेगिस्तान में पहले परमाणु बम के विस्फोट से दो दिन पहले रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने गीता का एक श्लोक सुनाया। इतिहास बदलने वाली घटना से कुछ घंटे पहले, ''परमाणु बम के जनक'' ने संस्कृत से अनुवादित एक श्लोक को पढ़कर अपना तनाव दूर किया, जिसका हिंदी अनुवाद इस प्रकार है -

''युद्ध में, जंगल में, पहाड़ों की चोटी पर
अन्धकारमय महान सागर पर, भालों और बाणों के बीच,
नींद में, उलझन में, शर्म की गहराई में,
मनुष्य द्वारा पहले किये गए अच्छे कर्म ही उसकी रक्षा करते हैं।ञ्

श्रीमद् भगवद् गीता ने पश्चिम की दुनिया को गहरा प्रभावित किया है। गीता दर्शन को जानने के बाद पश्चिम के विद्वानों ने गीता के जीवन दर्शन को अपनाने के लिए अपनी बौद्धिक ऊर्ज़ा लगा दी। दरअसल वे किसी वैज्ञानिक उपलब्धि की खोज में नहीं थे। वे इससे भी आगे विकारों से रहित मानव मन और आत्मिक शांति की खोज में थे। इसका समाधान उन्होंने श्रीमद् भगवद् गीता में पाया। इन विद्वानों में दार्शनिक इमैन्युअल (1724-1804), हर्डर (1744-1805) फिटश (1762-1814), हीगल (1770-1831), श्लेगल (1772-1829) शिलर (1759-1805) और गोएथे (1749-1832) प्रमुख हैं।

फ्रेडरिक वान श्लेगल ने गीता का अनुवाद किया। जर्मन के अग्रणी विद्वान बेरन विल्हेल्म ने 1821 में संस्कृत का अध्ययन शुरू किया। गीता पढ़ने के बाद उन्होंने भगवान का आभार माना कि उन्हें लंबा जीवन दिया, ताकि वे सर्वाधिक प्रेरणादायी पुस्तक को आत्मसात कर पाए। उन्होंने 1825 में अकादमी ऑफ सिएंस के समक्ष गीता पर अपना प्रसिद्ध व्याख्यान दिया था।

वर्ष 1820 में ओ फ्रेंक विद्वान ने गीता का पहला लैटिन अनुवाद प्रकाशित किया। इसके बाद 1822 में ए.डब्ल्यू. वान श्लेगल ने पहली बार लैटिन में सम्पूर्ण अनुवाद प्रकाशित किया। सर विलियम जोन्स (1756-1794) भारत में 10 साल रहे। वे पहले अंग्रेज अधिकारी थे, जिन्हें संस्कृत का सम्पूर्ण ज्ञान था। उन्होंने गीता, रामायण, महाभारत और संस्कृत के अन्य क्लासिकल साहित्य जैसे कालिदास का अभिज्ञान शाकुंतलम, ऋतुसंहार और जयदेव के गीत गोविंदम् से इंग्लैंड के लोगों को परिचित कराया। वे एशियाटिक सोसाइटी के पहले अध्यक्ष बने और चार्ल्स विलकिंस को संस्कृत पढ़ने बनारस भेजा। उन्होंने चार्ल्स विलकिंस द्वारा अनुवादित गीता भगवद गीता - डायलॉग ऑफ श्रीकृष्णा एंड अर्जुन का प्रकाशन कराया। इसकी भूमिका उन्होंने खुद लिखी थी। यह 1783 का वर्ष था। सर एडविन अर्नाल्ड ने 1885 में गीता का अनुवाद किया, जिसका शीर्षक था द सॉन्ग सेलेशल। इसी को पढ़कर महात्मा गांधी ने गीता के महत्व को समझा। पश्चिम के कई महान कवि लेखक भगवद् गीता से प्रेरित हुए हैं। इनमें एस टी कोलरिज, पी.बी. शैली, थॉमस कार्लाइल, अमेरिकन कवि एमर्सन, रॉबर्ट ब्राउनिंग, अलफ्रेड टेनिसन, विलियम ब्लैक, टी एस इलियट और डब्ल्यू.बी. यीटस और भी बहुत कवि दार्शनिक हैं, जिनकी एक लंबी सूची है। डॉ. एस. राधाकृष्णन ने गीता की व्याख्या कर स्टालिन का मन बदल दिया था। विनोबा भावे ने कहा था ''गीता प्रवचन मेरी जीवन की गाथा है और वही मेरा संदेश है।

अवनीश सोमकुवर

# बीमा सखी योजनाः ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त

**प्रियंका सौरभ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत से महिलाओं के लिए 'बीमा सखी' योजना शुरू की। बीमा सखी योजना का उद्देश्य बीमा के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह महिला उद्यमिता को बढ़ावा देता है और पूरे भारत में आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाता है। खास बात यह है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत की थी। पानीपत शहर ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। यह अपनी लड़ाइयों के लिए जाना जाता है और अब भारत में महिला सशक्तिकरण पहलों का केंद्र बिंदु है। ''बीमा सखी योजना'' शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। ''बीमा सखी योजना'' महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है। यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मज़बूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिला अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। 'बीमा सखी योजना' पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' आंदोलन की शुरुआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल क़ायम करता है। महिला अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मज़बूत करेगी। 'बीमा सखी योजना' राज्य की सफल महिला-केंद्रित नीतियों के पोर्टफोलियो में शामिल होगी और समावेशी विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाएगी। 'नारी शक्ति' पर सरकार के ज़ोर को लोकसभा में पारित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' जैसे प्रयासों के माध्यम से मज़बूत किया गया, जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया गया। इस योजना की पात्र महिलाओं को योजना के बारे में सूचित करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियाँ आवश्यक हैं। योजना की सफलता के लिए वेतन और कमीशन का समय पर वितरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है। बीमा क्षेत्र में अपनी भूमिका को बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए महिला एजेंटों के लिए एक मज़बूत सहायता प्रणाली का निर्माण करना। आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10वीं या 12वीं कक्षा की होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, शैक्षिक प्रमाण पत्र शामिल हैं और महिलाओं को ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों की निवासी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बीमा सखी के रूप में तैयार करने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए गए विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रमाणन प्रदान किया जाता है। एक निश्चित मासिक वेतनः पहले वर्ष में 7, 000, दूसरे में 6, 000 और तीसरे वर्ष में 5, 000 और बेची गई बीमा पॉलिसियों पर कमीशन के माध्यम से अतिरिक्त आय मिलेगी।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में सेहत के लिए अच्छा नहीं होता रोजाना नहाना

गर्मियों में रोजाना नहाना सभी को अच्छा लगता है और यह जरुरी भी होता है लेकिन सर्दियो में नहाना किसी के लिए चुनौती से कम नहीं है, लेकिन एक अध्ययन के अनुसार सर्दियों में रोजाना नहाना सेहत के लिए अच्छा नहीं होता। बॉस्टन (अमेरिका) के डर्मैटॉलजिस्ट डॉक्टर रनेला के अनुसार लोग रोजाना गंदे होने की वजह से नहीं बल्कि समाज के प्रेशर की वजह से नहाते हैं। कई स्टडीज में यह साबित हो चुका है कि स्किन में खुद को साफ करने की बेहतर क्षमता होती है। अगर आप जिम नहीं जाते या रोजाना पसीना नहीं बहाते, धूल-मिट्टी में नहीं रहते तो आपके लिए रोजाना नहाना जरूरी नहीं है। अगर सर्दियों में गरम पानी से देर तक नहाते हैं तो यह फायदे से ज्यादा आपको नुकसान पहुंचा सकताहै। ऐसा करने से आपकी स्किन ड्राई हो सकती है क्योंकि नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं। ये ऑयल आपको मॉइश्चराइज्ड और सुरक्षित रखते हैं। अगर आपको रोजाना नहाना जरूरी है तो 10 मिनट से ज्यादा देर न नहाएं। आपकी स्किन अच्छे बैक्टीरिया पैदा करती है जो कि इसको हेल्दी रखते हैं और केमिकल्स के टॉक्सिन्स से बचाते हैं। जॉर्ज वॉशिंग्टन यूनिवर्सिटी (वॉशिंग्टन डीसी, यूएस) के असिस्टेंट प्रफ़ेसर डॉक्टर सी ब्रैंडन मिशेल का कहना है कि नहाने से स्किन के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं जिससे गुड बैक्टीरिया भी हट जाते हैं। ये बैक्टीरिया इम्यून सिस्टम को भी सपॉर्ट करते हैं। इसलिए सर्दियों में हमें हफ्ते में दो या तीन दिन ही नहाना चाहिए। रोज गरम पानी से नहाने से आपके नाखूनों को भी नुकसान पहुंचता है। नहाते वक्त आपके नाखून पानी अवशोषित कर लेते हैं फिर सॉफ्ट होकर टूट जाते हैं। इनका नेचुरल ऑयल भी निकल जाता है जिससे ये रूखे और कमजोर हो जाते हैं। पर्सनल से ज्यादा अगर सोशल कंसर्न के बारे में सोचें तो रोजाना नहाने से पानी की बर्बादी भी होती है। एक स्टडी के मुताबिक एक व्यक्ति के नहाने में रोजाना 55 लीटर पानी बर्बाद होता है।

## धर्म मंत्र

# शिव का रौद्र रूप माना जाता है भगवान काल भैरव को

कालाष्टमी के दिन भगवान भैरव की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति भयमुक्त होता है और उसके जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाती है। मान्यता यह भी है कि इस दिन भगवान भैरव की पूजा करने से रोगों से भी मुक्ति मिलती है। काल भैरव जयंती के दिन भगवान काल भैरव की पूजा की जाती है। भगवान काल भैरव को भगवान शिव का रौद्र रूप माना जाता है। हिंदू धर्म में काल भैरव जयंती सबसे शुभ दिनों में से एक माना गया है। इस दिन भक्त सुबह सूर्योदय से पहले उठते हैं और स्नान करते हैं। फिर इसके बाद भगवान काल भैरव का आशीर्वाद लेने के लिए विशेष पूजा की जाती है। काल भैरव जयंती को भैरव अष्टमी और भैरव जयंती के रूप में भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव के मंत्रों का जाप और काल भैरव कथा का पाठ करना चाहिए। इससे जीवन में सफलता और कामनाओं की पूर्ति होती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि काल भैरव जयंती हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस दिन भोलेनाथ के रौद्र रूप काल भैरव का अवतरण हुआ था। तंत्र साधना के देवता काल भैरव की पूजा रात में की जाती है इसलिए अष्टमी में प्रदोष व्यापनी तिथि का विशेष महत्व होता है। यह दिन तंत्र साधना के लिए उपयुक्त माना गया है। ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, भगवान शिव ने कृष्ण अष्टमी पर काल भैरव का रूप धारण किया था। उन्हें काशी के निर्देशों और संरक्षण का रक्षक माना जाता है।

## पर्यटन



# ट्रैकिंग के शौकीन हों या फिर इतिहास के, हर तरह के पर्यटकों के लिए रोमांच से भरा है 'तेनी'

यहां दाखिल होते ही आप एक ऐसे इलाके में कदम रखते हैं जहां नीलगिरी की पहाड़ियों की ऊंचाई कम होने लगती हैं। इन पर रस्सी के समान लिपटी सड़कों के घुमावदार मोड़ों पर चलते ही आपको प्रकृति नए रूप में नजर आने लगती हे। प्रकृति का यह अलग रंग आपको अपनी मोहपाश में यूं बांधता है जैसे कोई अदृश्य जादू चल रहा हो। आप इन सड़कों के आसपास खुले खेत देखते हैं। मैदानी इलाकों की तरह आम के बाग दिखने लगते हैं। उन सर्पिल रस्तों से नीचे उतरते हुए नारियल और केले के बड़े-बड़े खेतों का सौन्दर्य अपने सभी रूपों के साथ प्रकट होता है। यूं तो नीलगिरी के वातावरण में हरियाली बहुत है लेकिन इस हरे पन का यह अनुभव अलहदा है! तमिलनाडू के इस कृषि प्रधान जिले की यही खूबसूरती है। यकीनन यह एक सुंदर कल्पनालोक है, जहां हर तरह के पर्यटकों को अपने लिए कुछ न कुछ खास जरूर मिल जाता है। जैसे, ट्रेकिंग के शौकीन यहां की पहाड़ियों पर अपने रोमांच को जी सकते हैं तो मंदिर आदि में रुचि रखने वालों के लिए द्रविड़ शैली के अद्भुत पूजा स्थल खड़े हैं। दरअसल, तेनी भक्ति के रंग में रंगे यात्रियों को भी निराश नहीं करता है। यहां उनके लिए भी बहुत से मंदिर हैं जो अपनी ऐतिहासिकता के साथ साथ स्थानीय संस्कृति को सदियों से सहेज कर रखने के लिए जानी जाते हैं। इन मंदिरों में कामाची अम्मान मंदिर, वेल्लापर मंदिर आदि में दर्शन-पूजन करने वालों की आमद रहती है। यही स्थिति दूसरे धर्म से जुड़े पूजा स्थलों की भी है। चर्च और मस्जिदों की संख्या इसे उन विशिष्ट स्थानों में शुमार कराती है जो भारतीय बहुलतावादी संस्कृति की पहचान के रूप में विख्यात हैं। तेनी में जंगल के छोटे-बड़े 27 हिस्से हैं। शहर की भागमभाग से दूर जो लोग शांति की तलाश में आते हैं उनके लिए यहां के चाय बागान किसी स्वर्ग की तरह हैं। यहीं पर कोलुकामलाई टी एस्टेट है जिसके बारे में इतना ही जान लेना पर्याप्त होगा कि यह विश्र्व में सर्वाधिक ऊंचाई पर बसा हुआ ओर्गेनिक चाय का बागान है।

# टीआई की डाट फटकार से बस परिचालक की मौत, आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रोडवेज बस बाराबंकी डिपो के परिचालक सुरेश सैनी को अनियमिता के लिए टीआई मोहम्मद अशरफ द्वारा फटकारे जाने से बस में बैठने के बाद मौदंदंत हुई। परिचालक पर आरोप है कि उसने गाड़ी में बैठे आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को बिना टिकट ले जा रहा था। जिस पर टीआई ने कड़ी फटकार छंश्र बैठ गया। जहां उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। वहीं बस में बैठे लोगों की माने तो परिचालक की मृत्यु टीआई की फटकार के सदमे सेहृदय गति रुक ऊऊजाने से हुई। इसके अतिरिक्त यात्रियों ने कहा कि बस में परिचालक के अचानक से अचेत होने पर आरोपी टीआई मौके से

## मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा एसडीएम बोले जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई

अपनी टीम समेत भाग खड़े हुए। जबकि शायद वह अपने साधन से परिचालक को स्थानीय अस्पताल लेकर जाते तो परिचालक की जान बच भी सकती थी। इस संबंध में मृतक के पुत्र इंद्रेश सैनी ने मसौली कोतवाली में शिकायती पत्र देकर गाड़ी चेकिंग के दौरान टीआई द्वारा मारपीट करने व अवैध वसूली को लेकर धमकी दिए जाने सहित नौकरी से हटाने के दबाव पर पिता की मृत्यु होने का आरोप लगाया है।शहर? में स्थित पुराना बस अड्डा से अनुबंधित बस संख्या यूपी 41 एटी 2760 सुबह सात बजे टिकैतनगर के लिए निकली। रास्ते में थाना मसौली के पास हाईवे शहाबपुर टोल प्लाजा के पास परिवहन विभाग के टीआई ने चेकिंग के लिए बस को रोक लिया। बस चेकिंग के दौरान परिचालक सुरेश चन्द्र सैनी (58) पुत्र इंद्रेश सैनी निवासी ग्राम जेवरी थाना मसौली की तबियत बिगड़ने लगी। निरीक्षण में टीआई ने बस में आधा दर्जन से अधिक यात्री बगैर टिकट पाए? गए। जिसपर उन्होंने परिचालक सुरेश सैनी को जमकर फटकार लगाई और अंजाम भुगतने की बात कही। अधिकारी से मिली डांट फटकार के बाद परिचालक बस में अपनी सीट पर आकर बैठ गया। इसके बाद वह अचानक से अचेत हो गया। इधर परिचालक के बेहोश होने की जानकारी पर टीआई भी अपनी टीम समेत रफ्फुचक्कर हो गए। तो बस चालक मों आलम गाड़ी मोड़कर परिचालक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डाक्टरों ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने उन्हें हार्ट अटैक पड़ी की बात चालक से बताई। जिसकी जानकारी पर बड़ी संख्या में परिचालक व परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर सभी ने आरोप लगाया कि परिचालक सुरेश की मौत दी की फटकार के बाद हुई है। अगर टीआई समय रहते परिचालक को स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचते, तो शायद उसकी जान बच जाती।

# धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम में शामिल होंगे चम्पत राय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय 14 दिसंबर को जिले में एक संगठनात्मक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। जिसको लेकर विहिप के जिला मंत्री राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 दिसम्बर को जिले में होने वाले धर्म रक्षा निधि पूजन कार्यक्रम में विहिप नेता चम्पत राय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। बता दें कि राम मंदिर के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर देने वाले विहिप नेता चंपत राय अविवाहित है। जिन्होंने राम मंदिर के लिए जीवन खपा दिया। आपातकाल में उन्हें 18 महीने की जेल भी हुई। चंपत राय सुप्रीम कोर्ट में चली राम मंदिर के मुकदमे की सुनवाई में मुख्य पैरोकार एवं पक्षकार रहे हैं। राम जन्मभूमि के पक्ष में महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने और सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। राम मंदिर भूमिपूजन समारोह के आयोजन का प्रबंधन भी उन्होंने ही किया था। इसके अतिरिक्त वर्तमान में राम मंदिर का सम्पूर्ण निर्माण कार्य उनकी ही निगरानी में संपन्न हो रहा है।

## नि:शुल्क परिचय पत्र पाकर चहके बच्चे

सुलतानपुर। 'भदैयां ब्लॉक अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय खानीपुर' में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। साथ प्रतिवर्ष की भांति विद्यालय के 'सहायक अध्यापक शक्ति प्रकाश पाठक' की तरफ से सभी बच्चों को नि:शुल्क परिचय पत्र वितरित किया गया। शिक्षक शक्ति प्रकाश पाठक ने विश्व मानवाधिकार दिवस के बारे में बच्चों को बताते हुए कहा कि अधिकारों के साथ साथ हमें अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आग्रह किया। कक्षा 5 की छात्रा दिव्या , शिवानी और संजना ने प्रेरणा गीत 'आंधी क्या है तूफान मिले चाहे जितने व्यवधान मिले, बढ़ना ही अपना काम है बढ़ना ही अपना काम है' प्रस्तुत किया।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वन हेतु अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी , । मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन के अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। ई-आफिस प्रणाली के माध्यम से ही आगामी समय में कार्यालयों में पत्रावलियां प्रस्तुत की जाएंगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सभी कार्यवाहियाँ शासन की मंशा के अनुरूप पत्रावलियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। ई-ऑफिस में किसी भी समय पत्रों एवं फ़ाइलो पर कार्य किया जा सकता है। कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से ई ऑफिस प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार अधिकारी व संबंधित पटल सहायक पत्रावलियों का अंतरण इलेक्ट्रॉनिकली संचरण करेंगे। ई ऑफिस संचालित करने के लिए क्या-क्या बेसिक आवश्यकतायें और इंफ्रास्ट्रक्चर होना चाहिए इन सब बातों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री मनीष कुमार , जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, डीसी मनरेगा श्री बृजेश कुमार, डीसी एनआरएलएम श्री बीके मोहन, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी श्री अतुल अवस्थी, उप कृषि निदेशक श्री श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी श्री राजित राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार देव पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी श्री राकेश तिवारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री धर्मेन्द्र उपाध्याय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# संत सरकार के नेताओं के उकसावा भाषणों से हो रही हत्याएं : रणधीर सिंह सुमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। इस संत सरकार के नेताओं के उकसावा पूर्ण भाषणों की वजह से बहराइच में एक नौजवान की हत्या हो जाती है और संभल में पुलिस द्वारा गोली चलाने से पांच नौजवानों की मृत्यु हो जाती है। प्रदेश में ऑपरेशन लंगड़ा चल रहा है जिसमें नौजवानों को पकड़कर पैरों में गोली मारी जा रही है। जेल में लोग सुरक्षित नहीं है, किसी को जहर पिलाया जा रहा है। हत्याएं हो रही हैं यह आरोप लगाते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि इस प्रदेश में न्यायमूर्ति संविधान और कानून के अनुसार ना चलने की बात कहकर कहते हैं कि बहुतसंख्यक वाद के भावनाओं के आधार पर चलना चाहिए। इस दौरान पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि अडानी का वारंट अमेरिकी अदालत अमेरिकी अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में किया है,वहीं सरकार भ्रष्टाचार की जांच न करा कर उनके समर्थन में खड़ी है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हो रहा है प्रेस का गला घोटा जा रहा है ।वही पार्टी के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा कि किसान परेशान है नौजवान बेरोजगार है प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है ।कम्युनिस्ट पार्टी किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने जुलूस भी निकाला और जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भी दिया ।प्रदर्शन में राजेंद्र बहादुर सिंह ,श्याम सिंह अंकुर वर्मा, रुबी सिंह चंदेल,अलाउद्दीन, दीपक शर्मा, प्रदीप शर्मा , शिव दर्शन वर्मा,सच्चिदानंद श्रीवास्तव, महेंद्र यादव, राजकुमार वर्मा, अमर सिंह, कल्लू राम, प्रेमचंद , जियालाल वर्मा ,बालकृष्ण शुक्ला, नैमिष सिंह ,धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव जीतू भैया आदि प्रमुख लोग।

# इंटरनेट फास्ट नेक्टिविटी आगे आया बीएसएनल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। बीएसएनएल खराब सेवा से मोहभंग हो चुके ग्राहकों के लिए नई स्कीम लाई है। इसके तहत उपभोक्ताओं को रिझाने का प्रयास किया जा रहा है। अब भारत एयर फाइबर सर्विस के जरिए गांवों को भी इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। इसमें सस्ते दर पर ग्राहकों को अच्छी इंटरनेट स्पीड देने की योजना चालू की गयी है। मंगलवार को बीएसएनएल डीओटी अशोक कुमार ने ग्राम पंचायत नसीरनगर एव मुबारकपुर मे भारत फाइवर सेवा का जायजा लिया। बताते चले कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों को प्राइवेट ब्राडबैंड कंपनियां अच्छी सेवा दे रही हैं। इसी तर्ज पर बीएसएनएल ने भारत एयर फाइबर सर्विस की शुरुआत की है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में एंटीना के माध्यम से हाइस्पीड इंटरनेट कनेक्शन दिया जा रहा है। मंगलवार को भारत दूरसंचार विभाग दिल्ली से आये मुख्य सतर्कता अधिकारी अशोक कुमार ने ग्राम पंचायत मुबारकपुर एवं नसीरनगर का निरीक्षण किया और भारत सरकार द्वारा समर्थित भारतनेट प्रोजेक्ट के तहत दी जा रही भारत फाइबर सेवा का निरीक्षण किया और यहाँ जन मानस को दी जा रही सेवाओ की जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों मे भी बीएसएनएल की सेवाओ के प्रति उत्साह दिखा । अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर में स्मार्ट क्लास रूम का भी अवलोकन किया जो भारतनेट सेवा द्वारा पोषित है साथ ही साथ बच्चों को पेन ,बुक देकर उत्साहवर्धन किया । सभी अधिकारियों के साथ मुख्य सतर्कता अधिकारी-डीओटी ने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम का भी रोपण किया । मुबारकपुर ग्राम प्रधान कान्ति देवी एवं नसीरनगर ग्राम पंचायत संतोष कुमारी भी उपस्थित रही ।

साथ ही साथ दूरभाष केन्द्र मसौली में स्वदेशी 4 जी तकनीक से उन्नत मोबाइल टावर, पावर प्लांट का निरीक्षण भी किया । निरीक्षण में कुछ ग्रामीणो के द्वारा सिम के पुराने होने के कारण सही इंटरनेट की सही स्पीड न मिलने की बात कही गई इस पर प्रधान महाप्रबंधक मोबाइल के द्वारा इनके मोबाइल सिम को उच्च तकनीक आधारित 4 जी सिम में उन्नत करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आलोक कुमार मिश्रा, प्रधान महाप्रबंधक सीएफए अतुल शर्मा , डीडीजी ए के मिश्रा एवं व्यवसाय एरिया प्रमुख ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी , फुरकान अख्तर निदेशक दूरसंचार ,आदित्य सिंह निदेशक दूरसंचार , प्रधान महाप्रबंधक अजय पाल सिंह , प्रधान महाप्रबंधक नितीश सिन्हा , सीसीए संगीत कुमार , उप महाप्रबंधक भारतनेट शैलेंद्र सिंह, अभिनव एवं पंचायत विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पीपल के पेड़ से लटकता मिला कंकाल

रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के सरसवा ग्राम में सुमली नदी के पास पीपल के पेड़ में रस्सी के सहारे एक कंकाल लटकता बरामद किया।ग्रामीणों की सूचना से मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से चप्पल झोला मोबाइल नंबर लिखी पर्ची के साथ ही शर्ट की जेब में 1530 रुपए बरामद किए।पर्ची में लिखा नंबर मृतक के रिश्तेदार का था जिसके माध्यम से पुलिस द्वारा शव की पहचान बहराइच जनपद के ग्राम अहाता निवासी रामतेज 40 वर्ष के रूप में की गई।पुलिस द्वारा कार्यवाही के बाद शव को परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

## प्रधान व केयरटेकर सम्मानित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।विश्व शौचालय दिवस के समापन कार्यक्रम पर सामुदायिक शौचालय केयर टेकरों एवं प्रधानों को सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## चकबंदी प्रक्रिया को समय के साथ पूर्ण करे :डीएम



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है उसमें तेजी लाई जाए। जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है उन गांवों में अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि ग्रामपंचायतों में चारागाह, तालाब व अन्य प्रकार की सरकारी जमीनों पर यदि किसी ने कब्जा कर रखा है तो उसपर कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को खाली कराया जाए। जहाँ पर चकबंदी प्रक्रिया का विरोध है उसके कारणों का पता लगाकर विरोध को दूर कराया जाए और अधूरी चकबंदी प्रक्रिया को अविलंब पूरा किया जाए। यदि कोई बेवजह चकबंदी प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न करे तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। ग्राम प्रधानों की यह प्रशासनिक जिम्मेदारी है कि वह चकबंदी के कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने में सहयोग करें। इस अवसर पर एडीएम श्री इन्द्रसेन, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी संजय विश्वास, चकबन्दी अधिकारीगण, शिव नारायण गुप्ता, राकेश सिंह, सुरेश शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, सहायक चकबंदी अधिकारीगण, प्रदीप कुमार चौधरी, आदित्य नारायण झा, नमिता श्रीवास्तव, हर्ष सिंह सूर्यनारायण यादव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय संघ, प्रिया अध्यक्ष सचिव बनी नीलम

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को ब्लॉक के जनलोक सभागार में मृगसिरा संकुल स्तरीय संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ । बैठक में 22 ग्राम संगठनों के अध्यक्ष और सचिव ने वोट डालकर मृगसिरा संकुल स्तरीय संघ के पदाधिकारियों को चुना।प्रिया सिंह को अध्यक्ष,नीलम देवी को सचिव,सीमा को कोषाध्यक्ष,अनीता मौर्या को उप सचिव,लक्ष्मी देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर बीएमएम बद्री प्रसाद ,संतोष कुमार,पूजा पांडे,शशि शंकर शुक्ला,सहायक विकास अधिकारी महिला मोनिका सिंह,सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अनिल कुमार सिंह और जिले के नोडल बीएमएम , डीएमएम उपस्थित रहे।

## फैंसी फंदे पर झूली विवाहिता हत्या का आरोप

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के दनापुर शुक्ल गांव में एक घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों मे विवाहिता का शव फांसी फंदे पर लटकता मिला। मृतका रूबी चौहान उम्र करीब 26 ने गांव के ही मनीष यादव से करीब तीन वर्ष पूर्व शादी की थी। उसे एक बेटी एक वर्ष तान्या है। जानकारी के अनुसार घर के सभी लोग खेत गए थे। घटना की सूचना पर कोतवाली बदोसराय पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही महिला के मायके पक्ष के परिजनों ने ससुराली जनों पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

## ससुरालियों के अपमान से दुखी युवक ने की आत्महत्या

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर मे 28 वर्षीय सतीश कुमार पुत्र रामकेवल का शव घर के अंदर साडी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट मे ससुराल से मिले उपेक्षा का आरोप है। जानकारी के अनुसार मृतक की ससुराल सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम मोहना की है जिसके दो एक 7 वर्षीय व 2 वर्षीय पुत्र है। मृतक गुजरात मे किसी केमिकल कम्पनी मे नौकरी करता था। एक माह पूर्व घर वापस आने पर पत्नी रेखा एव मृतक के बींच किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था और पत्नी बच्चो को लेकर मायके चली गयी थी चार पांच दिन पूर्व मृतक ससुराल गया था जहां पर ससुराल वालो ने बड़ी उपेक्षा की थी जिससे सतीश बड़े ही टेंशन मे था।

## खेलों से स्वस्थ रहता है मस्तिष्क -दाऊद अंसारी

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत कार्यालय के समीप स्थित मैदान में आयोजित तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद दाऊद अंसारी, द्खावारा लिद अंसारी द्वारा टूर्नामेंट कमेटी के सदस्यों शीबू खान ,मोहम्मद शोएब राइन, शाहिद अंसारी बबलू की गरिमामयी में उपस्थिति में फीता काट कर किया गया। श्री अंसारी द्वारा क्रिकेट प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलो से आपसी भाईचारा बढ़ने के साथ सेहत में भी इजाफा होता है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच में नूर इलेवन शाह कटरा के कप्तान फरहान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# सामूहिक विवाह में माननीयों ने नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



212 जोड़ो का विवाह सम्पन्न

बाराबंकी : समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज ऑडीटोरियम बाराबंकी में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में 206 हिन्दू तथा 06 मुस्लिम, कुल 212 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम श्री बैजनाथ रावत जी, मा0 अध्यक्ष अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती राजरानी रावत जी मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत, श्री अंगद सिंह जी मा0 सदस्य विधान परिषद तथा श्री दिनेश रावत जी मा0 विधायक हैदरगढ़ उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त श्री अन्ना सुदन मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती सुषमा वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। हिन्दू जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार बाराबंकी तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुफ्ती अख्तर इमाम जामा मस्जिद बाराबंकी द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# मासूम के साथ किया अप्राकृतिक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेही घाट बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र में रुपए का लालच देकर नाबालिग को अपने घर बुलाकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है।गांव निवासी करीब ग्यारह वर्षीय एक बालक घर के समीप खेलने गया था ।इसी बीच गांव का ही घंटी पुत्र श्यामलाल उसे दस रुपए देते हुए बहला फुसलाकर अपने घर बुला ले गया।आरोप है कि घर के अंदर ले जाकर युवक ने नाबालिग के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।इस घटना से नाबालिग की बिगड़ती हालत और रक्तस्राव देखकर परिजन घबरा गये। पूछने पर घटित अप्राकृतिक दुष्कर्म के बारे में परिजनों से आपबीती बताई ।पीड़ित की मां ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नाबालिग को उपचार और परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा।पुलिस ने आरोपी घंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर असंद्रा जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के शिकार बालक का मेडिकल परीक्षण करवाते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## आईसीसी ने सनी ढिल्लों पर छह साल का प्रतिबंध लगाया

एजेंसी



दुबई। भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद, एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर छह साल के लिए सभी तरह के क्रिकेट से प्रतिबंध लगा दिया गया है, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।

ढिल्लों उन आठ लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी , टूर्नामेंट के लिए ईसीबी की संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) द्वारा बाधित किया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों की प्रस्तुति के बाद, न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पायाः

अनुच्छेद 2.1.1 - अबू धाबी टी10 2021 में मैचों या मैचों के पहलुओं को ठीक करने, उनका निर्माण करने या अनुचित तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में भागीदार होना।

अनुच्छेद 2.4.4 - संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए प्राप्त किसी भी संपर्क या निमंत्रण के बारे में डीएसीओ को पूरी जानकारी देने में विफल होना।

अनुच्छेद 2.4.6 - संहिता के तहत संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में डीएसीओ द्वारा की गई किसी भी जांच में सहयोग करने में विफल होना या इनकार करना।

प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अंतिम रूप से निलंबित किया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया से क्लीन स्वीप से बचने की कोशिश करेगा भारत

एजेंसी

पर्थ। पहले दो मैच में करारी हार से आहत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप से बचने और अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी।

सात बार के विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया ने अभी तक तीन मैच की श्रृंखला में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा है जबकि भारत ने तीनों विभाग बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन किया है। दूसरे वनडे में रिकॉर्ड 122 रन की हार से भारत की कमजोरी का पता चलता है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम किसी भी समय 372 रन के लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी। भारत को सबसे अधिक निराश उसकी दो स्टार बल्लेबाजों कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना ने किया है।



मंधाना ने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 17 रन ही बना पाई है। इस सलामी बल्लेबाज की निगाह फॉर्म में लौटने पर टिकी होगी। हरमनप्रीत अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रही है। उन्होंने दो मैच में 57 रन बनाए हैं। भारतीय टीम इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में जल्दी बाहर हो गया था और तब से हरमनप्रीत की बल्लेबाजी और कप्तानी पर नजर रखी जा रही है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर की गई शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम ने कुछ अलग संयोजन आजमाए लेकिन उसकी तरफ से अभी तक रिचा घोष ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई है। रिचा ने दूसरे वनडे में 54 रन बनाए जो वर्तमान श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने अभी तक दो शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। इससे पता चलता है कि भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए कितना संघर्ष कर रहे हैं। पहले वनडे में भारत के केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंच पाए थे। भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उनका अपनी गेंद पर नियंत्रण नहीं रहा है। इस बीच क्षेत्ररक्षकों ने कैच टपका कर उनकी परेशानी बढाई। जहां तक ऑस्ट्रेलिया का सवाल है तो उसने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्टार बल्लेबाज एलिसा हीली की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने पहले मैच में नाबाद 46 और दूसरे मैच में 101 रन बनाकर चयनकर्ताओं के फैसले को सही साबित किया।

टीम इस प्रकार हैंः भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, उमा छेत्री, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकुर।

ऑस्ट्रेलियाः ताहलिया मैक्ग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 8.50 बजे शुरू होगा।

## सिराज को समय से पहले जश्न मनाने से रोके भारतः मार्क टेलर

एजेंसी

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना ??है कि मोहम्मद सिराज में अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की प्रवृत्ति है और भारतीय टीम में उनके सीनियर साथियों को इस मुद्दे पर इस तेज गेंदबाज से बात करनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करना बुरा लगता है। टेलर ने कहा कि सिराज को जब लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला आने से पहले ही जश्न मनाने के लिए अपने साथियों की तरफ दौड़ पड़ते हैं।

टेलर ने कहा, 'जहां तक मोहम्मद सिराज का सवाल है तो मैं चाहूंगा कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे बात करें। ट्रैविस हेड के साथ जो हुआ उसके बारे में इतना नहीं, बल्कि इस चीज को लेकर उनसे बात की जानी चाहिए कि जब उन्हें लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला देखने के लिए पलटते नहीं है और जश्न मनाना शुरू कर देते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके और खेल के लिए अच्छा नजारा नहीं होता है।' उन्होंने कहा, 'मुझे उसका जोश पसंद है, मुझे उसका प्रतिस्पर्धी स्वभाव पसंद है, मुझे यह तथ्य पसंद है कि हमारे पास वास्तव में एक अच्छी श्रृंखला चल रही है, लेकिन खेल का सम्मान भी है जिसे बनाए रखने की जरूरत है। मुझे लगता है कि सीनियर साथियों के साथ बात करने से उसे इस चीज को समझने में मदद मिलेगी।' एडिलेड में गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में हेड से संक्षिप्त बहस करने के बाद सिराज चर्चा का विषय बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 10 विकेट से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला 1ऽ1 से बराबर की। सिराज पर इसके लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच का मानना है कि सिराज के दिमाग ने कुछ देर के लिए काम नहीं किया और इस भारतीय तेज गेंदबाज को बाद में इसका पछतावा भी हुआ। कैटिच ने एसईएन रेडियो से कहा, 'यह शर्मनाक है कि सिराज ने तब दिमाग से काम नहीं लिया। खेल में इस तरह के व्यवहार की कोई जरूरत नहीं है।।'

## लिरेन के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेंगे गुकेश

एजेंसी

सिंगापुर। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश महत्वपूर्ण बढ़त गंवाने के बाद बुधवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 13वीं बाजी में जब गत चैंपियन डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उन्हें वापसी करने के अपने दृढ़ संकल्प पर भरोसा करना होगा।

सबसे कम उम्र के चैलेंजर 18 वर्षीय गुकेश और चीन के 32 वर्षीय लिरेन के बीच दिलचस्प मुकाबला चल रहा है जिसमें कोई भी खिलाड़ी लंबे समय तक अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाया है। एक दिन के विश्राम के बाद दोनों खिलाड़ी बुधवार को फिर से एक दूसरे का सामना करेंगे। इस 14 दौर के मुकाबले में 12 दौर के बाद स्कोर 6-6 से बराबर है और जो भी खिलाड़ी सबसे पहले 7.5 तक पहुंचेगा वह विश्व चैंपियन बन जाएगा। अगर 14 दौर के बाद भी स्कोर बराबर रहता है तो फिर टाइब्रेक का सहारा लिया जाएगा। गुकेश के पास 11वीं बाजी जीतने के बाद 7.5 के जादुई अंक तक पहुंचने का मौका था लेकिन वह अगली बाजी हार गए। भारतीय खिलाड़ी को अगली बाजी सफ़ेद मोहरों से खेलनी है और पूरा विश्वास है कि क्लासिकल प्रारूप में खेले जा रहे इस मुकाबले की इस महत्वपूर्ण बाजी में वह आक्रामक रवैया अपनाएंगे। अब जबकि मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है तब जो भी खिलाड़ी धैर्य से काम लेगा वह फायदे में रहेगा। इस मुकाबले में 10 बाजी के बाद स्कोर 5-5 से बराबर था लेकिन उसके बाद के अगले दो मैच का परिणाम निकला। लगातार ड्रॉ खेलने के कारण यह मुकाबला नीरस बन गया था लेकिन पिछले दो मैच ने इस 25 लाख डालर इनामी प्रतियोगिता में नई जान फूंक दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन के सभी टिकट बिके

**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन (बॉक्सिंग डे) के सभी टिकट बिक गए हैं जिससे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की इस श्रृंखला के प्रति लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है। टिकटों की यह भारी मांग ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में शानदार वापसी के बाद देखने को मिली है। भारत ने पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट मैच 295 रन से जीता था लेकिन ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला को बराबर करने में सफल रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले इन दोनों टीम के बीच शनिवार से ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया,''बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन के आम जनता के लिए उपलब्ध सभी टिकट बिक गए हैं। 24 दिसंबर को आम जनता के लिए कुछ और टिकट जारी किए जा सकते हैं।''

### अफगानिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ट्रॉट का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है और इस तरह से वह 2025 में भी अपनी इस भूमिका को निभाएंगे।

यह घोषणा अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से कुछ महीने पहले की गई है। अफगानिस्तान पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। इंग्लैंड के 43 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के मुख्य कोच का पद संभालाा था। उनके मार्गदर्शन में टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभावशाली प्रगति की है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, ''अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ट्रॉट को अफगानिस्तान की टीम के साथ अगले साल के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता है। वह अफगानिस्तान क्रिकेट को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रॉट की नियुक्ति के बाद से अफगानिस्तान ने 34 एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिनमें से 14 में उसने जीत हासिल की है। इस दौरान अफगानिस्तान ने जो 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले उनमें से 20 में उसे जीत मिली। अफगानिस्तान की टीम अभी जिंबॉब्वे का दौरा कर रही है जहां वह तीन टी20, तीन वनडे और जो टेस्ट मैच खेलेगी। ट्रॉट वनडे श्रृंखला के लिए ही अपनी सेवाएं दे पाएंगे। वह व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के कारण टी20 और टेस्ट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बयान में कहा गया है कि ट्रॉट की अनुपस्थिति में हामिद हसन मुख्य कोच और नवरोज मंगल सहायक मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे।

## भारत एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ है। सोमवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रॉ में 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफ़ाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे जिन्होंने क्वालीफ़ाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफ़ायर फ़ाइनल राउंड 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में खेला जाएगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए, बांग्लादेश के खिलाफ़ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत ने हाल के दिनों में तीनों प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया है। ब्लू टाइगर्स ने आखिरी बार 2021 सैफ चैंपियनशिप में बांग्लादेश का सामना किया था, जून 2022 में कोलकाता में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग का सामना किया था और सितंबर 2022 में वियतनाम में हंग थिन्ह फ्रेंडली टूर्नामेंट में सिंगापुर का सामना किया था। नवंबर में जारी फीफा रैंकिंग के अनुसार, भारत 127वें, हांगकांग 156वें, सिंगापुर 161वें और बांग्लादेश 185वें स्थान पर है। ड्रॉ के बाद भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ ने कहा, ''हम पॉट 1 टीम हैं और हमें यह दिखाने की ज़रूरत है कि हम क्वालिफाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं। समूहों के बीच बहुत ज़्यादा अंतर नहीं है। हर समूह मुश्किल है। हांगकांग ने स्वाभाविक खिलाड़ियों और अपने कोच एश्ले वेस्टवुड के साथ बहुत सुधार किया है।

## यूपी के विकास के साथ कदमताल कर रहा एक्सिस बैंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एक्सिस बैंक उत्तर प्रदेश (यूपी) के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर अडिग है। इसी क्रम में कदम उठाते हुए बैंक इस प्रदेश में अपनी मौजूदगी का तेजी से विस्तार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, ताकि राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने के विजन का समर्थन किया जा सके।



उत्तर प्रदेश में एक्सिस बैंक के गहन निवेश की चर्चा करते हुए, एक्सिस बैंक की प्रेसिडेंट और हैड-ब्रांच बैंकिंग अर्निका दीक्षित ने कहा, ''एक्सिस बैंक में, उत्तर प्रदेश के साथ हमारा संबंध बैंकिंग से कहीं आगे जाता है; यह राज्य की उल्लेखनीय विकास कहानी में अपनी ओर से महत्वपूर्ण योगदान देने के बारे में है। महिला उद्यमियों और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने से लेकर राज्य के प्रतिष्ठित धार्मिक गलियारों में डिजिटल इनोवेशन को आगे बढ़ाने तक, हम जीवन पर सार्थक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक्सिस बैंक को सरकार के विजन का एक अभिन्न अंग बनने और ऐसे अवसर पैदा करने का सम्मान मिला है जो इसके लोगों की आकांक्षाओं के साथ गहराई से मेल खाते हैं। यह हमारे लिए व्यवसाय से कहीं अधिक है - यह संभावनाओं से भरे राज्य में सशक्तिकरण और प्रगति की विरासत का निर्माण करने संबंधी प्रयासों के बारे में है। एक्सिस बैंक ने उत्तर प्रदेश में अनेक प्रभावशाली पहल शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना है। यूपी सरकार के जल निगम, नगर निगम और विद्युत विभाग के साथ रणनीतिक सहयोग में, एक्सिस बैंक ने वाराणसी में 1 लाख क्यूआर कोड सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं, जिसका लक्ष्य यूटिलिटी पेमेंट को आसान और सरल बनाते हुए 3 लाख घरों तक पहुँचना है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक गलियारों में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के अपने व्यापक प्रयासों के तहत, एक्सिस बैंक ने श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए काशी विश्वनाथ और अयोध्या में डिजिटल संग्रह और दान सेवाओं को सक्रिय किया है। उत्तर प्रदेश में अपने व्यापक निवेश और पहलों के माध्यम से, बैंक समग्र प्रगति और समावेशी विकास को सक्षम करने पर केंद्रित है।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22178-SLR-F1-BSB-CSMT-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22417-SLR-F2-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 3785/2024 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शुरूआती तेजी गंवाकर शेयर बाजार सपाट

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, पावर और सर्विसेज समेत दस समूहों में बिकवाली जबकि अन्य ग्यारह में लिवाली होने की बदौलत आज शेयर बाजार शुरूआती तेजी गंवाकर कारोबार के अंत में सपाट बंद हुआ।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1.59 अंक बढ़कर 81,510.05 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 8.95 अंक फिसलकर 24,610.05 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत बढ़कर 47,967.15 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,503.12 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4093 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2019 में लिवाली जबकि 1945 में बिकवाली हुई वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य 23 में तेजी का रुख रहा।

बीएसई के दस समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे ऊर्जा 0.21, हेल्थकेयर 0.11, इंडस्ट्रियल्स 0.06, दूरसंचार 1.18, यूटिलिटीज 0.93, ऑटो 0.04, कैपिटल गुड्स 0.35, तेल एवं गैस 0.23, पावर 0.59 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.47 प्रतिशत गिर गए। वहीं, आईटी 0.70, धातु 0.41, रियल्टी 1.22 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.55, जर्मनी का डैक्स 0.10 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.50 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जापान का निक्केई 0.53 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.59 प्रतिशत चढ़ गया।शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 68 अंक बढ़कर 81,575.96 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 81,726.34 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जबकि बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 81,182.69 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,508.46 अंक के मुकाबले मामूली बढ़त के साथ 81,510.05 अंक पर सपाट रहा। इसी तरह निफ्टी भी 34 अंक उठकर 24,652.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,677.80 अंक के उच्चतम जबकि 24,510.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,619.00 अंक की तुलना में मामूली गिरावट लेकर 24,610.05 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फिनसर्व 1.59, एचसीएल टेक 1.31, इंफ़ोसिस 1.22, एसबीआई 1.14, बजाज फाइनेंस 0.95, आईसीआईसीआई बैंक 0.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.55, कोटक बैंक 0.52, टाइटन 0.44, टाटा स्टील 0.37, एशियन पेंट 0.26, इंडसइंड बैंक 0.15, टाटा मोटर्स 0.14, सन फार्मा 0.11, आईटीसी 0.05 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.03 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, नुकसान उठाने वाली कंपनियों में भारती एयरटेल 1.42, अडानी पोर्ट्स 1.39, टेक महिंद्रा 0.90, रिलायंस 0.79, एक्सिस बैंक 0.73, एलटी 0.67, मारुति 0.65, नेस्ले इंडिया 0.62, अल्ट्रासिमको 0.53, पावरग्रिड 0.38, एनटीपीसी 0.28, टीसीएस 0.27, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.09 और एचडीएफसी बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल है।

## भारत 2025 में भी मजबूत वृद्धि जारी रखेगा : एसएंडपी

नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में ''मजबूत वृद्धि'' के लिए तैयार है और मुद्रास्फीति का दबाव कम होने पर आरबीआइ मौद्रिक नीति में ''मामूली'' ढील दे सकता है।

साख निर्धारण करने वाली एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2025 के लिए भारत के अपने परिदृश्य में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के वृद्धि दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत और 2025-26 के लिए 6.9 प्रतिशत पर कायम रखा है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा, '' मजबूत शहरी खपत, सेवा क्षेत्र में स्थिर वृद्धि तथा बुनियादी ढांचे में जारी निवेश के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। राणा ने कहा, '' हम उम्मीद करते हैं कि मुद्रास्फीति संबंधी दबाव कम होने पर केंद्रीय बैंक 2025 के दौरान मौद्रिक नीति में मामूली ढील देगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले सप्ताह मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रेपा दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा था।

# साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे: मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो।

श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा, मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है। बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान को अधिकारों के मामले के रूप में देखा जाता है।



उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। डिजिटल युग, परिवर्तनकारी होने के साथ-साथ अपने साथ साइबरबुलिंग, डीपफ़ेक, गोपनीयता संबंधी चिंता और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है। ये चुनौतियाँ एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएँ भी पैदा कर रहा है। अब तक मानवाधिकारों का विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है, यानी उल्लंघनकर्ता को एक इंसान माना जाता है, जिसमें करुणा और अपराधबोध जैसी मानवीय भावनाएँ होती हैं। हालाँकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज़ के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व संभाला है। सरकार की पहल, जैसे कि 2022 ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवनशैली, या 'लाइफ' आंदोलन, भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए। उन्होंने सभी हितधारकों से बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करने की अपील की। उन्होंने व्यवसाय जगत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बढ़ती 'गिग इकॉनमी' गिग श्रमिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले। जैसे-जैसे हम नए आर्थिक मॉडल अपनाते हैं, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी व्यक्तियों, विशेष रूप से कमजोर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भलाई प्राथमिकता बनी रहे।

# कांग्रेस देश को अस्थिर एवं खंडित करना चाहती है : भाजपा

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रुंगटा ने कहा कि कांग्रेस कुछ विदेशी शक्तियों के साथ सांठगाठ कर भारत को अस्थिर कर खंडित करना चाहती है।

श्री रुंगटा ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से ही कांग्रेस जॉर्ज सोरोस के द्वारा वित्त पोषित संगठनों के साथ साझेदारी कर भारत में अस्थिरता का वातावरण पैदा करने में लगी है। राहुल गांधी जॉर्ज सोरोस के एजेंडों को न केवल आगे बढ़ा रहे हैं, बल्कि उनकी माँ सोनिया गांधी भी इन फाउण्डेशन के साथ मिलकर उनको मदद दे रही हैं। आष्चर्य तो यह है कि सोनिया गाँधी उस फाउण्डेशन की सह अध्यक्षा हैं, जो संगठन कष्मीर को एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व में भारत के किसानों के संबंध में झूठी रिपोर्ट हो या पेगासस और हिंडनवर्ग की भ्रामक रिपोर्ट, मणिपुर का विडियो हो या फिर सीएए के गलत तथ्यों का प्रकाशन या अभी इसी तरह अमेरिकी कोर्ट में अर्टानी की रिपोर्ट, महज यह संयोग नहीं, बल्कि ये सारी रिपोर्टें एक साजिश के तहत उस समय प्रकाषित की जाती है, जब देश की संसद का सत्र चलना होता है। यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि राहुल गांधी भारत विरोधी इन संगठनों के लिए एक टूल के रूप में काम कर रहे हैं। श्री रूंगटा ने कहा कि अडाणी, एलआईसी, एसबीआई और सेबी जैसी स्वयत संस्थाओं और कारोबारियों पर मिथ्या एवं आधारहीन आरोप लगाकर भारत के बढ़ते हुए शेयर बाजार में अफरातफरी का माहौल बनाकर देश की अर्थव्यवस्था को धराशायी करने की योजना के तहत ऐसी झूठी और भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित की जाती हैं। इन रिपोर्टों के आधार पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रेस वार्ता कर देश की जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। विदेशी मीडिया द्वारा आज तक जितनी भी इस तरह की रिपोर्टें आई हैं, सब की सब आधारहीन एवं तथ्यहीन साबित हुई हैं।

# वित्त वर्ष 2024 में स्टेनलेस स्टील की खपत 11 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में वित्त वर्ष 2023 की तुलना में स्टेनलेस स्टील की खपत वित्त वर्ष 2024 लगभग 11 प्रतिशत बढ़कर 44.6 लाख टन हो गई है।

इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएसएसडीए) के अनुसार वित्त वर्ष 2023 में यह 40.2 लाख टन थी। इसमें 'लॉन्ग' और 'फ्लैट' दोनों प्रकार के स्टेनलेस स्टील उत्पाद शामिल हैं। देश में स्टेनलेस स्टील की प्रति व्यक्ति खपत भी वित्तीय वर्ष 2024 में बढ़कर 3.1 किलोग्राम हो गई जबकि वित्तीय वर्ष 2019 में यह 2.25 किलोग्राम थी।

संगठन के अनुसार समग्र वहनीयता व ज़ंग रोधी गुणों, स्थायित्व और मजबूती के कारण बुनियादी ढांचा, प्रसंस्करण उद्योग, रेलवे क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में स्टेनलेस स्टील को प्राथमिकता दी जा रही है। 2047 तक 40 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को देखते हुए, सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले निर्माण, बुनियादी ढांचा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में स्टेनलेस स्टील की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने कहा, भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और खपत 11 प्रतिशत बढ़ना वहनीय सामग्रियों पर देश के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। पिछले दो दशक में विभिन्न क्षेत्रों में स्टेनलेस स्टील की मांग में विविधता आई है, हालांकि देश में प्रति व्यक्ति खपत अब भी वैश्विक औसत यानी 6.5 किलोग्राम से कम है। भारत की स्थापित क्षमता 75 लाख टन है और देश राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के मानकों के अनुरूप विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2047 तक 1.9-2.0 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। ऑटोमोटिव, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों, पर्यावरण हितैषी अर्थव्यवस्था (ग्रीन इकॉनोमी), समुद्री पर्यावरण के अनुकूल अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनोमी), रक्षा व एयरोस्पेस जैसे उभरते क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और औद्योगिक अनुप्रयोगों की वजह से यह वृद्धि होने का अनुमान है। इसके अलावा, मेक इन इंडिया, उत्पादन प्रोत्साहन (पीएलआई), अनुकूल व्यापार नीतियों और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने जैसी सरकारी पहलों से और वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हालांकि, उद्योग को विशेष रूप से चीन से लगातार हो रही निम्न गुणवत्ता स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# सोरोस के प्रत्यर्पण की मांग क्यों नहीं करती सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जार्ज सोरोस के नाम पर स्वांग रच कर असलियत पर पर्दा डालने का काम कर रही है और यदि सच में वह देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है तो सरकार को उसके प्रत्यर्पण के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।



श्रीमती श्रीनेत ने कहा कि अडानी को बचाने के लिए भाजपा और मोदी सरकार जॉर्ज सोरोस के नाम पर स्वांग रच रही है और यदि सोरोस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं तो भाजपा के नेताओं के रिश्तेदार उसकी कंपनियों से जुड़कर उनका संचालन क्यों कर रहे हैं। अगर वह देशविरोधी गतिविधियों में शामिल हैं तो भारत सरकार को उनके प्रत्यर्पण की मांग करनी चाहिए। भारत में उसका धंधा-पानी बंद कर उसके सारे बिजनेस और फंडिंग पर रोक लगानी चाहिए और अमेरिकी सरकार को लिखे कि जॉर्ज सोरोस हमारे देश के खिलाफ गतिविधियों में शामिल है इसलिए प्रत्यर्पण कर उसके खिलाफ भारत में एक्शन लेंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि सच यह है कि मोदी सरकार सोरोस को पैसे दे रही है। उसकी ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के 68 देशों में प्रोजेक्ट चल रहे हैं और इस फाउंडेशन की फंडिंग यूएन डेमोक्रेसी फंड से आती है। इस यूएन डेमोक्रेसी फंड में करीब 45 देश डोनर हैं और हिंदुस्तान नंबर चार का डोनर है। ऐसे में सवाल है कि मोदी सरकार क्यों यूएन डेमोक्रेसी को फंड डोनेट कर रही है। मोदी सरकार ने पिछले आठ साल में 9000 डॉलर इसमें फंड को क्यों दिए जो सोरोस को फंड कर रहा है।

उन्होंने कहा, जॉर्ज सोरोस का 1999 में हिंदुस्तान आना हुआ। उस समय अटल बिहारी वाजपेयी जी देश के प्रधानमंत्री थे, तब वे स्कॉलरशिप और फ़ेलोशिप जैसी चीजें दिया करते थे फिर 2014 से जॉर्ज सोरोस ने ग्रांट प्रोग्राम शुरू किया। उसकी कंपनी कैपिटल फ्लोट के फाउडर गौरव हिंदुजा और शशांक ऋष्यशृंगा ने करीब 30 करोड़ डॉलर की फंडिंग 40 हजार छोटे उद्योगों, किसानों और स्टार्टअप में की है। गौरव हिंदुजा और शशांक ऋष्यशृंगा श्री मोदी के साथ मंच साझा करते रहते हैं और ये दोनों सोरोस के पैसे से पोषित फंड चलाते हैं। सवाल है कि यदि सोरोस देश विरोधी काम कर रहा है तो श्री मोदी उसके साथ मंच साझा क्यों कर रहे हैं। भाजपा कोषाध्यक्ष और पश्चिम बंगाल के गवर्नर रहे वीरेन शाह की पोती प्रिया शाह शशांक ऋष्यशृंगा के साथ ब्याही है और उनके विवाह में लाल कृष्ण आडवाणी और देवेंद्र फडणवीस जैसे भाजपा के शीर्ष नेता शामिल हुए थे। शशांक ही सोरोस द्वारा पोषित एक फंड कैपिटल फ्लोट चलाते हैं।

सुश्री श्रीनेत ने कहा कि जब सोरोस देश विरोधी गतिविधियां कर रहा है तो उसका धंधा-पानी हिंदुस्तान में क्यों चल रहा है और सरकार ने उसके प्रत्यर्पण के लिए अब तक चिट्ठी क्यों नहीं लिखी। सोरोस से पोषित फंड चलाने वाले लोगों से भाजपा की साठ-गांठ क्यों है और ऐसे लोगों से भाजपा नेताओं के परिवार के लोगों का विवाह क्यों हो रहा है।

## देश को अस्थिर करने वाली ताकतों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती सरकार: कार्ति चिदंबरम

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के लोक सभा सदस्य कार्ति चिदंबरम ने मंगलवार को सरकार को संसद की कार्यवाही बाधित करने की बचकानी हरकतें बंद करने की ताकीद करते हुये उसे देश को अस्थिर करने वाली ताकतों के खिलाफ कार्रवाई करने की चुनौती दी। कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के विवादास्पद अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस के साथ कथित संबंध के मुद्दे पर संसद में हंगामे के बारे में श्री चिदंबरम ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ल्ल यदि सरकार को लगता है कि कोई शख्स भारत को अस्थिर कर रहा है तो वह उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती। उन्होंने कहा कि सरकार को भारत में अमेरिका के राजदूत को बुलाकर कहना चाहिये कि उनके देश का एक नागरिक भारत को अस्थिर कर रहा है। उन्होंने कहा, ल्ल भाजपा के प्रवक्ता तक ने कहा है कि अमेरिका का विदेश विभाग भी ऐसी गतिविधियों से जुड़ा है जो भारत के हितों के विरुद्ध हैं। उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति को यह सब बताना चाहिये। सरकार को एक उच्च स्तरीय दल अमेरिका भेजकर वहां की सरकार से कहना चाहिये कि एक अमेरिकी नागरिक भारत को अस्थिर कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की गठबंधन सरकार इस मामले में पड़ना नहीं चाहती और संसद की कार्यवाही स्थगित कराने जैसी बचकानी हरकतें कर रही है।

## अडानी मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपना रही कांग्रेस : रामाराव

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मंत्री केटी रामाराव ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अडानी मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपना रही है। श्री रामाराव ने इस मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से अडानी मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के दोहरे मापदंड अपनाये जाने पर सवाल पूछे। बीआरएस विधायकों को टी-शर्ट पहनकर विधानसभा में प्रवेश करने से रोके जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल किया कि जब कांग्रेस के सांसदों को इसी तरह की टी-शर्ट पहनकर संसद में प्रवेश करने की अनुमति दी गयी तो बीआरएस विधायकों को क्यों रोका जा रहा है।श्री रामाराव ने कहा, यह किस तरह का पाखंड है। अगर संसद में अडानी-मोदी की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनना आपके (राहुल) लिए सही है, तो हमें आपके नक्शेकदम पर चलने और तेलंगाना विधानसभा में अडानी-रेवंत मामले को उजागर करने की अनुमति क्यों नहीं है।

## जनता के मुद्दों पर सरकार संसद में नहीं चाहती चर्चा : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संसद में जनता के मुद्दों को उठाने से परहेज करती है,इसलिए भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं होती। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आज यहां कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि जनता से जुड़े मुद्दे सदन में उठाई जाए। सरकार जनता के सवालों से भागना चाहती है,इसलिए संसद में किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं कराना चाहती। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार नहीं चाहती कि संसद में मोडानी महाघोटाला, गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मणिपुर में अशांति पर चर्चा हो। अडानी के भ्रष्टाचार की वजह से जनता को बड़े-बड़े बिल चुकाने पड़ रहे हैं। चर्चा और सवालों से भागने के लिए भाजपा सरकार ऐसे झूठ का सहारा ले रही है जिसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खंडन हो रहा है। संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा से इतना डर क्यों। भाजपा क्यों नहीं चाहती कि जनता के मुद्दों पर सदन में चर्चा हो।

# पेज एक का शेष

### इंडिया गठबंधन का...

से जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने का जो नोटिस विपक्षी दलों ने दिया है, उस पर आगे की कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 67 की व्याख्या पर काफी हद तक निर्भर करती क्योंकि देश के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार है कि राज्यसभा के सभापति के खिलाफ यह कदम उठाया गया है। संवैधानिक विशेषज्ञों का कहना है कि इस नोटिस पर विचार किया जाए या नहीं, इसमें सरकार की भी प्रमुख भूमिका हो सकती है। संविधान के अनुच्छेद 67 में उपराष्ट्रपति की नियुक्ति और उन्हें पद से हटाने से जुड़े तमाम प्रावधान किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 67(बी) में कहा गया है, ल्लउपराष्ट्रपति को राज्यसभा के एक प्रस्ताव, जो सभी सदस्यों के बहुमत से पारित किया गया हो और लोकसभा द्वारा सहमति दी गई हो, के जरिये उनके पद से हटाया जा सकता है। लेकिन कोई प्रस्ताव तब तक पेश नहीं किया जाएगा, जब तक कम से कम 14 दिनों का नोटिस नहीं दिया गया हो, जिसमें यह बताया गया हो ऐसा प्रस्ताव लाने का इरादा है। लोकसभा के पूर्व संयुक्त सचिव (विधायी कार्य) रवींद्र गैरीमला ने कहा, ''यह अपने आप में पहला मामला है कि उप राष्ट्रपति के खिलाफ नोटिस दिया गया है। नोटिस दिए जाने के 14 दिनों बाद इसे विचार करने के लिए स्वीकार किए जाने का फैसला 67बी की व्याख्या पर निर्भर करता है। ऐसे में सरकार की भूमिका भी अहम हो जाती है।' उनका कहना था कि अब यह देखना होगा कि शीतकालीन सत्र में करीब 10 दिन का समय बचा है, ऐसे में क्या इस नोटिस को अगले सत्र (बजट सत्र) के दौरान विचार के लिए लिया जाता है या नहीं। गैरीमला ने कहा, ''संभव है कि इसे इस आधार पर खारिज कर दिया जाए कि इस सत्र में 14 दिन का समय नहीं बचा है। वैसे यह देखना होगा कि इस पर आगे क्या होता है क्योंकि यह अपनी तरह का पहला मामला है।'' सदन में यदि इस प्रस्ताव को लाने की अनुमति मिलती है तो विपक्षी दलों को इसे पारित कराने के लिए साधारण बहुमत की जरूरत होगी, लेकिन फिलहाल उनके पास संख्या बल नहीं है। वर्तमान समय में राज्यसभा में कुल 243 सदस्य हैं और इसमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास बहुमत है। विपक्ष ने इस बात पर जोर दिया है कि उसके इस कदम के पीछे संसदीय लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ने का एक मजबूत संदेश है। राज्यसभा में पहली बार किसी सभापति के खिलाफ इस तरह का नोटिस दिया गया है।

### रिजिजू ने धनखड़...

देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर काम करने के लिए कंग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। श्री रिजिजू ने कहा कि विपक्ष लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों सदनों में आसन का अपमान कर रहा है। विपक्षी सदस्यों ने कुछ दिन पहले भी आसन पर सवाल उठाया है। आसन दोनों सदनों में सदस्यों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। सभी सदस्यों को आसन की बात का पालन करना होता है और यदि इसका पालन नहीं होता तो सदन ठीक से नहीं चल पाता। कांग्रेस और उनके साथियों ने लगातार आसन का अपमान किया है और आसन के निर्देश को नहीं मानते हुए सदन में व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसकी आलोचना करती है।

### कोविड एक अभूतपूर्व ...

शीर्ष अदालत ने कोविड टीकाकरण के पहलू पर समग्र रूप से विचार किया है और एईएफआई के पहलू से निपटने का फैसला दिया है। उन्होंने कहा, आखिरकार, यह संतुलन साधने का सवाल है। कोविड एक ऐसी आपदा थी, जैसी पहले कभी नहीं हुई। कोविड टीकाकरण ने महामारी के दौरान लोगों की जान बचाई है और हमारे पास एक मजबूत नियामक तंत्र है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि ये सभी गैरजरूरी मुकदमे हैं। गोंजाल्विस ने कहा कि दोनों याचिकाकर्ताओं ने टीकाकरण के बाद अपनी बेटियों को खो दिया था। पीठ ने टिप्पणी की, इस अदालत ने इस पर (याचिका पर) विचार किया है, हमें इस पर निर्णय करना होगा। भाटी ने कहा कि न्यायालय ने अगस्त 2022 में याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था और सरकार का जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड में है। गोंजाल्विस ने हालांकि कहा कि यह एक व्यापक मुद्दा है, जो उपचारों के खुलासे के बिना टीके से होने वाली नुकसान से संबंधित है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने राहत खंड में संशोधन की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें सरकार द्वारा संभावित प्रतिकूल प्रभावों और उसके उपचार को निर्दिष्ट करना शामिल था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने तर्क दिया कि 2021 में यूरोपीय देशों में कोविशील्ड टीके को बंद कर दिया गया था क्योंकि यह खतरनाक था। पीठ ने उनसे तीन दिन के भीतर आवेदन की एक प्रति केंद्र के वकील को उपलब्ध कराने को कहा और भाटी से कहा, हम आपको आवेदन का जवाब देने के लिए समय दे रहे हैं, उसके बाद हम पूरे मामले पर विचार करेंगे। केंद्र को चार सप्ताह के भीतर आवेदन पर जवाब देने का निर्देश दिया गया, जिसके बाद मामले की सुनवाई की जाएगी।

### अब चुनिंदा डाक्टर...

स्वास्थ्य की जांच करेंगे और उसकी रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। उसके बाद ही लाइसेंस जारी हो पाएगा।

इस नई व्यवस्था से अब लाइसेंस नवीनीकरण कराने वाले लोगों को स्वास्थ्य विभाग के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। यूं भी कहा जा सकता है कि आरटीओ के दलाल स्वास्थ्य विभाग में भी सेंधमारी की कोशिश कर सकते हैं। दलालों को सीएमओ की ओर से चिन्हित डॉक्टरों के आसपास भी घूमते पाया जा सकता है। इस नई व्यवस्था के तहत करीब 12 डॉक्टरों का पैनल होगा। हालांकि इस संख्या कम भी हो सकती है। सीएमओ की ओर से जब इन डॉक्टरों निर्धारण हो जाएगा तो ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। साथ ही आवेदकों की जानकारी के लिए डॉक्टर किस अस्पताल में कहां बैठते हैं, इसकी भी डिटेल जारी की जाएगी। जिससे कि आवेदकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रदीप कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन, लखनऊ ने कहा कि ऑनलाइन व्यवस्थाओं को फूलप्रूफ करने की दिशा में यह कदम अहम है। डॉक्टरों को सारथी पोर्टल की एक लॉग इन आईडी और पासवर्ड दिया जाएगा। डॉक्टरों की लिस्ट जारी होने के बाद इसको अनिवार्य कर दिया जाएगा।

### कंपनियों के...

की हानियां 39.42 फीसदी से 49.22 फीसदी तक बताया है। वहीं भारत सरकार से अनुमानित हानियां केवल 18.49 फीसदी से 18.97 फीसदी है। हानियां बढ़ाकर दिखाना उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा दक्षिणांचल व पूर्वांचल को पीपीपी मॉडल पर निजी क्षेत्र को दिए जाने के लिए एनर्जी टास्क फोर्स से जो मसौदा पास कराया गया है, वह उद्योगपतियों को अधिक लाभ पहुंचाने वाला है। आने वाले समय में निजी घराने टेंडर पाते ही हर साल बिना कुछ किए ही हजारों करोड़ रुपये कमाएंगे। उन्होंने कहा है कि इस फैसले से ऊर्जा विभाग और उपभोक्ताओं को कोई फायदा नहीं होने वाला है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा है भारत सरकार का नियम स्पष्ट करता है कि किसी भी कंपनी की जो कुल परसंपत्तियां होंगी उसको लेने के लिए संबंधित कंपनी की नेटवर्थ 30 प्रतिशत होना चाहिए। इस आधार पर 80000 करोड़ वाली दोनों बिजली कंपनियों के कार्यक्षेत्र को पांच बिजली कंपनियों में बांटते हुए लेने के लिए कंपनियों की कुल नेटवर्क करीब 24000 करोड़ रुपये होनी चाहिए। पांच नई बिजली कंपनियों के लिए नेटवर्थ निकाला जाए तो करीब 4800 करोड़ रुपये से अधिक होगी और जो रिजर्व बीडिंग प्राइस रखा गया है, वह केवल 2000 करोड़ है। यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

### महाकुम्भ 2025...

बड़ा रिकॉर्ड होगा। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की काउंटिंग और ट्रैकिंग के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं को ट्रैक करने के लिए मेला क्षेत्र के अंदर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि शहर के अंदर 268 स्थानों पर 1107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यही नहीं, 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आईसीसीसी एवं पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के अतिरिक्त अरैल एवं झूंसी क्षेत्र में भी व्यूइंग सेंटर्स बनाए गए हैं, जहां से श्रद्धालुओं की मॉनीटरिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हेडकाउंट बड़ी चुनौती है, लेकिन इसमें एआई का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण होगा। एआई का उपयोग करते हुए क्राउड डेंसिटी अलगोरिदम से लोगों के काउंटिंग का भी प्रयास किया जा रहा है। एआई आधारित क्राउड मैनेजमेंट रियल टाइम अलर्ट जनरेट करेगा, जिसके माध्यम से संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की काउंटिंग एवं ट्रैकिंग करना आसान होगा। मेला क्षेत्र में स्थापित आईसीसीसी में हेडकाउंट मॉडलिंग का कार्य देख रहे टेक्निकल स्टाफ के अनुसार हेडकाउंट में एक श्रद्धालु की बार-बार गिनती न हो, इसके लिए टर्नअराउंड साइकिल महत्वपूर्ण होता है। इसको ट्रैक करने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। घाट क्षेत्र में एक तीर्थयात्री द्वारा औसतन लिया गया समय टर्नअराउंड साइकिल माना गया है। इसके तहत कोचरन्स फॉर्मूला के आधार पर सैंपल की संख्या निकाली जाती है। नॉन पीक दिनों में अनुमानित जनसंख्या 20 लाख और पीक दिनों में 10 करोड़ लेते हुए सैंपल काउंट किया जाता है। टर्नअराउंड समय निर्धारित 3 विधियों के माध्यम से प्राप्त सैंपल्स का औसत आंकड़ा होगा। इसमें पहला एट्रिब्यूट आधारित खोज होगा, जिसके तहत पर्सन एट्रिब्यूट सर्च कैमरों के आधार पर ट्रैकिंग की जाएगी। दूसरा आरएफआईडी रिस्ट बैंड पर आधारित होगा,जिसमें प्रमुख स्नान के साथ-साथ महाकुम्भ में प्रत्येक दिन आने वाले श्रद्धालुओं को रिस्ट बैंड प्रदान किए जाएंगे। आरएफआईडी रीडर के माध्यम से रिस्ट बैंड को ट्रैक किया जाएगा, जिससे पता चलेगा कि तीर्थयात्री ने मेला क्षेत्र में कितना समय बिताया, कितनी देर वह अंदर रहा और कितनी देर बाहर रहा। तीसरी विधि मोबाइल एप के द्वारा ट्रैकिंग होगी, जिसमें तीर्थयात्रियों की सहमति पर मोबाइल एप के जीपीएस लोकेशन के जरिए लोकेशन ट्रैकिंग की जा सकेगी। इन सभी विधियों के माध्यम से हेडकाउंट की टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के हेडकाउंट के लिए एआई कैमरों का वृहद स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। यह कैमरे हर मिनट डाटा को अपडेट करेंगे। पूरा फोकस घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं पर होगा। यह सिस्टम सुबह तीन बजे से शाम सात बजे तक पूरी तरह एक्टिव रहेगा, क्योंकि स्नान का प्रमुख समय यही माना गया है। इससे पहले माघ मेला के दौरान भी इन विधियों का उपयोग किया गया था। इसके माध्यम से हेडकाउंट का 95 प्रतिशत तक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है।

### मोबाइल फोन के ...

हो गया। इंसेफ़ेलाइटिस नियंत्रण की सफलता कठिन चुनौतियों का सामना करने से लेकर टीम भावना से परिणाम प्राप्त करने की यात्रा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाज सुधारक और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए योगी ने कहा कि आज ही के दिन दस वर्ष पूर्व उन्हें दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। कैलाश सत्यार्थी का जीवन प्रत्येक क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरक है, खासकर उन युवाओं के लिए जो किन्हीं कारणों से असमंजस की स्थिति में रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपने संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए 92 वर्षों से निरंतर प्रतिबद्ध के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था और नागरिकों के मन में असमंजस की स्थिति थीए तब युवाओं में देश हित और स्वाभिमान की भावना को जगाने के लिए 1932 में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। देश और स्वाभिमान की प्रेरणा के प्रतीक महाराणा प्रताप के त्याग और बलिदान को केंद्र में रखकर राष्ट्रवादी शिक्षा का कार्य प्रारंभ किया। आज यह परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रवादी शिक्षा की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाते हुए सेवारत है। सस्थापक सप्ताह के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की उत्कृष्ट संस्थाओं, शिक्षकोंए कर्मचारियोंए विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंच से 200 पुरस्कार वितरित किए गए। करीब 800 पुरस्कार संस्थाओं के माध्यम से वितरित किए जाएंगे।

# श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में मिलेगी 25% छूट : धामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में कहा कि केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में किराये पर 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शीतकालीन यात्रा स्थलों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस यात्रा के लिए विभिन्न माध्यमों से विभिन्न राज्यों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने में भी गेम चेंजर साबित होगी। पंच बद्री और पंच केदार के साथ ही शीतकालीन यात्रा प्रवास के आस-पास के प्रमुख स्थलों को विकसित करने के भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने संबधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि इस बार चारधाम यात्रा में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उनका उचित समाधान कैसे किया जा सकता है, इस पर एक सप्ताह में शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्गों पर प्रमुख आबादी वाले क्षेत्रों और होटलों के आस-पास सुव्यवस्थित पार्किंग बनाई जाय। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य के मान और सम्मान से जुड़ी यात्रा है। यात्रा को सुविधायुक्त बनाना और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना हम सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है।

श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। चारों धामों में जुटाई गई अवस्थापना विकास की सुविधाओं के दृष्टिगत कैरिंग कैपिसिटी बढ़ाने की दिशा में कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि चारधामों के आस-पास के प्रमुख पौराणिक स्थलों को विकसित किया जाए और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। चारधाम यात्रा मार्गों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। यमुनोत्री के दर्शन के लिए वैकल्पिक मार्ग पर भी कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए स्टेक होल्डरों के साथ शासन स्तर पर बैठक की जाए। स्टेक होल्डरों से सुझाव लेकर यात्रा प्रबंधन के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह किया जाए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में होने वाले आगामी अर्द्धकुंभ के लिए अभी से तैयारियां शुरू की जाए। यह बड़ा आयोजन होता है, इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए अभी से हर क्षेत्र में कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि गंगा कोरिडोर और शारदा कोरिडोर पर भी तेजी से कार्य किये जाएं। श्री धामी ने कहा कि मां पूर्णागिरी और कैंची धाम में दर्शनार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत वैकल्पिक मार्गों की दिशा में कार्य किया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य किये जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी नंदादेवी राजजात यात्रा के दृष्टिगत भी तैयारियां शुरू की जाए। प्रयागराज कुंभ के लिए राज्य से परिवहन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश भी उन्होंने परिवहन विभाग को दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में आने वाले आगन्तुकों और महानुभावों को सम्मान और उपहार में उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पाद ही प्रदान किये जाएं। इससे वोकल फॉर लोकल को भी बढ़ावा मिलेगा और हमारे स्थानीय उत्पादों को व्यापक स्तर पर अलग पहचान मिलेगी। बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज पाण्डेय, बृजेश कुमार संत, एचसी सेमवाल, विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन, उपाध्यक्ष, एमडीडीए, बंशीधर तिवारी एवं वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

# शौचालय के लाभार्थी व प्रधान सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मुख्य मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने विकास भवन देहरादून में 5 व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों तथा 3 निर्वतमान ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम परियोजना प्रबन्धक स्वजल द्वारा अवगत कराया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सुरक्षित / स्वच्छ शौचालयों के उपयोग, स्वच्छता की प्रांसगिकता एवं उन तक पहुंच बनाने में जन-जागरूकता के उद्देश्य से विश्व शौचालय दिवस 2024 इस वर्ष दिनांक 19 नवम्बर 2024 से 'मानवाधिकार दिवस' 10 दिसम्बर 2024 तक अभियान के रूप में संचालित किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालयों तक पहुंच, उपयोग और स्थिरता बढाने के लिये व्यक्तिगत शौचालयों और सामुदायिक शौचालयों को सौन्दर्यकृत पेन्टिंग के माध्यम से आर्कषक बनाये जाने के लिये प्रोत्साहित करना था। परियोजना प्रबन्धक स्वजल द्वारा अवगत कराया गया कि इस अभियान के तहत रंग-रोगन एवं पेन्टिंग की गयी सर्वश्रेष्ठ 05 व्यक्तिगत शौचालयों के लाभार्थियों तथा 03 सामुदायिक शौचालय वाली ग्राम पंचायतों को मुख्य विकास अधिकरी महोदय, द्वारा सम्मानित किया गया है। स्वच्छ सुन्दर सामुदायिक शौचालय की श्रेणी में ग्राम पचांयत गांगरों विकासखण्ड कालसी के निर्वतमान ग्राम प्रधान श्री सिकन्दर सिहं, ग्राम पचांयत रावना विकासखण्ड चकराता के निर्वतमान ग्राम प्रधान बोबी चौहान एवं ग्राम पचायंत बडोवाला विकासखण्ड सहसपुर के निर्वतमान ग्राम प्रधान सुमित कुमार बर्मा को सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत स्वच्छ एवं सुन्दर शौचालय की श्रेणी में विकासखण्ड चकराता की ग्राम पचांयत मेन्द्रथ से श्रीमती अंकिता ग्राम पचांयत रावना चकराता से श्री आनन्द सिहं एवं विरेन्द्र सिह विकासखण्ड रायपुर की ग्राम पचांयत पाववाला सोडा से विजेन्द्र सिह एंव रंजीत सिहं को मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## घोड़ाखाल सैनिक स्कूल के विद्यार्थी पहुंचे देहरादून, मुख्यमंत्री से की भेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को उनके आवास में सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल (नैनीताल) से शैक्षिक भ्रमण के लिए आये विद्यार्थियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में हमारे युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि जिस भी क्षेत्र में कार्य करें पूरा मन लगाकर करें। जीवन में समय का सबसे अधिक महत्व होता है, इसलिए समय का सदुपयोग करना जरूरी है। श्री धामी ने कहा कि इस तरह की शैक्षिक यात्राएं छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती हैं और उन्हें नये अनुभव मिलते हैं। विद्यार्थियों ने कहा कि वे दो दिन के शैक्षिक भ्रमण के लिए यहां आये है। मुख्यमंत्री आवास के बाद वे आईएमए भी जायेंगे।

## किसान हित के लिए संवेदनशील रहें : डीएम

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को जिले के किसानों के हित में अधिक संभावनाशील क्षेत्रों में कारगर ढंग से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा है कि एफपीओ को कृषि एवं बागवानी उत्पादों के विपणन के लिए साथ ही कोल्ड स्टोरेज एवं मंडी के संचालन जैसी पहल करने की दिशा में भी आगे बढना चाहिए। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) तथा राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफ़ेड) के द्वारा समर्थित जिले के कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के कार्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि एफपीओ के माध्यम से यह सुनिश्चित हो कि किसानों को न्यूतम कीमतों पर खाद, बीज, रसायन और अन्य कृषि निवेशों की सुविधा मिले और उनके उत्पादों का अधिकाधिक मूल्य प्राप्त हो।

## भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी दिल्ली विस की

**नयी दिल्ली।** भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ने दिल्ली की सभी विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने का एलान किया है और 15 सीटों के उम्मीदवार घोषित किये हैं । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जोगिंन्द्र सिंह भदौरिया ने मंगलवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने मंगलवार को 15 उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी है। श्री भदौरिया ने बताया कि दिल्ली में उनकी पार्टी हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी प्रस्तुत करेगी जो लोगों के बीच काम करते हैं और उन्हें अच्छा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं अधिवक्ता ए पी सिंह , राष्ट्रीय प्रवक्ता आई ए हाशमी और राष्ट्रीय सचिव शिवनंदन सिंह ने पार्टी की दिल्ली कार्यकारिणी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ विशाल शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा चौधरी और रिंकू सान्याल और सचिव याकूब खान तथा कुछ अन्य स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में उम्मीदवारों की पहली सूची तय की। इसमें जतिन कुमार (आदर्श नगर) अभिलाष सिंह ( रिठाला ), राजवीर माथुर ( बुरारी ), बाबूलाल बैरवा (सुल्तानपुर मोजरा), रीना वर्मा ( रोहिणी), आई ए हाशमी (मटिया महल), रामकुमार ( मोती नगर), सचिन चौहान (दिल्ली कैंट), अमर बहादुर सिंह (संगम विहार ), रिंकू सान्याल ( ग्रेटर कैलाश ), इमाम अली ( शाहदरा) , आशा चौधरी ( सीमापुरी मानसरोवर) , मोहम्मद याकूब (सीलमपुर ), जाहिद खान ( मुस्तफाबाद ) और योगेन्द्र चौधरी ( करावल नगर) शामिल हैं।

## कांग्रेस, आप किसानों के नाम पर राजनीति कर रहे : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी किसानों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा प्रत्याशी रेखा शर्मा के विधानसभा में राज्य सभा उपचुनाव दाखिल करने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में श्री सैनी ने कहा कि किसानों के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिये।

# सिसोदिया ने हार के डर से बदली सीट : कांग्रेस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने आम आदमी पार्टी पर दिल्ली को बदहाल करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आप नेता मनीष सिसोदिया ने हार के डर से अपनी सीट बदलकर जंगपुरा से चुनाव लड़ने की घोषणा की, लेकिन उन्हें यहाँ भी हार का मुँह देखना पड़ेगा।

दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर एवं कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता फरहाद सूरी ने मंगलवार को कहा कि मनीष सिसोदिया ने पड़पड़गंज की जनता से दस साल तक झूठे वादे करके इलाके को बदहाली के कगार पर ला दिया। उन्हें लगा कि सीट बदलने से लोग उन्हें भूल जाएँगे, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। जंगपुरा के मौजूदा विधायक ने भी इलाक़े में कोई काम नहीं किया। जंगपुरा विधानसभा की सड़के खस्ताहाल है और जगह-जगह सीवर के गंदे पानी सड़क पर बह रहे हैं।

श्री सूरी ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व अपनी सीट छोड़कर भाग रहे हैं और अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। सीट बदलने से अपनी नाकामियों और नकारेपन को छुपा नहीं सकते है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता हर दिन सुबह उठकर बोलना शुरू करते हैं और पूरे दिन उस झूठ को अलग अलग नेता फैलाते हैं लेकिन दिल्ली की जनता सब कुछ समझती है। लोग उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। उल्लेखनीय है कि कंाग्रेस की तऱफ से जंगपुरा विधानसभा सीट पर फरहाद सूरी टिकट के सबसे प्रबल दावेदार हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी की तऱफ से पूर्व विधायक तरविंदर मारवाह टिकट के दावेदारों में सबसे आगे हैं।

# अग्नवीर भर्ती परीक्षा की तैयारियों में जुटा पुलिस प्रशासन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने व्यवस्थाओं को परखा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार,। अग्निवीर भर्ती को लेकर रूड़की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने रोडवेज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रोडवेज के बाहर से अतिक्रमण हटाने की बात कही इसके साथ ही रोडवेज के बाहर निजी बसों के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

रुड़की में ग्यारह दिसंबर से अग्निवीर भर्ती प्रकिया शुरू हो रही है। इस भर्ती में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों अभ्यर्थियों के आने की संभावना है। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो उसके लिए प्रशासन और पुलिस की अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। अभ्यर्थियों की ठहरने की व्यवस्था से लेकर उनके आने जाने की व्यवस्थाएं विशेष रूप से की गई है। वहीं रूट को भी डायवर्ट किया गया है। इसी कड़ी में ज्वाइंट मस्जिट्रेट आशीष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों ने रोड़वेज का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य द्वार पर टूटे स्लैब को ठीक करने के निर्देश नगर निगम को दिए। इसके साथ ही रोडवेज के बाहर से अतिक्रमण हटाने की बात कही और निजी बसों के स्टॉप और संचालन को रोकने के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए व्यवस्थाएं जांची रहा है। निरीक्षण से पूर्व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में ज्वाइंट मस्जिट्रेट आशीष मिश्रा ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर दुर्घटनाएं रोकने को ठोस कदम उठाने की बात कही, विभिन्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर और अंधेरी सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें लगाने की बात कही।



# काबुल हाउस पार्किंग प्रोजेक्ट से बढ़ेगी शहर की सुंदरता और सुगमता, जाम से मिलेगा निजात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने एक अहम कदम उठाया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में काबुल हाउस पार्किंग प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। करीब 99.35 लाख रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में 285 छोटे वाहनों की पार्किंग क्षमता होगी, जिससे शहर की बड़ी पार्किंग समस्या का समाधान होगा।

जिलाधिकारी ने इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देते हुए इसके काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों के साथ खुद फील्ड विजिट कर स्थलों का निरीक्षण किया और सुधारात्मक कार्यों की संभावनाओं का आकलन किया। पार्किंग निर्माण के साथ ही शहर में अन्य स्थानों पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने की प्रक्रिया भी जारी है।



काबुल हाउस पार्किंग प्रोजेक्ट की लागत 99.35 लाख रुपये है, जिसमें 285 छोटे वाहनों की पार्किंग की सुविधा होगी। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जिलाधिकारी स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

देहरादून में लंबे समय से जाम और पार्किंग की समस्या शहरवासियों के लिए चुनौती बनी हुई है। काबुल हाउस पार्किंग प्रोजेक्ट के साथ प्रशासन ने अपने प्रयासों को एक नई दिशा दी है। नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी सदर और अन्य विभागीय अधिकारियों की टीम इस प्रोजेक्ट पर निगरानी रख रही है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि शहरवासियों को जाम और पार्किंग की समस्या से राहत देने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# विजय दिवस को लेकर तैयारियां तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उत्तरकाशी। आगामी 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाए जाने हेतु जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विजय दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित शहीद पार्क ज्ञानसू में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित मुख्य समारोह में भारत-पाक युद्ध में शहीद गार्डसमैन सुंदर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ ही गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद भारतऽपाक युद्ध के जांबाज योद्धाओं के अप्रतिम शौर्य व अद्धितीय बलिदान को याद किया जाएगा। इस मौके पर भारत-पाक युद्ध में शहीद गार्डसमैन सुंदर सिंह की धर्मपत्नी को सम्मानित किया जाएगा। विजय दिवस के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार 16 दिसंबर को विजय दिवस पर इस बार जिले भर में शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन कर इन आयोजनों में आम लोगों के साथ ही पूर्व सैनिकों एवं जन-प्रतिनिधियां की भागीदारी भी सुनिश्चित किए जाने का निश्चय किया गया है। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार विजय दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी करते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (अ.प्रा.) जयेश बडोला ने बताया है कि विजय दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में देशभक्ति गीत, नाटक, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित करने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# गंगा पर झूठी राजनीति, कांग्रेस के आरोप बेबुनियाद! उत्तराखंड सरकार का करारा जवाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देहरादून। उत्तराखण्ड सरकार ने गंगा नदी की स्वच्छता को लेकर कंाग्रेस द्वारा लगाए गए प्रदूषण के आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। गंगोत्री क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से संबंधित कंाग्रेस के दावों को जांच रिपोर्ट्स के माध्यम से झूठा साबित करते हुए सरकार ने इसे राजनीति से प्रेरित करार दिया है। कंाग्रेस ने आरोप लगाया था कि गंगोत्री के 100 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी के जल में फ़ेकल कॉलीफॉर्म की मात्रा 540 एमपीएन पाई गई है, जो राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के मानकों से अधिक है। इसके जवाब में उत्तराखण्ड जल संस्थान ने ईसीओएन लेबोरेटरी एंड कंसल्टेंसी की रिपोर्ट पेश की, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि एसटीपी का पानी पूरी तरह से एनजीटी के मानकों के अनुरूप है। उत्तराखण्ड जल संस्थान ने इस मामले में पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अनुबंधित एजेंसियों की रिपोर्ट्स में पाए गए किसी भी तरह के अंतर की जांच कराने का भी आश्वासन दिया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य में 53 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स कार्यरत हैं, और जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उनकी नियमित निगरानी की जाती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कंाग्रेस पर गंगा के नाम पर झूठी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी राष्ट्रीय धरोहर है और इसे स्वच्छ व पवित्र बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि गंगा के नाम पर फैलाए जा रहे दुष्प्रचार पर विश्वास न करें। सरकार ने कहा कि गंगा की निर्मलता और अविरलता बनाए रखने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। ''नमामि गंगे'' परियोजना के तहत राज्य में जल शुद्धिकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। साथ ही, गंगा के किनारे बसे शहरों में उन्नत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स स्थापित किए जा रहे हैं।सरकार ने कंाग्रेस से जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि गंगा जैसे मुद्दों पर राजनीति करना अनैतिक है। राज्य सरकार ने दोहराया कि गंगा की स्वच्छता के लिए वह पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# आईएसबीटी में शुरू हुए 10-10 बेड के नि:शुल्क रैन बसेरे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

ऋषिकेश। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर नगर निगम ऋषिकेश ने आईएसबीटी क्षेत्र में 10-10 बेड के दो निःशुल्क रैन बसेरों की व्यवस्था शुरू की है। यह रैन बसेरे विशेष रूप से बढ़ती ठंड और पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी से प्रभावित यात्रियों और जरूरतमंदों के लिए राहत प्रदान करेंगे। इन रैन बसेरों में बिस्तर, हीटर, पानी, बिजली और शौचालय जैसी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। नगर निगम के मुख्य आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि रैन बसेरों की देखरेख के लिए दो केयरटेकर और एक प्रभारी कार्मिक की तैनाती की गई है। इन रैन बसेरों का संचालन 24 घंटे किया जाएगा ताकि आने-जाने वाले यात्री और स्थानीय लोग ठंड से राहत पा सकें। इसके अलावा नगर निगम ने 12 कक्षों वाले यात्री प्रतीक्षालय को भी रैन बसेरे के रूप में उपयोग में लाने की योजना बनाई है, जहां आवश्यकता के अनुसार बिस्तर, हीटर और अन्य सुविधाएं



उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य आयुक्त ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी और ठंड से बचने के लिए नगर निगम की ओर से शहर में अलाव जलाए जा रहे हैं। कंबल वितरण की तैयारी भी की जा रही है ताकि ठंड से प्रभावित जरूरतमंदों की मदद की जा सके। नगर निगम ने स्थानीय लोगों और यात्रियों से अपील की है कि वे जरूरतमंद लोगों को इन रैन बसेरों की सुविधाओं के बारे में सूचित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।    फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333    e-mail : info@kanwhizztimes.com    RNI NO - UPHIN/2012/42063